শৰ্মা হাৰ্ডৱেৰ
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in

हिंदी दैनिक

गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

# विकसित भारत समाचार

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

वर्ष : 10 | अंक : 213 | गुवाहाटी | शनिवार, 2 मार्च, 2024 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 8 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

कानून हाथ में लेने की किसी को छूट नहीं : डीजीपी पेज 3
महादेव ऐप मामले में हवाला कारोबारी की 580 करोड़ की संपत्ति जब्त पेज 4
हरियाणा सरकार ने बॉर्डर को जंग का मैदान और जेल बना दिया : चढूनी पेज 5
धर्मशाला में खेलों से मिल रहा पर्यटन को बढ़ावा: अरुण धूमल पेज 11

## सीएम ने बराक घाटी को सिलचर कैंसर केंद्र भेंट किया

### दो हजार करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास भी किया




**सिलचर।** मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार सिलचर की बराक घाटी में एक उन्नत कैंसर देखभाल केंद्र का उद्घाटन करते हुए कहा कि असम कैंसर के इलाज के लिए उन्नत प्रोटॉन तकनीक शुरू करने वाला पहला पूर्वोत्तर राज्य होगा। शर्मा ने कहा कि वे एक ऐसे भविष्य का निर्माण कर रहे हैं जहां प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाई) और मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना (सीएमजेएवाई) के तहत कैंसर का इलाज 100 फीसदी बीमा-आधारित होगा। उन्होंने कहा कि अस्पतालों द्वारा मुफ्त इलाज देने के बजाय हम चाहते हैं कि वे इन योजनाओं के तहत प्रति वर्ष 5 लाख रुपए का उपयोग करें। शर्मा ने कहा कि असम सरकार टाटा ट्रस्ट के साथ मिलकर कैंसर के इलाज के लिए एक ग्रिड बना रही है, जिसका केंद्र गुवाहाटी है। असम को एक विकसित राज्य बनाने में मेरी सबसे महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं में से एक राज्य भर में हमारे लोगों का स्वास्थ्य और कल्याण सुनिश्चित करना है। इस दिशा में आज मैंने सिलचर कैंसर सेंटर को समर्पित किया और करीमगंज मेडिकल -शेष पृष्ठ दो पर

## सीएए : नौ को 12 घंटे भूख हड़ताल की चेतावनी




**गुवाहाटी।** असम में नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के खिलाफ ऑल असम स्टूडेंट्स यूनियन (आसू) सहित 30 से अधिक समूहों ने प्रदर्शन करने का फैसला लिया है। आसू के अध्यक्ष उत्पल शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राज्य यात्रा के दौरान नौ मार्च को सभी जिलों में 12 घंटे की भूख हड़ताल सहित आंदोलन किया जाएगा। उत्पल शर्मा ने कहा कि सीएए के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में कई मामले चल रहे हैं, ऐसे में नियम बनाने और सीएए लागू करने की घोषणा लोगों के साथ गंभीर अन्याय है। उन्होंने कहा कि असम की जनता ने कभी सीएए को स्वीकार नहीं किया है और वे इसे लागू करने के किसी भी कदम का विरोध करेंगे। हम कानूनी लड़ाई के साथ केंद्र के फैसले के विरुद्ध लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण आंदोलन जारी रखेंगे। शर्मा ने कहा कि सीएए के खिलाफ आंदोलन की शुरुआत चार मार्च को होगी और हर जिला मुख्यालय में मोटरसाइकिल रैली निकाली जाएंगी। उन्होंने कहा कि बाद हम इसके खिलाफ हर जिला मुख्यालय में मशाल जुलूस निकालेंगे। शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री आठ मार्च को जब असम यात्रा पर आएंगे तो आसू और 30 अन्य संगठन उन पांच युवकों की तस्वीरों के समक्ष दीपक जलाएंगे जो 2019 में सीएए विरोधी प्रदर्शनों के दौरान पुलिस की गोलीबारी में मारे गए थे। वहीं, असम में विपक्षी दलों ने सीएए को रद्द करने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से हस्तक्षेप करने की मांग की और कहा कि अगर उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो वे राज्य भर में लोकतांत्रिक जन आंदोलन करेंगे। संयुक्त विपक्षी मंच असम (यूओएफए) ने मुर्मु को राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया के माध्यम से एक ज्ञापन सौंपा। असम के मुख्यमंत्रीअसम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने दावा किया कि इस समय सीएए के -शेष पृष्ठ दो पर

## लोस चुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशियों की सूची तैयार : सीएम

**कछार ( हि.स. )।** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने कहा है कि आगामी लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशियों की सूची को अंतिम रूप दिया जा चुका है। किसी भी समय उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की जा सकती है। मुख्यमंत्री आज यहां एक कार्यक्रम में भाग लेने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज कछार जिला और बराक घाटी के लिए ऐतिहासिक दिन है, क्योंकि आज तक इतनी परियोजनाएं एक दिन में यहां नहीं शुरू हुई थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि 265 करोड़ रुपए की लागत से यहां निर्मित अत्याधुनिक कैंसर केयर हॉस्पिटल का उन्होंने उद्घाटन किया है। इसका निर्माण राज्य सरकार तथा टाटा ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में किया गया है। वहीं, मुख्यमंत्री ने आज वे करीमगंज मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल की भी आधारशिला रखी। इसके बाद लखीमपुर में कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि वह किसी भी खालिस्तानी धमकी की परवाह नहीं करते हैं। सिलचर शहर में फ्लाईओवर निर्माण से संबंधित सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि -शेष पृष्ठ दो पर

## कांग्रेस का इतिहास बनना निश्चित : मुख्यमंत्री



**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने लोकसभा चुनाव के बाद कांग्रेस के लिए अशुभ भविष्य की भविष्यवाणी करते हुए कहा है कि सबसे पुरानी पार्टी विभिन्न क्षेत्रीय दलों में विभाजित हो जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन 400 से अधिक सीटें जीतेगा। हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास बनना तय है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का इतिहास बनना निश्चित है। कांग्रेस विभिन्न क्षेत्रीय दलों में विभाजित हो जाएगी। इस चुनाव के बाद कांग्रेस की राष्ट्रीय स्थिति कम हो जाएगी क्योंकि एनडीए 400 से अधिक की जीत की ओर बढ़ रहा है... कोई विकल्प नहीं है। शर्मा ने दावा किया कि कांग्रेस कार्यकर्ता पूरी तरह से हतोत्साहित हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि कांग्रेस बिना किसी राष्ट्रीय नेतृत्व के चल रही है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता पूरी तरह से हतोत्साहित हो जायेंगे। कांग्रेस अलग हो जाएगी, कोई राष्ट्रीय नेतृत्व नहीं होगा और कांग्रेस एक राज्य क्षेत्रीय संगठन में विभाजित हो जाएगी। हिमंत विश्व शर्मा 2015 में कांग्रेस से भाजपा में चले गए। वह हाल ही में कांग्रेस का नेतृत्व करने वाले गांधी परिवार पर क्रूर -शेष पृष्ठ दो पर

door graph
Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

**सुप्रभात**

*सुख का आधार धर्म है।*
– आचार्य चाणक्य

## सरकार कॉलेजों में नामांकन में सुधार के उपायों पर कर रही है विचार : शिक्षामंत्री



**गुवाहाटी।** असम के शिक्षा मंत्री रनोज पेगू ने शुक्रवार को कहा कि राज्य सरकार कॉलेजों में कम नामांकन की समस्या से निपटने के लिए विभिन्न उपायों पर विचार कर रही है और स्पष्ट किया कि संस्थानों को एक साथ मिलाने या बंद करने की फिलहार कोई योजना नहीं है। पेगु ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि लगभग 69 कॉलेज हैं, जिनमें बहुत कम छात्र हैं और ऐसे संस्थानों को चलाना टिकाऊ नहीं है। यह कहते हुए कि समापन या एकीकरण सरकार की योजनाओं का हिस्सा नहीं है, पेगू ने कहा कि हम अन्य समाधानों के साथ आने की कोशिश कर रहे हैं। एक तरीका कॉलेजों का क्लस्टरिंग हो सकता है, जो छात्रों को एक ही क्लस्टर के कॉलेजों में पसंद के विभागों में अध्ययन करने की अनुमति देगा। उन्होंने कहा कि कई गर्ल्स कॉलेजों में नामांकन कम है और इनमें से कई के शासी निकाय पहले ही कह -शेष पृष्ठ दो पर

*लोकसभा चुनाव : चुनाव आयोग ने जारी की एडवाइजरी, कहा–*

## मर्यादा में रहकर प्रचार करें सभी दल




**नई दिल्ली।** देश में आने वाले हफ्तों में होने वाले लोकसभा चुनावों से पहले, भारत निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों और स्टार प्रचारकों से कहा है कि आदर्श आचार संहिता के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष उल्लंघन के मामले में उन्हें कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। अपनी एडवाइजरी में चुनाव आयोग ने पार्टियों, उम्मीदवारों, स्टार प्रचारकों से जाति, धर्म, भाषा के आधार पर अपील नहीं करने का आग्रह किया है। आयोग ने पार्टियों और नेताओं से कहा है कि वे बिना तथ्यात्मक आधार वाले बयान न दें और मतदाताओं को गुमराह न करें।

**प्रमुख सलाह**

- चुनाव आयोग ने पार्टियों से मर्यादा और अत्यधिक संयम बनाए रखने, चुनाव अभियान के स्तर को मुद्दा-आधारित बहस तक बढ़ाने को कहा।
- पूर्व में नोटिस प्राप्त कर चुके स्टार प्रचारकों, उम्मीदवारों को दोबारा आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।
- सोशल मीडिया पर प्रतिद्वंद्वियों की निंदा या अपमान करने वाले पोस्ट, खराब स्वाद वाले या गरिमा से नीचे के पोस्ट साझा नहीं किए जाने चाहिए।
- ऐसी बातें न कही जाएं, -शेष पृष्ठ दो पर

### न्यूज गैलरी

#### केरल में खाना खाने के बाद बिगड़ी 20 की तबीयत

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में तिरुवनंतपुरम के वरकाला में खाद्य विषाक्तता का एक संदिग्ध मामला सामने आया है, जिसमें एक रेस्तरां में खाना खाने के बाद बच्चों समेत कई लोगों को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया। पुलिस ने बताया कि गुरुवार को *स्पाइसी होटल* रेस्तरां का खाना खाने के बाद एक परिवार के नौ सदस्यों समेत -शेष पृष्ठ दो पर

#### अरुणाचल में फ्रंटियर हाईवे के लिए 6728 करोड़ रुपए मंजूर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कहा कि अरुणाचल प्रदेश में एनएच-913 (फ्रंटियर हाईवे) पर 305 किमी के आठ खंडों के निर्माण के लिए 6728.33 करोड़ रुपए के आवंटन को मंजूरी दी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि निवेश का उद्देश्य सीमावर्ती इलाकों में कनेक्टिविटी बढ़ाने के साथ ही सामाजिक-आर्थिक प्रगति को बढ़ावा देना है। केंद्रीय मंत्री ने एक्स पोस्ट में कहा कि -शेष पृष्ठ दो पर

## नगालैंड विस में म्यांमार सीमा की बाड़बंदी रद करने के खिलाफ प्रस्ताव



**कोहिमा।** नगालैंड विधानसभा में म्यांमार की सीमा पर बाड़ लगाने और पड़ोसी देश के साथ मुक्त आवागमन व्यवस्था (एफएमआर) को रद करने के केंद्र सरकार के फैसले खिलाफ शुक्रवार को प्रस्ताव पारित किया जाएगा। यह जानकारी मुख्यमंत्री नीफियो रियो ने दी। उन्होंने बताया कि इस मुद्दे पर गुरुवार को चर्चा की गई। सदन के सभी 60 सदस्यों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव को पारित करने में सहमति जताई। एफएमआर पर चर्चा की शुरुआत नागा पीपल्स फ्रंट (एनपीएफ) के विधायक कुझोलुजो नीनु ने की -शेष पृष्ठ दो पर

## ढाका में सात मंजिला इमारत में लगी आग, 45 की मौत



**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका में सात मंजिला इमारत में गुरुवार रात आग लगने से कम से कम 45 लोगों की मौत हो गई और 22 अन्य लोग घायल हो गए। बांग्लादेश के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. सामंत लाल सेन ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। आग लगने की यह घटना ढाका के बेली रोड इलाके में *ग्रीन कोजी कॉटेज* इमारत में हुई। दमकल सेवा के अधिकारियों ने बताया कि इमारत की पहली मंजिल पर स्थित लोकप्रिय रेस्तरां *कच्ची भाई* में गुरुवार रात करीब नौ बजकर 50 मिनट पर आग लग गई, जो तेजी से ऊपर की मंजिलों में भी फैल गई। इन मंजिलों पर रेस्तरां एवं कपड़े की दुकानें थीं। स्वास्थ्य मंत्री सेन ने कहा कि ढाका मेडिकल कॉलेज अस्पताल (डीएमसीएच) में 33 और *शेख हसीना नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ बर्न एंड प्लास्टिक सर्जरी* में 10 -शेष पृष्ठ दो पर

## बंगलूरू के कैफे में विस्फोट, नौ लोग घायल



**बंगलूरू।** बंगलूरू के रामेश्वरम कैफे में विस्फोट हुआ है, जिसमें नौ लोग घायल हुए हैं। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने पहले कहा था कि बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में गैस सिलिंडर विस्फोट नहीं, आईईडी ब्लास्ट हुआ है। हालांकि अब सीएम कह रहे हैं कि घटना के पीछे आईईडी ब्लास्ट हो सकता है। सीएम सिद्धारमैया ने कहा, बताया जा रहा है कि यह आईईडी ब्लास्ट है। मामले की जांच जारी है। हमें अभी इंतजार करना होगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, रामेश्वरम कैफे में किसी ने एक बैग -शेष पृष्ठ दो पर

## लोस चुनाव टीएमसी सरकार के अंत की शुरुआत का प्रतीक होंगे : पीएम



**हुगली/नई दिल्ली ( हि.स. )।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को संदेशखाली में महिलाओं पर अत्याचार को लेकर पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार पर तीखा हमला बोला और कहा कि लोकसभा चुनाव टीएमसी सरकार के अंत की शुरुआत का प्रतीक होंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने पश्चिम बंगाल के आरामबाग में भाजपा की विजय संकल्प जनसभा को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि संदेशखाली की घटनाएं शर्म की बात है, करीब दो महीने तक मुख्य आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया। संदेशखाली की बहनों के साथ टीएमसी ने जो किया उसे देखकर पूरा देश गुस्से में है। उन्होंने मतदाताओं से हर चोट का जवाब वोट से देने की अपील की। उन्होंने कहा कि टीएमसी को भरोसा है कि उसे अल्पसंख्यकों का समर्थन प्राप्त है, लेकिन मुस्लिम भी टीएमसी के गुंडा राज के खिलाफ वोट करेंगे। -शेष पृष्ठ दो पर

### संदेशखाली मामले में इंडी गठबंधन के नेताओं के आंख, कान और मुंह बंद

**कोलकाता ( हि.स. )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के आरामबाग में बड़ी जनसभा को संबोधित किया। यहां संदेशखाली हिंसा मामले को लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ विपक्षी दलों के इंडी गठबंधन पर भी तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि संदेशखाली के मुख्य आरोपित तृणमूल नेता (शेख शाहजहां) को बचाने के लिए ममता बनर्जी और पश्चिम बंगाल सरकार ने पूरी ताकत लगा दी। महिलाएं चीख-चीखकर कहती रहीं कि उनके साथ अत्याचार हुआ है लेकिन शर्मनाक बात ये है कि इंडी गठबंधन के नेता गांधीजी के तीन बंदरों की तरह आंख, कान और मुंह बंद किए रहे। मोदी ने कहा कि संदेशखाली की घटना शर्म की बात है। लगभग दो महीने तक मुख्य आरोपित गिरफ्तार नहीं किया गया। संदेशखाली की बहनों के साथ तृणमूल -शेष पृष्ठ दो पर

## जेएनयू में देर रात छात्रों के बीच हुई लड़ाई, तीन घायल



**नई दिल्ली।** दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय परिसर में दो समूहों के बीच हुई झड़प में कम से कम तीन छात्र घायल हो गए। यह घटना गुरुवार और शुक्रवार की मध्यरात्रि को स्कूल ऑफ लैंग्वेज में एक आम सभा की बैठक के दौरान हुई। जानकारी के मुताबिक पूरी रात छात्र गुटों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडों से हमला किया। मारपीट की घटना जनरल बॉडी मीटिंग के दौरान हुई है। तीन घायल छात्रों का मेडिकल भी कराया गया है। यह मारपीट पुलिस के संज्ञान में है। हालांकि, उनका कहना है कि उन्हें अब तक लिखित शिकायत नहीं मिली है। घटना के एक वीडियो में छात्रों -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# नागरिकों में कर्तव्य का बोध ही देश के समुचित विकास का आधार : भागवत



**पटना ( हि.स. )।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने शुक्रवार कहा कि नागरिकों में कर्तव्य का बोध और उन कर्तव्यों के पालन के प्रति कठोरता ही देश के समुचित विकास का आधार है। डॉ. भागवत ने स्वयंसेवकों से आग्रह किया कि वे इस दिशा में अपना उदाहरण प्रस्तुत करें। डॉ. भागवत पटना के विजय निकेतन में संघ के शताब्दी वर्ष कार्यक्रम के निमित्त आयोजित प्रांत स्तर के कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे। संघ प्रमुख ने स्वयंसेवकों से पांच तत्वों– सामाजिक समरसता, कुटुंब भाव, पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता, स्वदेशी का आग्रह और नागरिक कर्तव्य बोध का पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि देव स्थल, सार्वजनिक पानी का स्थल और श्मशान भूमि पर सबका बराबर अधिकार होता है। अपना समाज एक परिवार के समान है। यह परिवार बोध सबके मन में होना चाहिए। स्वयंसेवकों को स्वयं और अन्य लोगों को भी प्लास्टिक के प्रयोग से बचना चाहिए। डॉ. भागवत ने कहा कि पानी के दुरुपयोग और वृक्षों के सुरक्षा एवं संवर्धन पर भी ध्यान देना चाहिए। स्वयंसेवकों को स्वाभिमान और स्वदेशी भाव पर जीवन को उत्कृष्ट बनाने की योजना करनी चाहिए जिससे समाज प्रेरणा पा सके। उन्होंने कहा कि किसी देश का समुचित विकास तभी संभव हो पाता है जब उसके नागरिकों में नागरिक कर्तव्य का बोध और उन कर्तव्यों के पालन के प्रति कठोरता हो।

# टीएमसी नेता कुणाल घोष ने राज्य प्रवक्ता व महासचिव के पद से दिया इस्तीफा

**कोलकाता।** संभावित विद्रोह की अटकलों को हवा देते हुए टीएमसी नेता कुणाल घोष ने शुक्रवार को राज्य प्रवक्ता व प्रदेश महासचिव के पद से इस्तीफा दे दिया। सूत्रों के मुताबिक, उन्होंने अपने इस्तीफे की जानकारी पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व को दे दी है। इसके पहले उन्होंने अपने इंटरनेट मीडिया प्रोफाइल से अपनी तृणमूल कांग्रेस की पहचान हटा दी और नेतृत्व के एक वर्ग पर स्वार्थी रूप से गुटबाजी में शामिल होने का भी आरोप लगाया। एक्स पर अपने नए बायो में घोष ने खुद को सिर्फ एक पत्रकार और सामाजिक कार्यकर्ता बताया है और अपनी पार्टी के सभी संदर्भ हटा दिए हैं। उन्होंने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर किसी विशेष का नाम लिए बिना तृणमूल कांग्रेस नेतृत्व के एक वर्ग को दोषी ठहराते हुए एक पोस्ट भी डाला। जिसमें उन्होंने लिखा है कि ये नेता अक्षम, स्वार्थी, गुटबाजी में लिप्त हैं और अनैतिकता का सहारा ले रहे हैं। ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी के प्रति आम तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भावनाओं के कारण चुनाव जीतने के बाद वह फिर से अपना स्वार्थ साधने में लग जाएंगे। ऐसा बार-बार नहीं हो सकता। पार्टी सूत्रों ने बताया कि संभवतया घोष का निशाना उत्तर कोलकाता का एक प्रभावशाली नेता है, जिनसे उनकी काफी समय से अनबन चल रही है। उन्होंने पोस्ट में लिखा कि वह तृणमूल कांग्रेस के राज्य महासचिव और प्रवक्ता का पद नहीं रखना चाहते। वह सिस्टम में मिसफिट हैं। कार्य करने में असमर्थ हैं। वह पार्टी में सिपाही बनकर रहेंगे। कृपया दलबदल की अफवाहों को हवा न दें। ममता बनर्जी मेरी नेता हैं, अभिषेक बनर्जी मेरे सेनापति हैं। तृणमूल कांग्रेस मेरी पार्टी है। हाल ही में घोष यह दावा करने के लिए खबरों में थे कि राज्य सरकार और पुलिस की ओर से कुछ प्रशासनिक कार्रवाइयां पार्टी प्रवक्ता के रूप में उनके काम को कठिन बना रही हैं। हालांकि, तृणमूल कांग्रेस नेतृत्व के एक वर्ग के साथ अत्यधिक तनाव के बीच घोष ने कभी भी अपने सोशल मीडिया प्रोफाइल से अपनी राजनीतिक पहचान नहीं हटाई थी।

## मणिपुर : केंद्र से राज्य में एनआरसी लागू करने की अपील, विस में प्रस्ताव पारित

**इंफाल।** केंद्र सरकार से राज्य में राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) लागू करने का आग्रह किया। मणिपुर विधानसभा ने शुक्रवार को एक प्रस्ताव पारित किया। विधानसभा अध्यक्ष सत्यब्रत ने कहा कि सदन पांच अगस्त 2022 को पारित अपने पिछले प्रस्ताव की फिर से पुष्टि करने और विशेष रूप से राज्य और सामान्य रूप से राष्ट्र के हित में मणिपुर में एनआरसी लागू करने के लिए भारत सरकार से आग्रह करने का संकल्प करता है। अन्य मामले में कांग्रेस विधायक मेघंचद्र के सवालों का जवाब देते हुए सीएम एन बीरेन सिंह ने कहा कि चुराचांदपुर में 15 फरवरी की घटना में आठ एफआईआर दर्ज की गई है, जिनमें से दो मामले सीबीआई को सौंप दिए गए हैं।

# खालिस्तानी धमकियों से नहीं डरता : सीएम

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा खुद को कथित खालिस्तानी तत्वों से गंभीर खतरे के केंद्र में पाते हैं। कथित तौर पर खालिस्तानी समूह द्वारा जारी की गई धमकी में असम की डिब्रूगढ़ जेल में बंद उसके साथी अमृतपाल सिंह को स्थानांतरित करने की मांग की गई है। खतरे को सीधे संबोधित करते हुए, मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने खालिस्तानी धमकी के आसपास के डर पर सवाल उठाते हुए दृढ़ संकल्प प्रदर्शित किया। शर्मा ने पत्रकारों को दिए एक बयान में कहा कि खालिस्तानी मुझे धमकी दे रहे हैं और आप डर रहे हैं। 2024 में आगामी लोकसभा चुनाव और मीडिया में चल रही भाजपा उम्मीदवारों की कथित सूची पर बोलते हुए, हिमंत विश्व शर्मा ने स्पष्ट किया कि पार्टी द्वारा कोई आधिकारिक सूची जारी नहीं की गई है। उन्होंने मीडिया द्वारा समयपूर्व खुलासे को खारिज करते हुए कहा कि उम्मीदवारों के संबंध में कोई भी जानकारी सीधे पार्टी से ली जानी चाहिए। शर्मा ने जोर देकर कहा कि भाजपा ने कोई सूची जारी नहीं की है। इसका खुलासा अखबारों ने किया है, भाजपा ने नहीं। जनता को जल्द ही स्पष्टता का आश्वासन देते हुए उन्होंने कहा कि सूची को अंतिम रूप दे दिया गया है और इसे दो या तीन दिनों या शायद सात दिनों या आज भी जारी किया जाएगा। यह हमारे हाथ में नहीं है। दिल्ली इसकी देखभाल कर रही है।

## अमेरिकी सांसदों ने बाइडन को लिखा खत, कहा–
# पारदर्शी जांच के बिना पाकिस्तान की नई सरकार को मान्यता न दें

**वाशिंगटन।** अमेरिका के प्रभावशाली सांसदों के एक समूह ने बुधवार को राष्ट्रपति जो बाइडन और विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन को पत्र लिखा। पत्र में सांसदों ने उनसे आग्रह किया कि वह पाकिस्तान की नई सरकार को तब तक मान्यता न दें, जब तक चुनाव में धांधली की विश्वसनीय और पारदर्शी तरीके से जांच न हो। पत्र लिखने वालों में सत्तारूढ़ डेमोक्रेट के मुस्लिम सांसद भी शामिल हैं। पाकिस्तान में आठ फरवरी को आम चुनाव हुए। जिसके बाद त्रिशंकु परिणाम सामने आए थे। कोई भी दल बहुमत के आंकड़े को पार नहीं कर पाया था। 266 सदस्यीय नेशनल असेंबली के लिए चुनाव में 90 से ज्यादा सीट पर पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ (पीटीआई) समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों ने जीत हासिल की थी। जबकि पाकिस्तान मुस्लिम लीग–नवाज (पीएमएल–एन) ने 75 और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) ने 54 सीट पर हासिल की थी। वहीं, मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट–पाकिस्तान (एमक्यूएम–पी) ने 17 सीट पर जीत हासिल की। पत्र में सांसदों ने पाकिस्तान के हालिया संसदीय चुनाव में हुई धांधली पर चिंता जताई। इसमें उन्होंने अमेरिकी सरकार से अनुरोध किया कि वह पाकिस्तान में नई सरकार की मान्यता को तब तक रोके रखें, जब तक चुनाव में हेराफेरी की पूरी तरह से पारदर्शी और विश्वसनीय जांच नहीं हो जाती। पत्र में आगे कहा गया कि इस्लामाबाद लंबे समय से अमेरिका का सहयोगी रहा है। यह अमेरिका के हित में है कि वह सुनिश्चित करे कि पाकिस्तान में लोकतंत्र का विकास हो। चुनाव के नतीजे पाकिस्तानी लोगों के हितों को प्रतिबिंबित करते हैं, न कि पाकिस्तान के अभिजात वर्ग (एलीट क्लास) या सेना के हितों को। चुनाव के त्रिशंकु परिणाम सामने आने के बाद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएल–एन और पूर्व विदेश मंत्री की पार्टी पीपीपी ने गठबंधन सरकार बनाने के लिए चार अन्य दलों के साथ समझौता किया है। जिससे जेल में बंद में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की सत्ता में वापसी की संभावना पर एक तरह से विराम लग सकता है। किसी भी पार्टी को सरकार बनाने के लिए 266 सदस्यीय नेशनल असेंबली की 265 सीट में से 133 जीत दर्ज करनी होगी। वहीं, पीटीआई ने पीएमएल–एन और पीपीपी के गठबंधन सरकार बनाने के प्रयासों को खारिज किया और चेतावनी दी है कि जनादेश की चोरी से देशख में सबसे खराब राजनीतिक अस्थिरता पैदा होगी।

# *पृष्ठ एक का शेष*

## *सीएम ने बराक ...*

कॉलेज के लिए भूमि पूजन किया, जिसकी कुल लागत 939 करोड़ है। ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि बराक के लोगों को सर्वोत्तम श्रेणी का इलाज मिले। उन्होंने कहा कि असम सरकार और टाटा ट्रस्ट की संयुक्त साझेदारी, असम कैंसर केयर फाउंडेशन के माध्यम से, वे राज्य भर में 17 उन्नत कैंसर देखभाल केंद्र बना रहे हैं। सिलचर कैंसर सेंटर इस योजना के तहत आठवां अस्पताल है। शर्मा ने कहा कि कैंसर के इलाज के लिए तथा ग्रिड बनाने के लिए असम सरकार 2,460 करोड़ रुपए खर्च कर रही है, टाटा ट्रस्ट 1,180 करोड़ रुपए खर्च कर रहा है और शेष राशि केंद्र सरकार द्वारा प्रदान की जाएगी। शर्मा के अनुसार, 2022 से असम कैंसर केयर फाउंडेशन के तहत 200,000 से अधिक रोगियों ने इलाज प्राप्त किया है और वर्तमान में 46,792 लोगों का इलाज चल रहा है। शर्मा ने कहा कि 2022 से, हमारी सरकार द्वारा खोले गए 10 कैंसर अस्पतालों में दो लाख से अधिक रोगियों का इलाज हुआ है। ये अस्पताल एक अनोखे मॉडल पर चलते हैं जहां राज्य सरकार इसके दैनिक कामकाज में हस्तक्षेप नहीं करती है। सिलचर कैंसर सेंटर के वरिष्ठ ऑन्कोलॉजिस्ट के अनुसार, प्रोटॉन उपचार प्रणाली केवल अपोलो चेन्नई और टाटा मुंबई में उपलब्ध है और गुवाहाटी इस क्षेत्र में तीसरा होगा। उन्होंने कहा कि यह इलाज म्यांमार, इंडोनेशिया, बांग्लादेश, नेपाल, भूटान आदि पड़ोसी देशों में उपलब्ध नहीं है, इसलिए यह उन देशों के मरीजों को आकर्षित करेगा। शुक्रवार को मुख्यमंत्री ने 2000 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। शर्मा ने एक्स पर लिखा कि आज, हमने असम को एक उत्कृष्ठ बुनियादी ढांचे के गंतव्य में पूरी तरह से बदलने की यात्रा शुरू की है, जो लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करता है। हमारी *विकास यात्रा* के हिस्से के रूप में 23,000 करोड़ रुपए की परियोजनाएं या तो लॉन्च की जाएंगी या शुरू की जाएंगी। उधर मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को बराक घाटी में दो हजार करोड़ रुपए की कई परियोजनाओं का लोकार्पण, शिलान्यास और भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री ने करीमगंज मेडिकल कॉलेज व अस्पताल (केएमसीएच) के निर्माण के लिए भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री डॉ शर्मा एक दिवसीय बराक घाटी के दौरे पर कछार जिला मुख्यालय शहर सिलचर पहुंचे। मुख्यमंत्री का कुंभीरग्राम हवाई अड्डे पर भाजपा नेताओं ने स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ शर्मा हवाई अड्डे से हेलीकॉप्टर से सिलचर मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एसएमसीएच) पहुंचे। इस दौरान उन्होंने एसएमसीएच परिसर में 177 करोड़ 44 लाख रुपए की लागत से निर्मित मेगा जलापूर्ति योजना का शुभारंभ किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने एसएमसीएच में 265 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित 420 बेड के अत्याधुनिक सिलचर कैंसर सेंटर का औपचारिक रूप से उद्घाटन किया। यहां के बाद मुख्यमंत्री करीमगंज पहुंचे। यहां राताबारी में बनने वाले नए करीमगंज मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल के निर्माण की आधारशिला रखी। बाद में मुख्यमंत्री डॉ शर्मा ने कछार के लखीपुर विधानसभा क्षेत्र के लबाक में एक जनसभा की। यहां मुख्यमंत्री डॉ शर्मा ने केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियां एवं कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। जनसभा से मुख्यमंत्री ने लखीपुर सहित कछार जिले में बन रही अनेक परियोजनाओं का लोकार्पण, शिलान्यास और भूमिपूजन भी किया। मुख्यमंत्री ने अपने इस दौर पर कुल दो हजार करोड़ रुपए लागत की बराक घाटी की अनेक परियोजनाओं का लोकार्पण, शिलान्यास और भूमिपूजन किया।

## *सीएए : नौ को 12...*

खिलाफ किसी प्रदर्शन की कोई प्रासंगिकता नहीं है और कानून के खिलाफ लोग सुप्रीम कोर्ट का रुख कर सकते हैं। शर्मा ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि संसद, जिसने कानून पारित किया था सर्वोच्च नहीं है क्योंकि सुप्रीम कोर्ट इसके ऊपर है और वह किसी भी कानून को रद कर सकती है जैसा उसने चुनावी बांड के मामले में किया। उन्होंने कहा कि सीएए के खिलाफ प्रदर्शन की कोई प्रासंगिकता नहीं है क्योंकि आंदोलन संसद द्वारा पारित किसी कानून के संबंध में कारगर नहीं हो सकते। सीएए के खिलाफ राज्यव्यापी बंद की धमकी देने पर डीजीपी ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने चेतावनी दी कि आंदोलन के कारण प्रतिदिन 1,643 करोड़ रुपए के वित्तीय नुकसान की भरपाई आयोजकों से की जा सकती है।

## *लोस चुनाव के ...*

इस फ्लाईओवर के लिए सरकार के पास ब्लूप्रिंट तैयार है, लेकिन इसमें सबसे बड़ी बाधा जमीन की है। इसके निर्माण के लिए बड़ी संख्या में लोगों का भूमि अधिग्रहण करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इसका फैसला सिलचर के लोगों पर छोड़ दिया गया है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पत्रकारों के कई अन्य प्रश्नों के भी सीधे–सीधे उत्तर दिए।

## *कांग्रेस का इतिहास ...*

हमले कर रहे हैं। हिमंत विश्व शर्मा ने गुरुवार को जोर देकर कहा कि सबसे पुरानी पार्टी एक *परिवार–केंद्रित* पार्टी है, जो *एक परिवार के भोजन कक्ष* में एजेंडा तय करती है। हिमंत विश्व शर्मा ने कल आम चुनावों के लिए असम गण परिषद (अगप) और यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी लिबरल (यूपीपीएल) के साथ अपनी पार्टी के गठबंधन की घोषणा की। उन्होंने कहा कि भाजपा 14 लोकसभा सीटों में से 11 पर चुनाव लड़ेगी, जबकि अगप और यूपीपीएल क्रमश: दो और एक सीट पर चुनाव लड़ेंगे। इस बीच, असम कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष राणा गोस्वामी गुरुवार को भाजपा में शामिल हो गए। असम कांग्रेस के एक अन्य कार्यकारी अध्यक्ष कामाख्या डे पुरकायस्थ ने भी राज्य सरकार को अपना समर्थन दिया। गुरुवार को शर्मा ने गांधी परिवार पर तीखा कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस में फैसले डाइनिंग रूम में लिए जाते हैं। उन्होंने कहा कि निर्णय परिवार के भोजन कक्ष में लिए जाते हैं और कार्यकर्ता ही उसका पालन करते हैं। परिवार की आवश्यकता के अनुरूप पार्टी का एजेंडा और विचारधारा बदल दी जाती है।

## *सरकार कॉलेजों में ...*

चुके हैं कि वे इन्हें सह–शिक्षा संस्थानों में बदलने के इच्छुक हैं, जिससे छात्रों की संख्या में वृद्धि होगी। मंत्री ने कहा कि तीसरा समाधान विशेषकर लड़कियों के लिए छात्रावास सुविधाएं बढ़ाना है। पेगु ने कहा कि अच्छे प्लेसमेंट रिकॉर्ड के साथ नए जमाने के विषयों और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों को शुरू करना अधिक छात्रों को आकर्षित करने का एक और तरीका हो सकता है। जब एकीकरण होता है, तो कॉलेज बंद हो जाते हैं। मैं कहना चाहूंगा कि कॉलेजों के एकीकरण का कोई प्रस्ताव नहीं है। उच्च शिक्षा में राज्य के कम सकल नामांकन राशन (जीआरई) पर, पेगू ने कहा कि समस्या उच्च शिक्षा पर अखिल भारतीय सर्वेक्षण में सरकारी और निजी दोनों तरह के कई विश्वविद्यालयों के गैर–पंजीकरण के कारण थी। अखिल भारतीय जीआरई लगभग 28 प्रतिशत है और किसी देश को शीर्ष पांच विकसित देशों में शामिल होने के लिए यह 50 प्रतिशत होना चाहिए। असम में, 2020–21 में यह 17 प्रतिशत थी, और 2021–22 में गिरकर 16 प्रतिशत हो गई। उन्होंने कहा कि हम उम्मीद कर रहे थे कि 2021–22 में प्रतिशत बढ़ेगा क्योंकि कई नए विश्वविद्यालय आए हैं। लेकिन जैसे–जैसे गिरावट आई, इससे इस मामले पर काफी चर्चा हुई। पेगू ने कहा कि कई संस्थानों ने सर्वेक्षण में भाग नहीं लिया, जिससे राज्य सरकार को उन विश्वविद्यालयों के लिए कार्यशालाएं आयोजित करने के लिए प्रेरित किया गया जो सर्वेक्षण से अनुपस्थित थे। उन्होंने कहा कि संस्थानों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रक्रिया को अब सुव्यवस्थित कर दिया गया है। पेगु ने आशा व्यक्त की कि इन सुधारों के साथ, अगले वर्ष 2022–23 की रिपोर्ट जारी होने पर सकल नामांकन अनुपात (जीआरई) में सकारात्मक बदलाव आएगा।

## *मर्यादा में रहकर ...*

जिनमें भक्त–देवता संबंधों का उपहास हो, और न ही दैवीय निंदा की जानी चाहिए।

– लोकसभा चुनाव से पहले, निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दलों से मर्यादा और अत्यधिक संयम बनाए रखने, चुनाव अभियान के स्तर को मुद्दा–आधारित रखने को कहा।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने निर्वाचन आयोग से आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान सभी मतदान केंद्रों पर मतदान प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराने और शहरी इलाकों में विभिन्न आवासीय सोसायटी के परिसरों में भी मतदान केंद्र स्थापित किए जाने की मांग की। एक ज्ञापन में भाजपा ने निर्वाचन आयोग से राजनीतिक दलों की मीडिया सामग्री की अनुमोदन प्रक्रिया में सुधार पर विचार करने का भी आग्रह किया ताकि उन्हें अपने अभियान की योजना बनाने के लिए पर्याप्त समय मिल सके। पार्टी ने आयोग से यह सुनिश्चित करने का भी अनुरोध किया कि चुनाव के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा अपने घरों पर झंडे लगाने और वॉल पेंटिंग बनाने से संबंधित नियम में कोई अस्पष्टता नहीं होनी चाहिए।

## *नगालैंड विस में ...*

और अन्य सदस्यों ने इसमें हिस्सा लिया। विधायकों ने चिंता व्यक्त की कि सीमा पर बाड़ लगाने और एफएमआर को निलंबित करने से नगाओं को समस्या हो सकती है। यहां तक कि कानून व्यवस्था की समस्या भी पैदा हो सकती हैं। विधायकों ने कहा कि बाड़ लगाने का निर्णय लेने से पहले लोगों की सहमति नहीं ली गई थी। नीनु ने कहा कि 1826 में एंग्लो–बर्मा युद्ध के बाद खींची गई औपनिवेशिक सीमाएं सीमा पार आदिवासी समुदायों के बीच घनिष्ठ पारंपरिक और रिश्तेदारी के संबंधों का सम्मान करती थीं। एफएमआर को वर्तमान भाजपा सरकार ने 2018 में सुसंगत और औपचारिक बनाया था। इसने इन सीमाओं की कृत्रिम प्रकृति को मान्यता दी और म्यांमार के साथ मैत्रीपूर्ण संबंधों की सुविधा प्रदान की। यहां सवाल यह है कि इसे वापस क्यों लेना पड़ा।

## *ढाका में सात ...*

शवों को लाया गया तथा एक अन्य व्यक्ति की पुलिस अस्पताल में मौत हो गई। डीएमसीएच और शेख हसीना नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ बर्न एंड प्लास्टिक सर्जरी में 22 लोगों का उपचार किया जा रहा है और उनकी हालत नाजुक है। सेन स्वयं भी चिकित्सक हैं। बचाए गए लोगों का श्वसन तंत्र गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गया है। अधिकारियों ने बताया कि इमारत से 75 लोगों को बाहर निकाला गया जिनमें से 42 लोग बेहोश थे। घटनास्थल पर दमकल सेवा की 13 गाड़ियों को भेजा गया। चिकित्सकों ने कहा कि कुछ लोगों के शव इतनी बुरी तरह झुलस गए हैं कि उनकी पहचान कर पाना मुश्किल है। उन्होंने मृतक संख्या बढ़ने की आशंका जताई है। प्रत्यक्षदर्शियों और अधिकारियों ने बताया कि आग लगने के बाद लोग बचने के लिए ऊपर की मंजिलों की ओर भागे और कई लोगों को दमकलकर्मियों ने सीढ़ियों की मदद से बाहर निकाल लिया। पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) चौधरी अब्दुल्ला अल मामून ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि 44 लोगों की मौत हो गई और 75 लोगों को बचा लिया गया है। घटना में बचाए गए कुछ लोगों को प्राथमिक उपचार मुहैया कराने के बाद घर भेज दिया गया। मृतकों में एक पुलिस अधिकारी की बेटी भी शामिल है। अग्निशमन सेवा के महानिदेशक ने बताया कि 42 बेहोश लोगों में 21 महिलाएं और चार बच्चे शामिल हैं। इस इमारत में हालात खतरनाक थे, यहां तक कि सीढ़ियों पर भी गैस सिलेंडर रखे थे। आग शायद गैस रिसाव या चूल्हे से लगी। इमारत से सीढ़ियों के जरिए ही बाहर निकला जा सकता था और यही एकमात्र निकास मार्ग था। अग्निशमन कर्मियों ने बताया कि ज्यादातर लोगों की मौत इमारत से कूदने या जलने या दम घुटने से हुई। दमलकल कर्मियों ने आग पर देर रात साढ़े 12 बजे काबू पा लिया।

## *बंगलूरू के कैफे ...*

रखा था। कैफे में ब्लास्ट की घटना के बाद व्हाइटफील्ड के फायर स्टेशन ने कहा कि हमें फोन आया कि रमेश्वरम कैफे में सिलेंडर विस्फोट हुआ है। हम मौके पर पहुंचे और हालात पर काबू पाने की कोशिश की। डॉग स्क्वॉड के साथ–साथ फॉरेंसिक विशेषज्ञों की एक टीम भी विस्फोट स्थल पर पहुंची और मौके से सबूत इकट्ठा किए। वहीं, रेस्तरां के एक सुरक्षा गार्ड ने बताया कि मैं कैफे के बाहर खड़ा था। रेस्तरां में कई ग्राहक मौजूद थे। अचानक जोरदार आवाज सुनाई दी और आग लग गई, जिससे होटल के अंदर मौजूद ग्राहक घायल हो गए। इससे पहले, पुलिस ने कहा था कि शुक्रवार को रामेश्वरम कैफे में संदिग्ध एलपीजी सिलेंडर में विस्फोट होने और आग लगने से कम से कम पांच लोग घायल हुए हैं। हालांकि अभी घायलों की सटीक संख्या की जानकारी नहीं दी गई है। पुलिस ने कहा कि पांच लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक, दोपहर 1.30 से 2 बजे के बीच कुंदनहल्ली में रामेश्वरम कैफे में विस्फोट के बाद आग लग गई। सूचना मिलने पर पुलिस और फायरब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। शुरुआती जांच से ऐसा लगता है कि सिलेंडर में विस्फोट हुआ है। हालांकि, घटना की जांच की जा रही है। घायलों को अस्पताल पहुंचा दिया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि हम सभी पहलुओं से घटना की जांच कर रहे हैं।

## *लोस चुनाव टीएमसी...*

टीएमसी लोकसभा चुनाव में हारेगी। मोदी ने कहा कि इससे बंगाल की सत्ता से विदाई की उल्टी गिनती शुरू हो जाएगी। उन्होंने कहा कि मां, माटी, मानुष का ढोल पीटने वाली टीएमसी ने संदेशखाली की बहनों के साथ जो किया है उसे देखकर पूरा देश दुखी और आक्रोशित है। टीएमसी के नेता ने संदेशखाली में बहनों–बेटियों के साथ दुस्साहस की सारी हदें पार कर दी हैं। जब संदेशखाली की बहनों ने अपनी आवाज बुलंद की, ममता दीदी से मदद मांगी, तो बदले में बंगाल सरकार ने टीएमसी नेता को बचाने के लिए पूरी शक्ति लगा दी। लेकिन भाजपा के दबाव में आखिरकार कल बंगाल पुलिस ने उस आरोपी को गिरफ्तार किया। मोदी ने कहा कि आज पश्चिम बंगाल की जनता अपनी सीएम *दीदी* से सवाल कर रही है कि क्या कुछ लोगों का वोट संदेशखाली में महिलाओं पर अत्याचार से ज्यादा महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि टीएमसी ने बंगाल में अपराध और भ्रष्टाचार का एक नया मॉडल पैदा कर दिया है। प्रधानमंत्री ने संदेशखाली की भयावहता के मुद्दे पर चुप्पी बनाए रखने के लिए विपक्षी इंडी गंठबंधन की भी आलोचना की। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन के लिए भ्रष्टाचारियों, परिवारवादियों और तुष्टिकरण करने वालों का साथ देना यही एक काम बचा है, यही उनके लिए सबसे बड़ा काम है। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन के नेताओं ने महात्मा गांधी के तीन बंदरों की तरह संदेशखाली पर आंख, नाक, कान और मुंह बंद कर रखा है। गठबंधन के सभी कद्दावर नेता संदेशखाली घटना पर चुप हैं। उन्होंने कांग्रेस प्रमख को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि अरे छोड़ो, बंगाल में तो ये सब चलता रहता है। टीएमसी सरकार पर सभी क्षेत्रों में भ्रष्ट होने का आरोप लगाते हुए मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन के नेताओं के लिए, संदेशखाली में टीएमसी द्वारा प्रताड़ित लोगों के साथ खड़े होने के बजाय भ्रष्ट और तुष्टिकरण की राजनीति का समर्थन करना सर्वोपरि है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते 10 साल में भारत 11वें नंबर की इकोनॉमी से ऊपर उठकर 5वें नंबर की आर्थिक ताकत बना है। जी–20 में कैसे भारत की जय–जयकार हुई, ये हम सबने देखा है। आज भारत स्पेस सेक्टर में अग्रणी बन रहा है। जो काम दुनिया का कोई देश नहीं कर पाया, वो हमारे चंद्रयान ने किया। आज स्पोर्ट्स के सेक्टर में भी भारत नए रिकॉर्ड बना रहा है। हम सभी का सौभाग्य है कि 5 सदियों के इंतजार के बाद 500 साल के बाद प्रभु श्रीराम अपने भव्य मंदिर में विराजे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की इन उपलब्धियों के बीच बंगाल की स्थिति भी आज पूरा देश देख रहा है। उन्होंने कहा कि मेरी गारंटी है। मैं बंगाल के लोगों से वादा करता हूं कि लूटने वालों को लौटाना ही पड़ेगा, ये मोदी छोड़ने वाला नहीं है। मोदी इनकी गालियों और हमले से डरने वाला नहीं है। उन्होंन कहा कि जिसने गरीब को लूटा है, उसको लौटाना ही पड़ेगा। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल आजादी के आंदोलन की प्रेरणा स्थली रही है। गुलामी के विरुद्ध प्रखर नेतृत्व देने वाली यहां की हर संतान का सपना था कि भारत विकास की नई ऊंचाई प्राप्त करे। और मैं कह सकता हूं कि आज का भारत उनके उसी सपने को पूरा कर रहा है!

## *संदेशखाली मामले में ...*

ने जो किया, उसे देखकर पूरा देश गुस्से में है। जब संदेशखाली की बहनों ने अपनी आवाज बुलंद की, ममता दीदी से मदद मांगी तो बदले में बंगाल सरकार ने तृणमूल नेता को बचाने के लिए पूरी शक्ति लगा दी। लेकिन भाजपा के दबाव में आखिरकार कल बंगाल पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने कहा कि मां, माटी, मानुष का ढोल पीटने वाली तृणमूल ने संदेशखाली में बहनों के साथ जो किया है, वो देखकर पूरा देश दुखी है, आक्रोशित है। पीएम नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में केंद्रीय योजनाओं में भारी भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। उन्होंने शिक्षक नियुक्ति भ्रष्टाचार समेत अन्य केंद्रीय फंड में अनियमितता का दावा करते हुए कहा कि वे बंगाल के लोगों से वादा करते हैं कि लूटने वालों को लौटाना ही होगा, ये मोदी छोड़ने वाला नहीं है। मोदी इनकी गालियों और हमले से डरने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि जिसने गरीब को लूटा है, उसे लौटाना ही पड़ेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल में हुगली जिले के आरामबाग क्षेत्र में 7200 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने रेल, बंदरगाह, तेल पाइपलाइन, एलपीजी आपूर्ति और अपशिष्ट जल शोधन जैसे क्षेत्रों से संबंधित कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी और राष्ट्र को समर्पित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि हमारा प्रयास है कि पश्चिम बंगाल में रेलवे का आधुनिकीकरण उसी रफ्तार से हो, जैसे देश के दूसरे हिस्सों में हो रहा है। इक्कीसवीं सदी का भारत तेज गति से आगे बढ़ रहा है, हम सबने मिलकर 2047 तक विकसित देश बनाने का लक्ष्य रखा है। देश के गरीब, किसान, महिला और युवा, प्राथमिकता हैं। पीएम ने कहा कि हमने निरंतर गरीब कल्याण से जुड़े कदम उठाए हैं, जिसका परिणाम आज दुनिया देख रही है। पिछले 10 वर्षों में देश के 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। ये दिखाता है कि हमारी सरकार की दिशा, नीतियां, निर्णय सही हैं और उसका मूल कारण निर्णय सही है।

## *जेएनयू में देर...*

को एक–दूसरे पर हमला करते हुए दिखाया गया है। वामपंथी छात्रों ने जहां एबीवीपी की छात्र इकाई पर बैठक के बीच हंगामा करने का आरोप लगाया, वहीं छात्रों ने आरोप लगाया कि यह घटना परिसर में *नक्सली हमला* थी। इस बीच, दिल्ली पुलिस ने कहा कि उन्हें इस मामले पर किसी भी पक्ष से कोई औपचारिक शिकायत नहीं मिली है। इससे पहले 10 फरवरी को भी जेएनयू में देर रात छात्र संगठनों के सदस्यों के बीच मारपीट का मामला सामने आया था। इस झगड़े में कुछ छात्र घायल हो गए था। दरअसल, जेएनयू में चुनाव से पहले जनरल बॉडी की मीटिंग होती है। इस मीटिंग में सभी छात्र संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद होते हैं और जनरल बॉडी के कम से कम 10 फीसदी छात्रों के हस्ताक्षर की जरूरत होती है। चुनाव से पहले यह प्रक्रिया पूरी करनी होती है। इसके बाद सीएसई का चुनाव होता है, तब और मेन चुनाव शुरू होता है।

## *केरल में खाना ...*

करीब 20 लोग उपचार के लिए विभिन्न अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने बताया कि सभी प्रभावित लोगों का स्वास्थ्य स्थिर है तथा स्वास्थ्य विभाग ने आज उस रेस्तरां को बंद कर दिया। उसने कहा कि फिलहाल किसी ने पुलिस में शिकायत नहीं दर्ज कराई है। प्रभावित लोगों में एक के रिश्तेदार ने एक टीवी चैनल से कहा कि गुरुवार शाम को उनके घर के लोगों के रेस्तंरा से खाना मंगवाया था और आज सुबह सभी लोगों को उल्टी एवं दस्त होने लगे।

## *अरुणाचल में फ्रंटियर ...*

इस हाईवे के निर्माण से प्रवासन पर अंकुश लगने और सीमावर्ती क्षेत्रों की ओर

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी–35 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी–5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350–14771, 97070–14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361–2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**

# कानून हाथ में लेने की किसी को छूट नहीं : डीजीपी

**गुवाहाटी ( हिंस )।** असम के पुलिस महानिदेशक जीपी सिंह ने कहा कि कानून को हाथ में लेने की किसी को छूट नहीं दी जाएगी। नागरिकता संशोधन कानून (का) को लेकर किए जा रहे *भयंकर आंदोलन* तथा *विरोध प्रदर्शन का अधिकार* आदि की चर्चा के संदर्भ में शुक्रवार को डीजीपी ने सोशल मीडिया के जरिए आगाह किया कि लोगों के जान-माल को खतरे में डालने की किसी को छूट नहीं दी जाएगी। उन्होंने गुवाहाटी में मार्च कर रहे पुलिसकर्मियों की एक तस्वीर जारी करते हुए कहा कि असम पुलिस कानून-व्यवस्था की स्थिति को बनाए रखने तथा लोगों के जान-माल की सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्ध है। उन्होंने दिसंबर 2019 में *का* को लेकर हुए आंदोलन की याद दिलाते हुए कहा कि लोगों के जीवन को इस प्रकार से संकट में डालने की किसी को छूट नहीं दी जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के



असम आगमन पर 9 मार्च को राज्यभर में आसू समेत राज्य के 30 अन्य संगठनों द्वारा 12 घंटे के अनशन की घोषणा को लेकर असम पुलिस सतर्क हो चुकी है। उल्लेखनीय है कि 9 फरवरी को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने घोषणा की थी कि लोकसभा चुनाव से पहले *का* लागू कर दिया जाएगा। इस कानून के प्रावधानों के अनुरूप लोगों को नागरिकता देने का कार्य किसी भी समय शुरू हो सकता है।

## असम हीलिंग प्रैक्टिस मैजिक हीलिंग बिल का ईसाई समन्वय समिति ने किया विरोध

**उदालगुरी ( हिंस )।** हाल ही में संपन्न हुए असम विधानसभा के बजट सत्र के दौरान असम हीलिंग प्रैक्टिस मैजिक हीलिंग बिल पारित किया गया था। इस बिल पर ईसाई समन्वय समिति ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त किया है। उल्लेखनीय है कि इस बिल को विधानसभा में असम सरकार ने 28 फरवरी को पारित किया था। ईसाई समन्वय समिति ने कहा है कि इस विधेयक से असम में रहने वाले ईसाइयों के विश्वास को ठेस पहुंची है। समिति ने कहा है कि ईसाई समुदाय बाइबल का अनुसरण करते हैं और बाइबल जादू-टोना का विरोध करती है। लेकिन सरकार ने बिल में ईसाई धर्मावलंबियों के प्रार्थना को तंत्रमंत्र जादू के साथ एकाकार किया है, जिससे ईसाई समुदाय अपने आपको अपमानित महसूस करते हैं। समिति ने कहा है कि ईसाई विश्वास और बाइबिल में शामिल नहीं विषयों को सरकार ने बिल के साथ जोड़ दिया है। समिति ने मुख्यमंत्री से इस बिल को वापस लेने की मांग की है।

# चुराचांदपुर घटना के दो मामलों की जांच सीबीआई को सौंपी गई : एन बीरेन सिंह

**इंफाल ( हिंस )।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने शुक्रवार को 12वीं मणिपुर विधानसभा के 5वें सत्र को संबोधित करते हुए सदन को जानकारी दी कि हाल ही में हुई चुराचांदपुर की घटना के संबंध में आठ एफआईआर दर्ज की गईं, जिनमें से दो मामलों की जांच सीबीआई को सौंपी गई हैं। चुराचांदपुर घटना पर कांग्रेस विधायक कैशम मेघचंद्र सिंह ने सदन में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पेश किया, जिसका जवाब देते हुए मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने बताया कि राज्य सरकार ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न होने देने के लिए पूरा प्रयास कर रही है। मामले की उचित जांच के लिए सरकार ने सख्त कार्रवाई की है। उन्होंने कहा कि इसमें उग्रवादियों की संलिप्तता की सरकार को आशंका है। आगजनी और तोड़फोड़ में शामिल लोगों में से अबतक 20 लोगों की पहचान हो चुकी है। उन्होंने कहा कि चुराचांदपुर में डीसी कांप्लेक्स, बंगले और एसपी कार्यालय को जलाने, तोड़फोड़ करने और राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने का किया गया प्रयास बेहद निंदनीय है। उन्होंने कहा कि सरकार को उस घटना में भीड़ के बीच एके-47 का इस्तेमाल करने का एक वीडियो मिला था। मुख्यमंत्री ने कहा कि समुदायों के बीच नफरत और विभाजन की भावना पैदा करने वाला एक संदेश ट्वीट करके हिंसा भड़काने वाले एक जनप्रतिनिधि के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज की गई थी। जनप्रतिनिधि ने आगजनी और तोड़फोड़ से ठीक दो घंटे पहले ट्वीट किया था। उन्होंने कहा कि भीड़ ने सरकारी प्रतिष्ठानों में तोड़फोड़ और आगजनी का



प्रयास किया था। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सुरक्षा बलों ने लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले दागे लेकिन हिंसा में दो लोगों की जान चली गई। एक आईटीबीपी कर्मी और 43 नागरिक इसमें घायल हो गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हालांकि, भीड़ ने सरकारी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया लेकिन सभी इमारतों को गंभीर विनाश से बचा लिया गया। सारे सरकारी रिकार्ड और दस्तावेज नष्ट नहीं कर पाए। उन्होंने कहा कि सरकार ने पहले से ही ज्यादातर सरकारी दस्तावेज डिजिटल कर दिए हैं, ताकि वे किसी अवांछित घटना में नष्ट नहीं हो सकें। उन्होंने कहा कि चुराचांदपुर की घटना उस जिले में तैनात हेड कांस्टेबल के निलंबन के बाद हुई। जिले के एसपी ने कानून और अपने कर्तव्य के अनुरूप कार्रवाई की थी।

## शीमलीटोला वन विभाग की छापेमारी में अवैध लकड़ी समेत दो वाहन जब्त



**नगरबेड़ा ( विभास )।** ग्वालपाड़ा जिले में रंगजुली वन अधिकारी कार्यालय के तहत विभिन्न क्षेत्रों में लकड़ी की तस्करी जारी रहने के दौरान वन विभाग ने शुक्रवार को शिमलिटोला में छापा मारा और बड़ी मात्रा में तस्करी की लकड़ी सहित दो वाहनों को जब्त करने में कामयाब रहे। यह पता चला है कि वन अधिकारी कनक चंद्र डेका और शिम्लिटोला ब्लॉक वन अधिकारी कार्यालय के वन कर्मचारियों ने शुक्रवार सुबह शिमलीटोला पर छापा मारा और दो वाहनों में बिक्री के लिए लाते समय फला लकड़ी से भरे दो वाहनों को जब्त करने में कामयाब रहे। जब्त की गई तस्करी की लकड़ी की अनुमानित कीमत लगभग 1 लाख रुपए बताई जा रही है। जब्त तस्करी की लकड़ी के साथ दो वाहनों को शिमलिटोला ब्लॉक वन अधिकारी के कार्यालय में ले जाया गया है।

## लंका के नामघर में चोरी

**होजाई ( हिंस )।** होजाई जिलांतर्गत लंका में चोरों ने एक नामघर (पूजा स्थल) में चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद फरार हो गए। घटना की जानकारी आज सुबह तब प्रकाश में आई जब नामघर में सुबह दीपक जलाने के लिए नामघरिया (पुजारी) पहुंचा। चोरों ने बीती रात लंका के भालुकमारी प्रोफेसर कॉलोनी स्थित नामघर के दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया। चोर नामघर से 25 हजार रुपए नगद के अलावा अन्य कीमती सामान कांसा-पीतल के बरताल, शराई, धातु के दीपक चुराकर फरार हो गए। आज सुबह जब नामघरिया दीपक जलाने पहुंचा तो अंदर का नजारा देख दंग रह गया। स्थानीय लोगों की मदद से इस घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना पाकर लंका पुलिस मौके पर पहुंची और चोरी की वारदात की छानबीन में जुट गई। धार्मिक स्थान में चोरी की घटना को लेकर स्थानीय लोगों में भारी रोष व्याप्त है।

# पूसीरे के न्यू करीमगंज रेलवे स्टेशन का 30 करोड़ रुपए की लागत से होगा पुनर्विकास

**गुवाहाटी ( हिंस )।** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चयनित 91 रेलवे स्टेशनों में असम के न्यू करीमगंज रेलवे स्टेशन को 30 करोड़ रुपए की लागत से एक नया स्वरूप मिलेगा। इस स्टेशन का कायाकल्प होने से आसपास के अंचलों के रेल यात्रियों को नवीन अत्याधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। पूसीरे के सीपीआरओ सब्यसाची दे ने शुक्रवार को बताया कि असम समेत पूर्वोत्तर में रेल सुविधाओं को और अधिक बढ़ाने के क्रम में रेलवे की बुनियादी संरचना परियोजनाओं के लिए अंतरिम बजट 2024-25 में 10 हजार 369 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। अमृत भारत स्टेशन योजना (एबीएसएस) के तहत पूर्वोत्तर सीमा रेल (पूसीरे) के 91 स्टेशनों को विश्व स्तरीय सुविधाओं के साथ पुनर्विकसित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि न्यू करीमगंज रेलवे स्टेशन असम के दक्षिणी भाग का एक महत्वपूर्ण स्टेशन है और पूसीरे के




लमडिंग रेल मंडल के अधीन है। इस मौजूदा स्टेशन भवन का विस्तार किया जाएगा, जिसमें यात्रियों की सुविधा के लिए नवीनतम सुख-सुविधाओं के साथ प्रतीक्षालय जैसी आधुनिक सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। एफओबी एवं लिफ्ट एवं एस्केलेटर जैसी अन्य आधुनिक सुविधाओं के साथ सर्कुलेटिंग एरिया में लाइटिंग की नई व्यवस्था और कैफेटेरिया सुविधाएं एवं आधुनिक साइनेज के साथ-साथ पानी का फव्वारा भी लगाया जाएगा। सीपीआरओ सब्यसाची दे ने बताया कि पुरुष और महिला यात्रियों के लिए अलग-अलग नए शौचालय ब्लॉकों का निर्माण किए जाने की योजना है। सर्कुलेटिंग एरिया के सौंदर्यीकरण के साथ बेहतर पार्किंग सुविधाओं की भी योजना है। यात्रियों के आसान आवाजाही के लिए मार्बल स्टोन, टाइल्स आदि से सतह का पुनर्निर्माण और शेल्टर के साथ सभी प्लेटफार्मों को विकसित किया जाएगा। प्रवेश-निकास पथ विकसित किया जाएगा, जो यात्रियों को बेहतर पहुंच प्रदान करेगा। सीपीआरओ ने बताया कि उपरोक्त सभी कार्यों के लिए टेंडर का आवंटन हो चुका है। नए स्टेशन भवन के लिए नींव का कार्य भी प्रारंभ हो चुका है। अन्य यात्री सुविधाओं जैसे कोच गाइडेंस सिस्टम, आधुनिक ट्रेन सूचना डिस्प्ले सिस्टम, बेहतर सड़क एवं डिवाइडर और दिव्यांगजनों के लिए आसान पहुंच वाले वॉटर बूथ की व्यवस्था आदि कार्य प्रगति पर है।

# रंगिया वकील संस्था के नवनिर्मित कार्यालय भवन का उद्घाटन

**रंगिया ( विभास )।** रंगिया वकील संस्था के नवनिर्मित कार्यालय भवन का शुक्रवार को उद्घाटन किया गया इस इमारत का निर्माण स्थानीय पौरसभा के अध्यक्ष अमरेंद्र लहकर और उपाध्यक्ष बिद्युत डेका की तत्परता और स्थानीय विधायक और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भवेश कलिता के सहयोग से सरकारी अनुदान 16 लाख 40 हजार रुपयों की लागत से किया गया है। रंगिया के वरिष्ठ अधिवक्ता हिरण्य चौधरी द्वारा कार्यालय भवन के प्रवेश द्वार का फीता काटकर इसे लोगों की सेवा में समर्पित किया गया। इस मौके पर वकील संस्था के अध्यक्ष तथा अधिवक्ता गोपाल काकोती की अध्यक्षता में एक खुली बैठक का आयोजन किया गया। जिसका संचालन संस्था के सचिव सैयद



मुस्तफा अहमद ने की और इसकी शुरुआत प्रमुख गायक बेनुधर कलिता द्वारा रचित और संगीतकार प्रभात नाथ द्वारा सुर में रंगिया वकील संस्था के कलाकारों के परिवेशन में रंगिया वकील संस्था शीर्षक गीत द्वारा प्रारंभ हुए इस बैठक में अतिरिक्त जिला व सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार बास्फोर, महकमा न्यायाधीश सुईटी भुइयां, असम साहित्य सभा के मातृभाषा-राज्यभाषा समिति के आह्वायक हेमंत कलिता, रंगिया वकील संस्था के पूर्व अध्यक्ष मकिब तालुकदार, ज्येष्ठ अधिवक्ता क्रमशः सिराजुद्दीन अली अहमद, गौतम चक्रवर्ती, चिदानंद डेका, भास्कर बरुवा, सरिफुद्दीन अहमद सहित सौ से भी अधिक वक्ताओं ने भाग लिया। वहीं कार्यक्रम के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार बास्फोर द्वारा पौधरोपण और आमंत्रित पाठकों द्वारा नागड़ा नाम प्रस्तुत किया गया। देवजीत सैकिया, उत्पल भुइयां, जयंत डेका, साहिजुल इस्लाम, रेसमिना रहमान, जोन मोहम्मद अली सहित सभी को धन्यवाद ज्ञापन अध्यक्ष गोपाल काकोती द्वारा किया गया।

# अमरनाथ एक्सप्रेस ट्रेन में यात्री से लूट लिए कीमती सामान समेत नकदी

**गुवाहाटी।** अमरनाथ एक्सप्रेस ट्रेन में चोरी की घटना सामने आई है। मालूम हो कि समाजसेवी मोहम्मद सैमुदीन मंसूरी के अनुसार जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी गई है कि बीते कल एक यात्री सफर के लिए अमरनाथ एक्सप्रेस ट्रेन में बैठा था। अमरनाथ ट्रेन जो गुवाहाटी से चल कर-जम्मूतवी (अमरनाथ) को जाती है। ट्रेन में बैठे यात्री का नाम छोटे लाल साह के रूप में की गई है। मिली जानकारी के अनुसार चलती ट्रेन में चाय में नशा खिलाकर न्यू जलपाईगुड़ी व कटिहार स्टेशनों के बीच-लुटेरों ने उनका कीमती सामान व लगभगध 45 हजार रुपए नकदी तथा रेलवे टिकट लूट लिए। पीड़ित यात्री ग्राम पंचायत राज धरफरी प्रखंड




पारू जिला मुजफ्फर पुर (बिहार) के निवासी हैं। वे लगभग 65 वर्ष के हैं। हालांकि पीड़ित यात्री तीनदिन बाद आज सुबह लगभग 8 आठ बजे घर पहुंचे हैं। वे काफी सहमे व घबराए हुए थे। पीड़ित गुवाहाटी के शिलपुखरी में केला व अन्य फलों का कारोबार करता है। वे आठ महीने बाद अपने परिवार के सदस्यों के साथ होली मनाने के लिए घर जा रहा था।

# अभमास के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकुमार लोहिया का बंगाईगांव दौरा संपन्न

**बंगाईगांव:** अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकुमार लोहिया, राष्ट्रीय महामंत्री कैलाशपति तोदी, पूर्वोत्तर से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मधुसूदन सिकरिया अपने सांगठनीक दौरे पर बंगाईगांव पधारे। उनके साथ प्रांतीय अध्यक्ष कैलाश काबरा, मुख्यालय उपाध्यक्ष रमेश चांडक, प्रांतिय महामंत्री विनोद कुमार लोहिया के साथ कई प्रांतीय पदाधिकारी पधारे। मंडल ज के अंतर्गत बंगाईगांव शाखा को इस सांगठनिक दौरे के लिए चुना गया था। इस मौके पर मंडल ज के प्रांतीय उपाध्यक्ष सरजीत सिंह भारी, मंडलीय सहायक मंत्री स्मिता शर्मा भी उपस्थित थीं। बंगाईगांव शाखा के शाखा अध्यक्ष राजेंद्र हरलालका की अध्यक्षता में आयोजित सभा में सभी राष्ट्रीय एवं प्रांतीय अधिकारियों के साथ शाखा के नीवर्तमान अध्यक्ष प्रेमनाथ हरलालका भी मंच पर विराजमान थे। सभी अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन किया गया एवं नवगठित महिला शाखा की सदस्याओं ने हृदय स्पर्शी स्वागत गीत गाकर सबका मन मोह लिया। शाखा अध्यक्ष राजेंद्र हरलालका के स्वागत भाषण एवं सम्बोधन के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकुमार लोहिया का शाखा अध्यक्ष राजेंद्र हरलालका ने सोल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। राष्ट्रीय महामंत्री कैलाश पति तोदी का शाखा सचिव अजीत सिंह भंसाली ने सोल ओढ़ाकर अभिनंदन किया। शाखा सलाहकार अखय चंद बैद ने पूर्वोत्तर से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मधुसूदन सिकरिया का सोल ओढ़ाकर अभिनंदन किया। सभी राष्ट्रीय अधिकारियों का तिलक तथा साफा बांधकर स्वागत किया गया। सभा में पधारे अन्य प्रांतीय अधिकारियों का मौखिक रूप से अभिनंदन किया गया। बंगांईगांव मारवाड़ी समाज की कई संस्थाओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का अभिनंदन किया गया। शाखा अध्यक्ष ने अपने संबोधन में शाखा की गतिविधियों का एक




संक्षिप्त विवरण समाज के सामने रखा एवं एक सेवा न्यास का गठन एवं समाज की सभी संस्थाओं को लेकर एक महापंचायत के गठन पर भी जोर दिया और कहा कि इस दिशा में हम आगे बढ़ रहे हैं और यह जल्द ही इन दोनों का गठन होने की उम्मीद है। समाज के सभी घटक दलों से उन्होंने एक छतरी के नीचे बैठकर समाज हित में निर्णय लेने का आह्वान किया। बंगाईगांव शाखा के सह सचिव महेश कुमार अग्रवाल ने बहु मुखी प्रतिभा के धनी राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकुमार लोहिया का संक्षिप्त जीवन परिचय सभा के सामने रखा। सभा को मंडल ज के मंडलिय उपाध्यक्ष सरजीत सिंह भारी, प्रांतीय अध्यक्ष कैलाश काबरा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मधुसूदन सिकरिया, नवगठित महिला शाखा की अध्यक्षा श्रीमती मंजू दुग्गड़ ने भी संबोधित किया। प्रांतीय अध्यक्ष कैलाश काबरा ने समाज हित के विभिन्न मुद्दों पर बात करते हुए गुवाहाटी में बालिकाओं के रहने के लिए निर्माणाधीन छात्रावास के उपर सदन को जानकारी दी एवं आह्वान किया कि इसके निर्माण में श्रद्धा अनुसार आर्थिक अनुदान की आहुति देकर इस प्रकल्प को साकार करें। उन्होंने आगे कहा कि हमें स्थानीय नामघरों से जुड़ना चाहिए तथा हमे शादी का आयोजन एक दिवसीय कार्यक्रम के साथ दिन में सम्पन्न करना चाहिए ताकि समाज एवं परिवारों को अनचाहे कार्यक्रमों व फिजूलखर्ची से बचा जा सके। राष्ट्रीय महामंत्री कैलाशपति तोदी ने अपने भाषण में सम्मेलन द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर समाज के लोगों को शिक्षा,शादी आदि के लिए दी जा रही आर्थिक सहायता पर विस्तार से सदन को अवगत कराया एवं वर्तमान में बढ़ रहे तलाकों पर अपनी चिंता जाहिर की एवं बेटियों को सुसंस्कार देने पर बल दिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकुमार लोहिया ने अपने ओजस्वी पूर्ण संबोधन में समाज सुधार के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। पूर्वोत्तर में छह दिनों तक चले दौड़े के दौरान मिले अपार प्यार को स्मरण करते हुए उन्होंने राजस्थान की हवा को दवा बताया। उन्होंने कहा कि हमारी पहचान कपड़ों से नहीं बल्कि चरित्र से होती है। हमें हमारे बच्चे को अच्छी परंपरा के साथ अच्छी संस्कृति व अच्छे संस्कार से प्रेरित करना चाहिए ताकि आगे चलकर हम एक सुंदर समाज का गठन कर सकें।

## मणिपुर पुलिस ने 155 लोगों को लिया हिरासत में

**इंफाल ( हिंस )।** मणिपुर पुलिस ने राज्य के विभिन्न जिलों के संवेदनशील तथा दुर्गम इलाकों में सघन छापामारी तथा तलाशी अभियान चलाया। अभियान में भारतीय न्याय संहिता की अलग-अलग धाराओं के उल्लंघन के सिलसिले में 155 लोगों को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने आज बताया कि आवश्यक वस्तुओं के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 37 पर 355 तथा राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 2 पर 416 वाहनों की आवाजाही सुनिश्चित की गई है। वाहनों की स्वतंत्र और सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए सभी संवेदनशील स्थानों पर कड़े

## हिमाचल मंत्रिमंडल ने वित्त आयोग गठित करने मंजूरी दी

**शिमला (ईएमएस)।** हिमाचल प्रदेश मंत्रिमंडल की मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में हुई बैठक में पंचायतों और नगर पालिकाओं की वित्तीय स्थिति की समीक्षा करने और सरकार से सिफारिशें करने के लिए सातवें राज्य वित्त आयोग का गठन करने का निर्णय लिया गया। हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड के तहत पंजीकृत 1.5 लाख श्रमिकों और आशा कार्यकताओं, आंगनवाड़ी कार्यकताओं और सहायिकाओं को आयुष्मान भारत योजना के तहत शामिल करने का भी निर्णय लिया गया। मंत्रिमंडल ने आईटी, आयुष, स्वास्थ्य, पर्यटन और शिक्षा आदि जैसे सेवा क्षेत्रों में अधिक निवेश आकर्षित करने के लिए हिमाचल प्रदेश औद्योगिक निवेश नीति, 2019 के दायरे में और अधिक वस्तुओं को लाने का भी निर्णय लिया।

# महादेव ऐप मामले में हवाला कारोबारी की 580 करोड़ की संपत्ति जब्त

### -ईडी ने दुबई स्थित हवाला कारोबारी की 580 करोड़ की संपत्ति जब्त की




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महादेव ऐप से जुड़े धनशोधन मामले में ताजा छापेमारी के बाद दुबई स्थित हवाला कारोबारी की 580 करोड़ रुपये की प्रतिभूतियां एवं 3.64 करोड़ रुपये की नकदी व कीमती सामान जब्त किए। प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार को एक्स पोस्ट पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि महादेव ऐप से जुड़े धनशोधन मामले में दुबई के हवाला कारोबारी की 580 करोड़ रुपये की प्रतिभूतियां और 3.64 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की गई है। ईडी ने इस मामले में 28 फरवरी को कोलकाता, गुरुग्राम, दिल्ली, इंदौर, मुंबई और रायपुर सहित 15 से ज्यादा ठिकानों पर छापे मारे थे। ईडी के मुताबिक महादेव ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी ऐप के मामले में जांच के दौरान छत्तीसगढ़ के विभिन्न उच्चपदस्थ नेताओं और नौकरशाहों की कथित संलिप्तता का संकेत मिला है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने छापेमारी के दौरान महादेव ऑनलाइन बुक से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग नेटवर्क के खिलाफ व्यापक तलाशी ली है। ईडी ने छापेमारी में 1.86 करोड़ रुपये की नकदी, 1.78 करोड़ रुपये और 580.78 करोड़ रुपये की अपराध से प्राप्त आय जब्त की है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने बताया कि तलाशी में डिजिटल डेटा और संपत्तियों की पहचान सहित बड़ी संख्या में आपत्तिजनक साक्ष्य जब्त किए गए हैं। ईडी के मुताबिक इस मामले में कुल जब्ती और फ्रीजिंग 1296.05 करोड़ रुपये है। एजेंसी "महादेव ऑनलाइन बुक" के खिलाफ धनशोधन के एक मामले की जांच कर रहा है, जो अवैध सट्टेबाजी वेबसाइटों को नए उपयोगकताओं को नामांकित करने, उपयोगकर्ता आईडी बनाने और बेनामी बैंक खातों के एक स्तरित वेब के जरिए धन की हेराफेरी करने में सक्षम बनाने के लिए ऑनलाइन प्लेटफार्मों की व्यवस्था करने वाला प्रमुख सिंडिकेट है।

# शरद पवार के घर हुई बैठक में तय किया गया सीट शेयरिंग फार्मूला



**मुंबई(ईएमएस)।** भाजपा से मुकाबला करने को लेकर तमाम दल चिंतित और बेचैन हैं। शंका कुशंकाओं को मिटाने और सीट शेयरिंग को लेकर महाराष्ट्र में विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) नेताओं की एक बैठक शरद पवार के घर पर हुई है। इस बैठक में सभी 48 लोकसभा सीटों के बंटवारे पर चर्चा की गई। पवार के सिल्वर ओक आवास पर हुई बैठक में कांग्रेस के अलावा, उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) और शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के शीर्ष नेता शामिल हुए। सूत्रों के मुताबिक जो फार्मूला निकलकर सामने आया है उसके मुताबिक, उद्धव ठाकरे शिव सेना को 21, कांग्रेस को 15, एनसीपी शरद पवार को 9, वीबीए को 2 और राजू शेट्टी स्वाभिमानी पक्ष को एक सीट दी जाएगी। हालांकि यह सीट बंटवारे का एक संभावित फार्मूला है जिसकी पुष्टि एमवीए नेताओं के सूत्रों ने की है। सूत्रों ने बताया कि यह अब तक सीट शेयरिंग का एक संभावित फॉर्मूला है जिस पर अंतिम फैसला वरिष्ठ नेता लेंगे। सबसे महत्वपूर्ण बात ये है कि जिस सीट पर जिस पार्टी का सांसद है, वह सीट उसी को दी जाएगी, भले ही उम्मीदवार ने पार्टी बदल ली हो लेकिन टिकट उसी पार्टी को मिलेगा। साथ ही 4 मार्च को दिल्ली में कांग्रेस नेताओं की अहम बैठक होगी जिसमें फिर से उम्मीदवारी पर चर्चा होगी और उसके बाद नामों पर मुहर लगाई जाएगी.विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) ने गुरुवार को कहा कि उसने सभी 48 लोकसभा सीटों पर सीट-बंटवारे पर चर्चा पूरी कर ली है।बैठक के बाद वरिष्ठ कांग्रेस नेता बालासाहेब थोराट ने कहा कि सीट-बंटवारे की प्रक्रिया वैकल्पिक योग्यता के आधार पर तय की गई और फॉमूर्ले पर जल्द ही एमवीए के शीर्ष नेता प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे। उन्होंने कहा, यह महत्वपूर्ण नहीं है कि कौन सी पार्टी कितनी सीटों पर चुनाव लड़ती है।

# विधानभवन के गलियारे में भिड़े शिंदे गुट के मंत्री और विधायक, मुख्यमंत्री ने दोनों को समझाया



**मुंबई, (हि.स.)।** विधानसभा के गलियारे में शुक्रवार को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे गुट की शिवसेना के विधायक और मंत्री आपस से ही भिड़ गए। मंत्री शिंदे गुट के अन्य मंत्रियों और विधायकों ने दोनों को समझाकर मामला सुलझाया। इसके बाद भिड़ने मंत्री और विधायक के साथ मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने वार्ता कर दोनों को समझाया। इस मामले को लेकर विधानपरिषद में सदस्यों ने जोरदार हंगामा किया, जिससे सदन का कामकाज एक घंटे के लिए स्थगित कर दिया गया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को महाराष्ट्र विधानमंडल के बजट सत्र का आखिरी दिन विधानसभा के गलियारे में कर्जत विधानसभा क्षेत्र के विधायक महेंद्र थोरवे अपने क्षेत्र के विकास कार्य को लेकर मंत्री दादा भूसे से बात कर रहे थे लेकिन इसी बीच दोनों में इतना विवाद बढ़ गया कि मारपीट तक नौबत पहुंच गई। मौके पर उपस्थित मंत्री शंभूराजे देसाई, विधायक भरत गोगावले और प्रताप सरनाईक ने बीच बचाव कर मामला शांत किया। इसके बाद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने दादा भूसे और महेंद्र थोरवे को बुलाकर आपस में विवाद न करने और थोरवे का काम तत्काल करने का निर्देश दिया है। बाद में पत्रकारों के इस संबंध में पूछे गए सवालों का मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कोई जवाब नहीं दिया। विधायक प्रताप सरनाईक ने पत्रकारों को बताया कि महेंद्र थोरवे पहली बार विधायक बने हैं, जबकि दादा भूसे कई बार चुने गए वरिष्ठ विधायक और मंत्री हैं। क्षेत्र के विकास कार्य को लेकर महेंद्र थोरवे ने आक्रमकता से बात की है। मुख्यमंत्री ने इस विषय को गंभीरता से लिया और दोनों को समझा दिया है। राकांपा विधायक दल के नेता जयंत पाटिल ने विधानसभा में मंत्री और विधायक में हुई मारपीट की छानबीन करने की मांग की है। पाटिल ने कहा कि महाराष्ट्र में गैंगवार महाराष्ट्र विधानमंडल तक पहुंच गया है। इसकी जांच कर सारी जानकारी सदन को देनी चाहिए। विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष अंबादास दानवे ने कहा कि यह मामला बहुत ही गंभीर है। इस विधायक और मंत्री के बीच मारपीट किस कारण हुई, इसकी जानकारी सदन को मिलनी चाहिए। इसके बाद सदन में हंगामा होने लगा, जिस पर विधानपरिषद की उपसभापति नीलम गोरहे ने सदन का कामकाज एक घंटे के लिए स्थगित कर दिया।


# हिमाचल मंत्रिमंडल ने वित्त आयोग गठित करने मंजूरी दी




**शिमला (ईएमएस)।** हिमाचल प्रदेश मंत्रिमंडल की मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में हुई बैठक में पंचायतों और नगर पालिकाओं की वित्तीय स्थिति की समीक्षा करने और सरकार से सिफारिशें करने के लिए सातवें राज्य वित्त आयोग का गठन करने का निर्णय लिया गया। हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड के तहत पंजीकृत 1.5 लाख श्रमिकों और आशा कार्यकताओं, आंगनवाड़ी कार्यकताओं और सहायिकाओं को आयुष्मान भारत योजना के तहत शामिल करने का भी निर्णय लिया गया। मंत्रिमंडल ने आईटी, आयुष, स्वास्थ्य, पर्यटन और शिक्षा आदि जैसे सेवा क्षेत्रों में अधिक निवेश आकर्षित करने के लिए हिमाचल प्रदेश औद्योगिक निवेश नीति, 2019 के दायरे में और अधिक वस्तुओं को लाने का भी निर्णय लिया। कैबिनेट ने श्रीनिवास रामानुजन डिजिटल डिवाइस योजना के तहत मेधावी छात्रों को 25,000 रुपये तक का प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण शुरू करने की मंजूरी दे दी।

# भारतीय कुश्ती संघ के चयन ट्रायल पर रोक की मांग, हाई कोर्ट में अगले सप्ताह हो सकती है सुनवाई




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारतीय कुश्ती संघ की ओर से आयोजित चयन ट्रायल पर रोक लगाने की मांग करते हुए बजरंग पूनिया समेत चार पहलवानों ने दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। हाई कोर्ट अगले सप्ताह इस याचिका पर सुनवाई कर सकता है। दिल्ली हाई कोर्ट में यह याचिका बजरंग पूनिया के अलावा विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और सत्यव्रत कादियान ने दायर की है। याचिका में भारतीय कुश्ती संघ की ओर से एशियन ओलंपिक क्वालिफायर्स एंड वर्ल्ड ओलंपिक क्वालिफायर्स के दूसरे सेलेक्शन ट्रायल के लिए पहलवानों को आमंत्रित किए जाने को चुनौती दी गई है। याचिका में कहा गया है कि खेल मंत्रालय ने भारतीय कुश्ती संघ को निलंबित कर रखा है, ऐसे में भारतीय कुश्ती संघ को ट्रायल के लिए पहलवानों को आमंत्रित करने का अधिकार नहीं है। याचिका में कहा गया है कि भारतीय ओलंपिक एसोसिएशन ने भारतीय कुश्ती संघ के कामकाज को देखने के लिए तदर्थ कमेटी का गठन किया था। भारतीय कुश्ती संघ अपनी कानूनी स्थिति जानने के बाद भी सेलेक्शन ट्रायल के लिए पहलवानों को आमंत्रित कर रहा है। याचिका में कहा गया है कि जब तक भारतीय कुश्ती संघ को ऐसे आयोजन करने और सर्कुलर जारी करने से रोका नहीं जाएगा, तब तक वो गैरकानूनी तरीके से पहलवानों को दिग्भ्रमित करने और उन्हें प्रभावित करने की कोशिश करता रहेगा। याचिका में कहा गया है कि तदर्थ समिति ने भी जो सेलेक्शन ट्रायल की तिथि तय की है, वही तिथि भारतीय कुश्ती संघ ने भी तय की है। ऐसा होने से पहलवानों में काफी भ्रम होगा। इन पहलवानों ने भाजपा सांसद और भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ मोर्चा खोला हुआ है। महिला पहलवानों ने बृजभूषण सिंह और भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व सचिव विनोद तोमर के खिलाफ यौन शोषण का आरोप लगाते हुए केस भी दर्ज कराया है, जो राऊज एवेन्यू कोर्ट में लंबित है।

# जमीन कब्जाने का तरीका बन गया है मंदिर बनाना




**अहमदाबाद(ईएमएस)।** सरकारी जमीन पर कब्जा करने का आसान और सरल तरीका है कि वहां मंदिर बना लिया जाए। जब वही मंदिर किसी सड़क निर्माण में बाधक बने तो इमोशनल ब्लैकमैलिंग शुरू हो जाती है। ये टिप्पणी गुजरात हाईकोर्ट की है। टाउन प्लानिंग स्कीम के तहत एक रोड के लिए ध्वस्तीकरण कार्रवाई को लेकर अहमदाबाद के कुछ लोग हाईकोर्ट पहुंचे और एक मंदिर को छोड़ दिए जाने की गुजारिश की। याचिका पर सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस सुनीता अग्रवाल ने कहा कि मंदिर बनाना भी देश में सरकारी जमीन पर कब्जे का एक तरीका है। उन्होंने कहा, इस तरह लोग सबको इमोशनल ब्लैकमेल करते हैं। भारत में सरकारी जमीन पर कब्जे का एक तरीका मंदिर बना देना भी है। चीफ जस्टिस ने कहा, जस्टिस ने कहा कि जिस जमीन पर मंदिर है उस पर याचिकाकताओं का मालिकाना हक नहीं। जज ने कहा, यह कहकर कि मंदिर को हटा दिया जाएगा, आप भावनाओं का फायदा उठाना चाहते हैं। इसके बाद जज ने घरों को मंदिरों में बदलकर अवैध निर्माण को बचाने की बात करते हुए कहा, आप घर के बाहर कुछ चिह्न रखकर इसे मंदिर बना दीजिए। भारत में जमीन कब्जाने का यह भी एक तरीका है। अंतरिम आदेश में कोर्ट ने ध्वस्तीकरण के खिलाफ संरक्षण प्रदान किया। आगे की सुनवाई 14 मार्च को होगी। रिपोर्ट के मुताबिक चांदलोडिया के 93 परिवारों ने सड़क निर्माण का विरोध करते हुए याचिका दायर की है। सिंगल जज की अदालत में याचिका खारिज हो जाने के बाद उन्होंने डिवीजन बेंच के सामने अपील दायर की। अहमदाबाद म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन की तरफ से यह आश्वासन दिए जाने के बावजूद कि किसी का घर नहीं तोड़ा जाएगा, याचिकाकताओं एक मंदिर को प्रस्तावित सड़क से बचा लेने की मांग की। उन्होंने दलील दी कि पूरे समुदाय की भावनाएं इससे जुड़ीं हैं और सबने इसको बनाने में योगदान दिया है।

# दिल्ली के इंदिरा गांधी सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल में ऑपरेशन थियेटर बंद



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** द्वारका स्थित इंदिरा गांधी सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल में इन दिनों सीनियर नर्स, ओटी टेक्नीशियन समेत अन्य कर्मचारियों की कमी का संकट गहराता जा रहा है। इसकी वजह से कई ऑपरेशन थिएटरों में सर्जरी ठप है। जिससे मरीज परेशान है। सूत्रों का दावा है कि ओटी बंद होने मरीज वापस हो रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, द्वारका सेक्टर-10 स्थित इंदिरा गांधी अस्पताल में करीब 1270 बेड की सुविधा है, लेकिन इसमें से करीब 500 बेड पर मरीज का इलाज किया जा रहा है। अस्पताल के एक डॉक्टर ने बताया कि अस्पताल में करीब 290 नर्स तैनात हैं, जिसमें से 170 नर्स का तबादला करीब 20 जनवरी को अलग-अलग अस्पतालों में कर दिया गया है। इसकी वजह से यहां इलाज की सुविधा बेपटरी पर आ गई। अस्पताल के एक कर्मचारी ने बताया कि अस्पताल में पांच ऑपरेशन थिएटर बंद है।

इसमें से आई, ईएनटी, गायनी, सर्जरी और ऑर्थो का ऑपरेशन थिएटर डेढ़ महीने से ठप है। नतीजतन, पोस्ट ऑपरेटिव वॉर्ड खाली पड़ा हुआ है। सूत्रों का दावा है कि कर्मचारियों के अभाव में मरीजों को दूसरे अस्पताल में रेफर किया जा रहा है। वहीं, ओटी बंद होने से अन्य कर्मचारी भी परेशान हैं। वह लगातार अस्पताल प्रशासन से कर्मचारियों की नियुक्ति की मांग कर रहे हैं। इसके बावजूद अब तक अस्पताल के कर्मचारी नहीं मिले। वहीं, अस्पताल प्रशासन का दावा है कि कुछ दिनों में ऑपरेशन थिएटर शुरू हो जाएंगे।

# प्रधानमंत्री मोदी आज झारखंड,पं. बंगाल में, कल दोपहर पहुंचेंगे बिहार, देंगे विकास परियोजनाओं की सौगात




**नई दिल्ली,(हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का झारखंड, पश्चिम बंगाल और बिहार का दो दिवसीय दौरा आज से शुरू हो रहा है। वो इस दौरान इन राज्यों में विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने प्रधानमंत्री मोदी के आज के कार्यक्रम का विवरण अपने एक्स हैंडल पर साझा किया है। साथ ही उनके कार्यालय ने यात्रा की पूर्व संध्या पर दो दिवसीय दौरे का ब्यौरा दिया।

प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के अनुसार, प्रधानमंत्री मोद पहली मार्च को सुबह 11 बजे झारखंड के धनबाद जिले के सिंदरी पहुंचेंगे और एक सार्वजनिक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। यहां वह झारखंड में 35,700 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इसके बाद धनबाद में जनसभा को संबोधित करेंगे। पीएमओ के अनुसार, झारखंड का दौरा पूरा करने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपराह्न तीन बजे पश्चिम बंगाल के हुगली के आरामबाग में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में 7,200 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे।

प्रधानमंत्री दो मार्च को सुबह 10:30 बजे पश्चिम बंगाल के नादिया जिले के कृष्णानगर पहुंचेंगे, जहां वह 15,000 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी यहां के बाद दोपहर 2:30 बजे वह बिहार के औरंगाबाद में 21,400 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। शाम 5:15 बजे बिहार के बेगूसराय पहुंचेंगे, जहां वह एक सार्वजनिक कार्यक्रम में भाग लेंगे और देशभर में लगभग 1.48 लाख करोड़ रुपये की और बिहार में 13,400 रुपये से अधिक की तेल और गैस क्षेत्र की परियोजनाओं आदि का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

# अमित शाह आज शहरी सहकारी बैंकों के लिए एनयूसीएफडीसी का करेंगे उद्घाटन



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह शनिवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में शहरी सहकारी बैंकों के लिए अम्ब्रेला संगठन नेशनल अर्बन कोऑपरेटिव फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनयूसीएफडीसी) का उद्घाटन करेंगे। एनयूसीएफडीसी को गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) के रूप में कार्य करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक से पंजीकरण प्रमाणपत्र (सीओआर) प्राप्त हुआ है, जिससे इस अम्ब्रेला संगठन को शहरी सहकारी बैंकिंग क्षेत्र के लिए एक स्व-नियामक संगठन (एसआरओ) के रूप में कार्य करने की अनुमति दी जाएगी। इस अम्ब्रेला संगठन की स्थापना से सहकारी बैंकों के लिए विशेष कार्य और सेवाएं सुनिश्चित होंगी, बैंकों और नियामकों के बीच संचार की सुविधा मिलेगी और शहरी सहकारी बैंकों के सामने आने वाली चुनौतियों, जैसे पुरानी प्रौद्योगिकी प्लेटफार्मों और सीमित सेवा पेशकशों इत्यादि का समाधान होगा। एनयूसीएफडीसी के अध्यक्ष ज्योतिंद्र मेहता ने बताया कि अंब्रेला संगठन शहरी सहकारी बैंकिंग क्षेत्र के लिए एक स्व-नियामक संगठन के रूप में भी कार्य करेगा। आरबीआई द्वारा एनयूसीएफडीसी को दी गई मंजूरी में सदस्य यूसीबी को फंड-आधारित और गैर-फंड-आधारित सेवाओं की एक श्रृंखला और अत्याधुनिक आईटी समर्थन प्रदान करने की परिकल्पना की गई। मेहता ने बताया कि एनयूसीएफडीसी का प्रबंधन निदेशक मंडल और सीईओ द्वारा किया जाएगा, जिनके पास विशेषज्ञता के अपने संबंधित क्षेत्रों में सिद्धहस्तता है और उन्हें आरबीआई द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुसार नियुक्त किया गया है। दिन-प्रतिदिन के कार्यों का प्रबंधन संगठन में डोमेन ज्ञान वाले पेशेवरों द्वारा किया जाएगा जो कंपनी अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार अत्याधुनिक आईटी प्लेटफॉर्म पर गहन प्रौद्योगिकी से संचालित होंगे।

# बांग्लादेश के जहाजरानी राज्यमंत्री खालिद चौधरी की भारत से वीजा प्रक्रिया सरल करने की मांग



**कोलकाता, (हि.स.)।** बांग्लादेश के जहाजरानी राज्यमंत्री खालिद महमूद चौधरी ने भारत से बांग्लादेश के नागरिकों के लिए वीजा प्रक्रिया सरल करने का आग्रह किया है। उन्होंने यह मांग गुरुवार को भारत-बांग्लादेश मैत्री संघ के कार्यक्रम में की। इस कार्यक्रम में संघ के अध्यक्ष शिशिर बाजोरिया, कोलकाता में बांग्लादेश के उप उच्चायुक्त अंदालिब इलियास और शमिक लाहिरी मौजूद रहे। चौधरी ने कहा कि बांग्लादेश चिकित्सा जैसी कुछ महत्वपूर्ण चीजों के लिए भारत, खासकर पश्चिम बंगाल पर निर्भर हैं। जल्द वीजा न मिलने से नागरिकों को परेशानी होती है। कल मैंने बांग्लादेश में भारतीय राजदूत प्रणय वर्मा से इस मामले पर बात की है। उन्होंने मदद करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा, "बांग्लादेश में किसी भी आपातकालीन स्थिति में भारत के समर्थन के लिए हम आभारी हैं।" इस संदर्भ में उन्होंने आलू-प्याज के अकाल के दौरान भारत सरकार द्वारा उठाए गए आपातकालीन उपायों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और शेख हसीना ने द्विपक्षीय संबंधों को ऊंचे शिखर पर पहुंचाया है। दोनों देश बांग्ला भाषा और सांस्कृतिक एकता से बंधे हैं। हमारी रगों में एक जैसा खून बह रहा है। आपसी विश्वास का बंधन हमें एक साथ बांधता है। इसकी शुरूआत बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान ने की थी। बांग्लादेश के मंत्री ने कहा, "देश की आजादी में भारत के योगदान को बांग्लादेश हमेशा याद करता है। युद्ध में भारत के 12 हजार लोग शहीद हुए। इसे भूलना नहीं है। एक करोड़ से अधिक शरणार्थियों ने भारत में शरण ली, मुख्यतः पश्चिम बंगाल और त्रिपुरा में। यह प्रबंधन कितना कठिन है, इसका अंदाजा हमें 10 लाख रोहिंग्याओं को शरण देने से लगता है। भारत ने हमें जीत हासिल करने में चार तरह से मदद की। मैं जेल में बंद शेख मुजीबुर रहमान को छुड़ाने में भारत द्वारा निभाई गई भूमिका को सम्मानपूर्वक याद करता हूं। कोलकाता में बांग्लादेश के उप उच्चायुक्त अंदालिब एलियास ने अपने संक्षिप्त भाषण में कहा, "सिर्फ अंतरराष्ट्रीय भाषा दिवस मनाकर हम अपना कर्तव्य नहीं निभा रहे हैं। हमारा अंतरराष्ट्रीय भाषा केंद्र ढाका में है। वहां अलग-अलग भाषा का चलन है।" नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक फाइनेंस ऐंड पॉलिसी के पूर्व निदेशक अशोक लाहिड़ी ने बांग्लादेश में अपने पैतृक निवास को याद किया और कहा कि दोनों ही देश पारंपरिक तौर पर हमेशा से एक-दूसरे से जुड़े रहे हैं।

# पीएम मोदी आज आएंगे बिहार 50 हजार करोड़ की देंगे सौगात



**पटना ( हिंस )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झारखंड के दौरे के बाद शनिवार यानी दो मार्च को दो बजे के करीब बिहार के बेगूसराय आएंगे। यहां वे एक जनसभा को संबोधित करेंगे। साथ ही 50 हजार करोड़ रुपए की राशि से योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। पीएम की यात्रा को देखते हुए केंद्रीय मंत्री तथा स्थानीय सांसद गिरिराज सिंह के साथ पुलिस पदाधिकारियों और एसपीजी के पदाधिकारियों ने हेलीपैड, मंच स्थल, आम लोगों के आने जाने वाले मार्ग, सभा स्थल सहित अन्य मूलभूत बिंदुओं पर विचार-विमर्श करते हुए निरीक्षण किया। साथ ही संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर, केंद्रीय उर्वरक एवं रसायन मंत्री मनसुख मांडविया, राज्यमंत्री भगवंत सुबा, डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के अलावा कई अन्य नेता मंच पर मौजूद रहेंगे।

# हरियाणा सरकार ने बॉर्डर को जंग का मैदान और जेल बना दिया : चढूनी

## बोले, पंजाब के संगठनों ने उनके आगे रखी थी राजनीति में ना उतरने की शर्त



**कैथल ( हिंस )।** भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढूनी ने किसान आंदोलन पर बोलते हुए कहा कि किसान जब अपना हक मांगने दिल्ली कूच कर रहा है तो हरियाणा सरकार ने पंजाब हरियाणा के बॉर्डर को जंग का मैदान और जेल बना दिया है। किसान अब न रूकेगा, न झुकेगा, न ही पीछे हटेगा। किसान अपने अधिकार लिए बिना अपने घर नहीं लौटेगा। वे शुक्रवार को गांव हाबड़ी में एक कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। गुरनाम सिंह से चढूनी ने कहा कि लोकतंत्र मे जनता ही सबसे बड़ी ताकत है। जो सता की कुर्सी पर बैठा सकती है। वह सता से बाहर का रास्ता भी दिखा सकती है। वहीं अगर यह बर्बरतार्पूण करवाई सरकार नहीं रोकती तो हरियाणा के किसान भी कड़ा फैसला लेने पर मजबूर होंगे। भाजपा सरकार की मंशा अराजकता फैलाकर प्रदेश का माहौल खराब करना है। उन्होंने कहा कि अपनी मांगों को दिल्ली कूच कर रहे किसानों को शंभू व खनौरी-पातड़ा बॉर्डर पर किसानों से हुए बर्बरतार्पूण व्यवहार गलत व निदंनीय है। जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों की सभी मांगें जायज है। गुरनाम सिंह चढूनी ने कहां कि किसानों को अपनी मांगों को लेकर एक साथ आना होगा। जब तक मांगे ना माने जाए तब तक लड़ाई लड़ी जाए। शर्तो के आधार पर आंदोलन नहीं किए जा सकते। किसानो की मांगे पूरी करवाने के लिए सड़क पर आंदोलन से लेकर संसद तक मे भागीदारी बेहद आवश्यक है। पंजाब के कुछ संगठनों ने उनके साथ राजनीति में ना उतरने की शर्त के साथ चर्चा की गई थी। जो सही नहीं थी। जब पहले किसान आंदोलन चलाया गया था। तब सभी से समय रहते चर्चा की गई थी, लेकिन इस बार ऐसा नहीं है। इस मौके पर युवा प्रदेशाध्यक्ष विक्रम कसाना एडवोकेट, कार्यकारी जिलाध्यक्ष गुरनाम सिंह फरल, कृष्ण कौल, कुडा राम पबनावा व रणजीत फतेहाबाद उपस्थित थे।

# राजद विधायक भरत बिंद ने पाला बदलकर भाजपा का दामन थामा



**पटना ( हिंस )।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के एक और विधायक ने शुक्रवार को पाला बदलकर भाजपा का दामन थाम लिया। 12 फरवरी से अब तक राजद के पांच और कांग्रेस के दो यानी महागठबंधन के कुल सात विधायकों ने पाला बदल लिया है। राजद के भभुआ से विधायक भरत बिंद डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी की गाड़ी में बैठ कर विधानसभा पहुंचे। इसके बाद वे विपक्षी पार्टियों की बेंच के बजाय सत्ता पक्ष की बेंच पर भाजपा विधायकों के साथ जाकर बैठ गए। सदन में मौजदू भाजपा और जदयू के विधायकों ने उनका स्वागत किया। भरत बिंद राजद के पांचवे विधायक हैं, जिन्होंने पिछले 18 दिनों में पाला बदल लिया है। इससे पहले 12 फरवरी को राजद के विधायक प्रहलाद यादव, नीलम देवी और चेतन आनंद ने पाला बदल लिया था। उस दिन विधानसभा में तत्कालीन अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश हुआ था और नीतीश कुमार की भाजपा के साथ बनी नई सरकार को विश्वास मत हासिल करना था।

# पंजाब विधानसभा में बजट सत्र के पहले दिन कांग्रेस का हंगामा, राज्यपाल नहीं पढ़ पाए भाषण

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब विधानसभा में शुक्रवार को शुरू हुए बजट सत्र की पहली बैठक हंगामे की भेंट चढ़ गई। कांग्रेस ने राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान नारेबाजी की, जिसके चलते राज्यपाल अभिभाषण नहीं पढ़ पाए। पंजाब विधानसभा में बजट सत्र की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू हुई। कार्यवाही शुरू के बाद जैसे ही राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित अभिभाषण के लिए मंच पर आए तो कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग तथा नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा ने खनौरी में मारे गए किसान के मामले में दर्ज एफआईआर का मुद्दा उठाया। कांग्रेस का आरोप था कि पुलिस ने एक सप्ताह बाद जीरो एफआईआर दर्ज की है। इस मामले में हरियाणा पुलिस को आरोपित नहीं बनाया गया। राज्यपाल ने कांग्रेसियों को काफी समझाने की कोशिश की लेकिन वह नहीं माने। इसके बाद राज्यपाल ने अपने भाषण की पहली और आखिरी लाइन पढ़ी और विधानसभा से चले गए। इस बीच कांग्रेस विधायकों ने कहा कि पंजाब के सीएम भगवंत मान राज्य की सीमा में भी किसानों की सुरक्षा नहीं कर सके। किसान शुभकरण की मौत पर पुलिस को अज्ञात बनाकर एफआईआर दर्ज की गई। हरियाणा के गृह मंत्री पर केस दर्ज क्यों नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि किसान शुभकरण सिंह का पोस्टमॉर्टम रात के अंधेरे में किया गया। यह कानून का उल्लंघन है। राज्यपाल के अभिभाषण के बाद सदन की कार्यवाही को दो बजे तक स्थगित कर दिया गया है। सदन के बाहर पत्रकारों से बातचीत में कांग्रेस विधायक दल नेता प्रताप सिंह बाजवा ने कहा कि सीएम भगवंत मान पंजाब की सीमा को भी सुरक्षा नहीं दे सके। उन्होंने कहा कि किसान शुभकरण की मौत पर दर्ज एफआईआर में पुलिस कैसे अज्ञात हो सकती है। भाजपा विधायक अश्वनी शर्मा ने कहा कि कांग्रेस को अपना इतिहास देखना चाहिए। जब उनकी सरकार थी तो उन्होंने किसानों के लिए क्या किया। मोदी सरकार ने कितना काम किया, इस पर ही बहस होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर हरियाणा 14 फसलों पर एमएसपी दे सकता है तो पंजाब क्यों नहीं देता।

# भाजपा का विरोध प्रदर्शन, पश्चिम बंगाल सरकार को बर्खास्त करने की मांग

**धौलपुर ( हिंस )।** पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिला अत्याचार को लेकर शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी की धौलपुर जिला इकाई द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष सत्येद्र पाराशर के नेतृत्व में भाजपाई जुलूस के रूप में जिला कलेक्ट्रेट पंहुचे तथा जमकर नारेबाजी की। गुस्साए भाजपाइयों ने टीएमसी नेता शाहजहां शेख और टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी के खिलाफ नारेबाजी कर टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी का पुतला दहन किया गया। विरोध प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष सत्येंद्र पाराशर ने कहा कि पश्चिम बंगाल में जिस प्रकार मानवीय मूल्यों पर कुठाराघात किया जा रहा है एवं लोकतंत्र की हत्या की जा रही है। माता और बहनों पर अत्याचार और अनाचार किया जा रहा है। इस सबके चलते हम ज्ञापन के माध्यम से राष्ट्रपति से पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाई जाने की मांग करते हैं। जिला कलेक्टर महोदय के द्वारा राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा गया है। ज्ञापन में भाजपा ने पश्चिम बंगाल में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार, यौन उत्पीड़न के विरोध में रोष प्रकट करते हुए राष्ट्रपति शासन लगाए जाने की मांग रखी है। विरोध प्रदर्शन के दौरान महिला मोर्चा की संयोजिका कल्पना शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष विशाल सिंघल, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष मदन कोली, छात्रनेता राहुल राणा, महामंत्री धीरसिंह जादोन, मंत्री हरेंद्र राव एवं विजय त्यागी तथा आईटी सह प्रभारी राजू गुर्जर सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्रभारी सचिव बदले, प्रशासनिक सुधार विभाग ने जारी की नई सूची

**जयपुर ( हिंस )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ब्यूरोक्रेसी में तबादलों के बाद अब पहली बार प्रभारी सचिवों को भी बदला गया है। इसके आदेश प्रशासनिक सुधार विभाग ने जारी किए है। जिलों में प्रभारी सचिवों का बदलाव करते हुए नई सूची जारी कर दी गई है। अब यह प्रभारी सचिव प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचाने के लिए अपने प्रभार वाले जिले में काम करेंगे। प्रशासनिक सुधार विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार, झालावाड़ में रवि जैन, जयपुर शहर और जयपुर ग्रामीण में आलोक, दूदू में आरती डोगरा, जालौर में विश्व मोहन शर्मा, सांचौर में शैली किशनाराम, झुंझुनूं में डॉक्टर समित शर्मा, जैसलमेर गायत्री राठौर, डूंगरपुर में राजेंद्र विजय, कोटा टी रविकांत, बारां में डॉक्टर जोगाराम, बीकानेर में नवीन जैन को लगाया गया है। वहीं, भरतपुर में शुचि त्यागी, पाली में पीसी किशन, डीडवाना में कन्हैयालाल स्वामी, सीकर में श्रेयागुहा, नीमकाथाना में इंदरजीत सिंह, सिरोही में पूनम, सवाई माधोपुर में संदीप वर्मा, गंगापुर सिटी में महेंद्र सोनी को लगाया गया है। इसी प्रकार राजसमंद में विकास सीताराम भाले, ब्यावर में कृष्ण कुणाल, टोंक में अर्चना सिंह, सलूंबर में लक्ष्मण सिंह कुड़ी, करौली में आशुतोष एटी पेंडनेकर, बालोतरा में कुमारपाल गौतम, केकड़ी में डॉक्टर पृथ्वी को लगाया गया है। साथ ही अजमेर में अपर्णा अरोड़ा, कोटपूतली बहरोड एवं खैरथल तिजारा में नकाते शिव प्रसाद मदन, अलवर में अमिताभ शर्मा, श्रीगंगानगर में वैभव गालरिया, बांसवाड़ा में धर्मेंद्र भान चतुर्वेदी, दौसा में भवानी सिंह देथा, शाहपुरा में जितेंद्र कुमार सोनी, नागौर में कुलदीप रांका, बाड़मेर में सुधीर कुमार, उदयपुर में आनंदी, फलोदी में करण सिंह को लगाया गया है। वहीं, चित्तौड़ में भानु प्रकाश एटरू, चूरू में भास्कर ए सांवत को लगाया गया है. इसी प्रकार डीग में वी सरवन कुमार, प्रतापगढ़ में वीपी सिंह, जोधपुर और जोधपुर ग्रामीण में दिनेश कुमार, धौलपुर में पी रमेश, बूंदी में कुंजीलाल मीणा, भीलवाड़ा में नवीन महाजन, अनूपगढ़ में ओमप्रकाश बुनकर, हनुमानगढ़ में डॉक्टर रवि कुमार सुरपुर को लगाया है।

# आशा वर्करों ने कैबिनेट मंत्री के कार्यालय का घेराव कर किया प्रदर्शन

**फरीदाबाद ( हिंस )।** आशा वर्कर यूनियन हरियाणा के बैनर तले आशा वर्करों ने हरियाणा के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा के कार्यालय का शुक्रवार को घेराव कर प्रदर्शन किया। उन्होंने अपनी मांगों को लेकर मंत्री के बड़े भाई टिपरचंद शर्मा को ज्ञापन सौंपा। आशा वर्कर की फरीदाबाद जिला प्रधान हेमलता ने बताया कि 73 दिन की हड़ताल के बाद सरकार ने बातचीत कर मांगों को पूरा करने के लिए सहमति बनी थी, लेकिन 5 महीने बीत जाने के बाद भी सरकार ने उन सभी मांगों को अभी तक अमल नहीं किया। जिसे लेकर शुक्रवार को पूरे प्रदेश की सभी आशा वर्कर सभी विधायकों के आवास पर जाकर सरकार को उन सभी मांगों को याद दिलवाकर उसे पूरा करवाने के लिए सभी विधायकों को ज्ञापन सौंपा जा रहा है। इसी कड़ी में फरीदाबाद में भी कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा के कार्यालय का घेराव कर उन्हें ज्ञापन सौंपा गया। उन्होंने कहा कि आज सभी आशा वर्कर से सरकार उनके कार्य से ज्यादा काम करवा रही है। सरकार आशा वर्करों को न तो मेडिकल भत्ता दे रही है, न ही राशन भत्ता और न ही रिटायरमेंट के दौरान उनका पेंशन का लाभ। सरकार जब सभी इन आशा वर्करों से स्वास्थ्य से जुड़े सभी कार्य करवा रही है तो उन्हें भी समान वेतन समान काम देना चाहिए।

# कांग्रेस सरकार ने सुशासन दिया, लेकिन भाजपा के झूठे प्रचार से हार गए : गहलोत



**जयपुर ( हिंस )।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य की भजनलाल सरकार और केन्द्र की मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा है कि पीएम ने गारंटी शब्द भी कांग्रेस से चुराया है। कांग्रेस सरकार ने सुशासन दिया, लेकिन भाजपा के झूठे प्रचार से हार गए। पूर्व सीएम गहलोत ने शुक्रवार को सिविल लाइंस में नए बंगले में प्रवेश करने के दौरान मीडिया से बातचीत में कहा कि राजस्थान के सीएम का रिमोट दिल्ली के पास है। सीएम महज छाया मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री से ज्यादा उपमुख्यमंत्री की चलती है। गहलोत ने कहा कि पीएम ने गारंटी शब्द भी कांग्रेस से चुराया। इलेक्टोरल बांड के नाम पर घोटाले का आरोप लगाते हुए गहलोत ने सवाल उठाया कि यदि 2024 में ये चुनाव जीत गए तो आगे चुनाव होंगे या नहीं, अगर होंगे तो चंडीगढ़ की तरह ही होंगे या रूस और चीन की तरह यहां चुनाव होंगे। गहलोत ने कहा कि प्रदेश को कांग्रेस सरकार ने गुड गवर्नेंस दी, लेकिन झूठ से हार गए। उन्होंने उदयपुर के कन्हैयालाल हत्याकांड का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि भाजपा ने ने यह झूठा प्रचार किया कि कन्हैयालाल को पांच लाख और एक मुसलमान को 50 लाख रुपए की सहायता दी गई। गहलोत ने ईआरसीपी-यमुना जल मामले में भी भाजपा पर झूठ बोलने का आरोप लगाया। हिमाचल प्रदेश के घटनाक्रम को भी गहलोत ने इसे भाजपा का किया धरा बताया। लोकसभा की तैयारी पर गहलोत ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह है, भले ही चुनाव नहीं जीत पाए, लेकिन कांग्रेस का वोट प्रतिशत बढ़ा है। महेन्द्रजीत सिंह मालवीया के मामले में गहलोत बोले कि जिनको भी जाना है वे जल्द चले जाएं, जाने वाले को जबरदस्ती रोकने का मतलब भी नहीं है।

# कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की जिम्मेदारी को ईमानदारी से निभाऊंगी : सुनीता कुशवाहा

**इटावा ( हिंस )।** कांग्रेस की नवनियुक्त महिला जिला अध्यक्ष सुनीता कुशवाहा एवं शहर अध्यक्ष सरला जाटव ने शुक्रवार को पार्टी कार्यालय पर सयुंक्त पत्रकार वार्ता की। महिला जिला अध्यक्ष सुनीता कुशवाहा एवं शहर अध्यक्ष सरला जाटव ने संयुक्त रूप से कहा कि कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने जो मुझ जैसे छोटे कार्यकर्ता को बड़ी जिम्मेदारी दी है हम उसे पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ निभाएंगे। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार महिला सुरक्षा को लेकर बड़े दावे करती है लेकिन राष्ट्रीय महिला सुरक्षा आयोग के आंकड़ों ने योगी सरकार के दावों की पोल खोल कर रख दी है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश में महिलाओं पर सबसे अधिक अत्याचार हुए हैं। बलात्कार के मामले में यूपी अव्वल स्थान पर है। रेप के बाद हत्या, गैंगरेप, दहेज हत्या और महिला अपहरण के मामले में उत्तर प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। दोनों नेता बनारस में बीएचयू की छात्रा के साथ भाजपा के आईटी सेल के पदाधिकारियों द्वारा की घिनौनी हरकत को लेकर भी भी हमलावर हुई। प्रेस वार्ता में जिला अध्यक्ष मलखान सिंह यादव, शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे, मोहम्मद राशिद खान, कोमल सिंह कुशवाहा, आलोक यादव, संजय दोहरे, आसिफ जादरान आदि लोगों उपस्थित रहे।

# यूपी में पिछले 10 वर्षों में 13 हजार किमी हो चुकी है नेशनल हाई-वे की लंबाई : गडकरी



**मीरजापुर ( हिंस )।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि इस साल के अंत तक उत्तर प्रदेश का सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर अमेरिका के समान होगा। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में 2014 तक 7643 किलोमीटर नेशनल हाई-वे था। पिछले 10 वर्षों में यह 13 हजार किलोमीटर हो चुका है। उत्तर प्रदेश में वर्तमान समय में दो लाख करोड़ रुपए का सड़क निर्माण कार्य चल रहा है। इसमें ग्रीन फील्ड का भी काम है। प्रतिदिन सात किलोमीटर सड़क का निर्माण किया जा रहा है। गडकरी ने मीरजापुर जिले में बथुआ स्थित पालीटेक्निक कॉलेज परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विंध्याचल धाम से अयोध्या धाम तक फोरलेन सड़क का शिलान्यास किया। फोरलेन सड़क बनने से मीरजापुर से जौनपुर, अकबरपुर होते हुए तीन घंटे में अयोध्या पहुंचा जा सकेगा। इसमें कई स्थानों पर काम शुरू हो चुका है। अन्य पर शुरू होगा। गडकरी ने मीरजापुर की लाइफ लाइन कहे जाने वाले शास्त्री पुल के बगल में 15 किलोमीटर लंबे छह लेन पुल का भी शिलान्यास किया। इस परियोजना पर 1750 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल में सड़कों का जाल बिछने से आस्था पथ पर कनेक्टिविटी बढ़ेगी ही, रोजगार के द्वार भी खुलेंगे। केंद्रीय मंत्री ने 1500 करोड़ रुपए से मीरजापुर-प्रयागराज राजमार्ग को फोरलेन किए जाने की भी घोषणा की। साथ ही प्रयागराज के कोरांव से मीरजापुर के अति पिछड़े आदिवासी बाहुल्य हलिया तक एक हजार करोड़ रुपए से फोरलेन सड़क निर्माण की घोषणा की। गडकरी ने कहा कि जून तक इस पर काम शुरू हो जाएगा। इसके अलावा वाराणसी-विंध्याचल मार्ग पर माधोसिंह में सौ करोड़ की लागत से ओवरब्रिज बनाने की घोषणा की। माधोसिंह में रेलवे क्रासिंग के चलते वाराणसी-विंध्याचल मार्ग पर जाम का सामना करना पड़ता है। ऐसे में ओवरब्रिज बनने से काशी-विंध्याचल-प्रयागराज-अयोध्या की राह आसान होगी ही, समय के साथ पैसे भी बचेंगे। वहीं पर्यटन को बढ़ावा मिलने से धार्मिक पर्यटन की संकल्पना भी साकार होगी। स्थानीय सांसद एवं केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने गडकरी का स्वागत किया। उनके संसदीय क्षेत्र में लगभग पांच हजार करोड़ रुपए की सड़कों के निर्माण कार्य की घोषणा एवं शिलान्यास से सांसद प्रफुल्लित दिखीं। कार्यक्रम में राज्य के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह भी मौजूद रहे।

# विभिन्न मुद्दों को लेकर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने निकाली दो पहिया रोष रैली, किया जमकर प्रदर्शन

**उधमपुर ( हिंस )।** दुकानदारों को सैनिटेशन टैक्स, पेड पार्किंग में डबल रेट, स्मार्ट मीटर आदि मुद्दों को लेकर कांग्रेस के जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष सुमित मगोत्रा की अध्यक्षता में शुक्रवार को कांग्रेसी कार्यकर्ताओं व स्थानीय लोगों ने भारी बारिश में दो पहिया वाहन रोष रैली निकाली तथा प्रदेश प्रशासन व केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। यह रैली धार रोड से निकलकर सलाथिया चैक, रामनगर चैक, मेन बाजार से होते हुए गोल मार्केट, इंदिरा चैक पहुंचकर संपन्न हुई। वहीं मगोत्रा ने प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार व यूटी प्रशासन के कहने पर म्युनिसिपल विभाग द्वारा दुकानदारों को सैनिटेशन टैक्स के नाम पर परेशान किया जा रहा है और एफआईआर लगाने की धमकियां दी जा रहीं हैं। इसके अलावा नगर परिषद विभाग द्वारा कुछ महीने पहले शहर में पार्किंग को लेकर टेंडर निकाला गया और अब पार्किंग के दामों को भी दोगुने करके आम लोगों को लूटने का काम किया जा रहा है। मगोत्रा ने कहा कि जम्मू की तरह पार्किंग के रेट तय किए जा रहे हैं लेकिन जम्मू में मल्टीस्टोरी बिल्डिंग में पार्किंग बनी हैं और सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं जबकि ऊधमपुर में सड़क किनारे कीचड़ में भी गाड़ी लगाने के लिए जम्मू जैसे पैसे वसूले जा रहे हैं, जो हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। मगोत्रा ने सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि एक तरफ स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं दूसरी और 6 घंटे का बिजली का अघोषित कट लगाया जा रहा है, जिससे छात्रों की पढ़ाई से लेकर आम आदमी भी काफी परेशान है। मगोत्रा ने कहा कि सरकार व यूटी प्रशासन का एक ही लक्ष्य बन चुका है कि रेवन्यू कैसे इकट्ठा करना है लेकिन कांग्रेस सरकार की हर उस नीति का जमकर विरोध करेगी जो आम लोगों के हित में नहीं होगा।

# कामगार महिलाओं को दूसरा बच्चा लड़का जन्म देने पर मिलेंगी पांच हजार की मदद

**चण्डीगढ़ ( हिंस )।** हरियाणा सरकार ने कामगार महिलाओं को बेहतर सुविधाएं देने के लिए एक अहम कदम उठाया है। इसके तहत अब कामगार महिलाओं को दूसरा बच्चा लड़का होने पर भी प्रदेश सरकार की *मुख्यमंत्री मातृत्व सहायता* योजना के तहत पांच हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी। शुक्रवार को सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग ने गर्भावस्था में मजदूरी के दौरान व स्तनपान करवाने वाली महिलाओं में पोषणयुक्त आहार की पर्याप्त मात्रा सुनिश्चित करने के लिए *मुख्यमंत्री मातृत्व सहायता* योजना शुरू की है। इस योजना के तहत पहले बच्चे के जन्म पर लाभ दिया जाता है। अब सरकार ने दूसरे बच्चे के रूप में लड़का जन्म देने वाली अनुसूचित जाति और जनजाति की महिलाएं भी इस योजना का लाभ उठा सकती हैं। उन्होंने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से क्रियान्वित योजना के तहत अब 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग महिलाओं सहित मनरेगा जॉब कार्ड, ई-श्रम कार्ड, बीपीएल राशन कार्ड, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और किसान सम्मान निधि की लाभार्थी महिलाएं भी इस योजना का लाभ लेने के लिए पात्र होंगी। योजना का लाभ लेने के लिए संबंधित महिला के परिवार की सालाना आमदनी 8 लाख रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए। इस योजना के लिए आधार कार्ड अनिवार्य है। केंद्र या प्रदेश सरकार की नौकरियों और सार्वजनिक उपक्रमों में तैनात महिला कर्मचारी योजना का लाभ लेने के लिए पात्र नहीं होंगी। सहायता राशि लेने के लिए गर्भावस्था के पंजीकरण के बाद कम से कम एक बार प्रसव पूर्व जांच के साथ ही बच्चे का पंजीकरण और उसे बीसीजी, ओपीवी, डीपीटी और हेपेटाइटिस बी के टीके लगवाना भी जरूरी है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री मातृत्व सहायता योजना का लाभ लेने के लिए आंगनबाड़ी वर्कर या आशा वर्कर के माध्यम से आवेदन किया जा सकेगा। केंद्र सरकार द्वारा कामगार महिलाओं के लिए पहले से प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना संचालित की जा रही है, जिसके तहत पांच हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि तीन किस्तों में प्रदान की जाती थी।

# पक्षियों में प्रबल हो रही है प्रतिस्पर्धा एवं हठ की भावना

**गोरखपुर ( हिंस )।** प्रख्यात पर्यावरणविद ग्रीन आस्कर अवार्ड विजेता माइक हरिगोविंद पांडेय कहते हैं कि प्रवासी पक्षी शहरों से दूर होने लगे हैं। इधर, स्थानीय पक्षियों मसलन गौरैया, कबूतर समेत अन्य पक्षियों के स्वभाव में काफी बदलाव दिखन लगा है। रिसर्च में यह बात सामने आई है कि शहरी पक्षियों में प्रतिस्पर्धा एवं हठ की भावना प्रबल हो रही है। माइक हरिगोविंद पांडेय कहते हैं कि जो पक्षी पहले से शहर में रह रहे होते हैं, उनके व्यवहार में बहुत सख्ती देखने को मिलने लगी है। इनमें प्रतिस्पर्धा की भावनाएं आ जाने लगी हैं। हालात यह है कि अब वे प्रवासी पक्षियों को ठहरने ही नहीं देते। उन्होंने बताया कि शहरों में कृत्रिम प्रकाश के कारण पक्षियों में प्रजनन की समयावधि भी बढ़ रही है। ऐसा पक्षियों में लुटीनाइजिंग हार्मोन की मात्रा बढ़ने से हो रहा। यह हार्मोन पक्षियों की प्रजनन क्षमता को बढ़ा देता है। इधर, बढ़ते ध्वनि प्रदूषण या कहें शोर से शहरी पक्षियों की आवाज भी मधुर के बजाए कर्कश हो रही है। वाइल्ड लाइफ विशेष डिप्टी डायरेक्टर पशुपालन उत्तर प्रदेश डॉ. आरके सिंह कहते हैं कि पक्षियों के अंडों को छूना नहीं चाहिए, अन्यथा पक्षी इन्हें पहचाने से इंकार देते हैं। स्वत- अंडों को तोड़ देते हैं। उन्होंने बताया कि कबूतर साल में 08 बार अंडे देते हैं। एक समय में दो अंडे देते हैं। एक से दूसरे अंडे के बीच 24 घंटे से ज्यादा का अंतराल भी हो सकता है। अंडों को नर एवं मादा दोनों मिल कर सेते हैं। 18 से 19 दिन के बाद चूजे निकल आते हैं। चूजों का वजन अंडे से निकलने के दूसरे ही दिन दुगुना हो जाता है। उसकी आंखें 4 दिन बाद खुलती है। कबूतर अपने बच्चों को दो महीने तक घोंसले में ही रखता है। वहीं खाना-पानी देता है। स्तनपायी में केवल मादा ही अपने शिशुओं को स्तनपान करा सकती है लेकिन कबूतर में नर-मादा दोनों अपने बच्चे को दूध पिलाते हैं। कबूतरों की गर्दन में थैली जैसी बनावट होती है, जिससे तरल पदार्थ क्रॉप मिल्क



निकलता है। काफी ज़्यादा प्रोटीन और वसा होता है। इसी थैली से कबूतर दूध पिलाता है। बढ़ते शहरीकरण ने जैव विविधिता को सर्वाधिक प्रभावित है। एक ओर पक्षी शहरों से दूर जा रहे दूसरी ओर जो पक्षी शहरों में हैं, वे मनुष्यों के साथ सह-अस्तितव और सामंजस्य बढ़ा रहे हैं। इतना कि पक्षियों के स्वभाव तब्दील होने लगे हैं। यह पक्षी इस कदर दबंग या यूं कहें कि ढीठ हो चुके हैं कि अब बालकनी में रखे सूखे गमले को प्रजनन के लिए चुनने में इन्हें गुरेज नहीं है। वन्यजीव के क्षेत्र में कार्य करने वाली हेरिटेज फाउंडेशन की संरक्षिका साहित्यकार डॉ. अनिता अग्रवाल की 11वीं मंजिल की पूरब की ओर की बालकनी में पिछले दिनों कबूतर ने दो दिन में दो अंडे दिए। डॉ. अनिता रामगढ़झील के निकट जेमिनी गार्डेनिया सोसाइटी में निवास करती हैं। बकौल डॉ. अनिता घर में काम करने वाली महिला ने बताया कि गमले में कबूतर ने एक अंडे दिए हैं। मैंने सभी को उधर जाने से मना किया, अगले दिन देखा कि वह अंडा बड़ा हो गया, उसके साथ एक और छोटा अंडा पड़ा है। कुछ लोगों ने कहा कि कबूतर का घर में रहना अशुभ है। लेकिन मेरे मन में विचार आया कि कबूतर और उसका अंडा भी प्रकृति का हिस्सा है, एक जीव जो अभी अंडे से बाहर भी नहीं आया, कैसे अशुभ हो सकता है? फिलहाल उनकी चिंता इस बात की है कबूतर उस स्थान को सुरक्षित स्थान मान अपना आवास न मान ले, क्योंकि ऐसा होने से उनकी शौच की प्रवृत्ति से दिक्कतें हो सकती हैं।

संपादकीय

# पांच फीसदी से कम 'गरीब'

**भारत** सरकार ने राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (एनएसएसओ) का 2022-23 के घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण का सारांश छापा है। औसतन भारतीय परिवार, उसके खर्च और 'गरीबी' पर यह महत्वपूर्ण आर्थिक डाटा है। नीति आयोग ने इसकी रपट जारी की है। सबसे महत्वपूर्ण निष्कर्ष यह है कि देश की आबादी का 5 फीसदी से भी कम लोग, यानी 7.20 करोड़ भारतीय ही, 'गरीब' रह गए हैं। गरीबी का यह डाटा 2011-12 के बाद सामने आया है। एक ऐसा ही सर्वेक्षण 2017-18 में भी आया था। उसमें 'गरीबी' बढ़ती हुई दिख रही थी, लिहाजा मोदी सरकार ने वह रपट छिपा ली थी। तब सरकार के आर्थिक डाटा की खूब आलोचना हुई थी। 'गरीबी' की हकीकत पर कई सवाल भी उठाए गए थे, लिहाजा 11 साल के बाद यह सर्वेक्षण विधिवत सामने आया है, जिसमें अचानक 'गरीब' की 5 फीसदी से भी कम आबादी रह गई है। यह भी निष्कर्ष सामने आया है कि ग्रामीण इलाकों में प्रति व्यक्ति माहवार खर्च 1441 रुपए है, जबकि शहरों में यही खर्च 2087 रुपए है। अब लोग गेहूं, चावल, दाल आदि अनाज पर कम खर्च करते हैं, जबकि पैकेटबंद नमकीन, चिप्स और फल आदि पर ज्यादा खर्च करते हैं। 2022-23 की रपट के अनुसार, ग्रामीण क्षेत्र में भोजन पर खर्च प्रति व्यक्ति माहवार खर्च का 46 फीसदी किया जाता है। यह खर्च 1999-00 में 59 फीसदी था। शहरों में यही औसतन खर्च 39 फीसदी है, जबकि 1999-00 में भोजन पर यही खर्च 48 फीसदी था। अब फ्रिज, टीवी, मोबाइल आदि पर खर्च 15 फीसदी बढ़ा है। रपट स्पष्ट करती है कि औसत आय बढ़ी है, लिहाजा खर्च भी बढ़ा है, लेकिन खर्च की प्रवृत्ति और रुझान बदल गए हैं। यह सर्वेक्षण खुलासा नहीं करता कि इस अवधि में स्वरोजगार, वेतन, मजदूरी, दिहाड़ी आदि में कितनी बढ़ोतरी हुई है? आरएसएस के सरकार्यवाह (महासचिव) दत्तात्रेय होसबोले इस आकलन को सभी के सामने प्रस्तुत करते रहे हैं कि देश में 20 करोड़ लोग गरीबी-रेखा के नीचे हैं। करीब 23 करोड़ लोग रोजाना 375 रुपए कमाने में भी असमर्थ हैं। दत्तात्रेय के खुलासे को खारिज कैसे किया जा सकता है? गरीबी के विश्लेषण में भाजपा सरकार और आरएसएस नेता के बीच यह विरोधाभास क्यों है? सवाल यह भी है कि यदि देश में 7.20 करोड़ भारतीय ही 'गरीब' रह गए हैं, तो 80 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त अनाज क्यों बांटा जा रहा है? अभी तो 5 साल तक यह अनाज बांटा जाना है। बीते कुछ अंतराल से प्रधानमंत्री मोदी यह भी दावा करते रहे हैं कि उनकी सरकार ने 25 करोड़ लोगों को 'गरीबी' से बाहर निकाला है। 'गरीबी' के ये आंकड़े संदिग्ध लगते हैं कि न जाने किस आधार पर 'गरीबी' तय की गई है! क्या नीति आयोग ने 'गरीबी' की परिभाषा और मानदंड तय कर लिए हैं? लिहाजा उन्हें भी सार्वजनिक किया जाए। बहरहाल सर्वेक्षण में कहा गया है कि गांवों में अनाज पर मासिक खर्च 4.91 फीसदी किया जाता है, जबकि शहरों में यह खर्च 3.52 फीसदी है। ग्रामीण दाल पर मात्र 2.01 फीसदी और शहरी 1.39 फीसदी खर्च करते हैं। भोजन के अलावा ग्रामीण परिवार अन्य वस्तुओं पर 53 फीसदी खर्च करते हैं और शहरी 60 फीसदी खर्च करते हैं। दो जून रोटी का विकल्प विलासिता वाली चीजों ने ले लिया है। ग्रामीण इलाकों में प्रति व्यक्ति खर्च करीब 164 फीसदी बढ़ा है, जबकि शहरों में यह 146 फीसदी बढ़ गया है। मुद्रास्फीति को शामिल करके उपभोग ग्रामीण क्षेत्र में 3.1 फीसदी की बढ़ोतरी दर से बढ़ा है, जबकि शहरों में यह दर 2.7 फीसदी है। यानी गांवों में उपभोग का स्तर और गति शहरों से ज्यादा तेज है। इन 11 सालों में जीडीपी की औसत विकास दर 5.7 फीसदी रही है।

देश की आबादी का 5 फीसदी से भी कम लोग, यानी 7.20 करोड़ भारतीय ही, 'गरीब' रह गए हैं। गरीबी का यह डाटा 2011-12 के बाद सामने आया है। एक ऐसा ही सर्वेक्षण 2017-18 में भी आया था। उसमें 'गरीबी' बढ़ती हुई दिख रही थी, लिहाजा मोदी सरकार ने वह रपट छिपा ली थी। तब सरकार के आर्थिक डाटा की खूब आलोचना हुई थी। 'गरीबी' की हकीकत पर कई सवाल भी उठाए गए थे, लिहाजा 11 साल के बाद यह सर्वेक्षण विधिवत सामने आया है, जिसमें अचानक 'गरीब' की 5 फीसदी से भी कम आबादी रह गई है। यह भी निष्कर्ष सामने आया है कि ग्रामीण इलाकों में प्रति व्यक्ति माहवार खर्च 1441 रुपए है, जबकि शहरों में यही खर्च 2087 रुपए है। अब लोग गेहूं, चावल, दाल आदि अनाज पर कम खर्च करते हैं, जबकि पैकेटबंद नमकीन, चिप्स और फल आदि पर ज्यादा खर्च करते हैं। 2022-23 की रपट के अनुसार, ग्रामीण क्षेत्र में भोजन पर खर्च प्रति व्यक्ति माहवार खर्च का 46 फीसदी किया जाता है। यह खर्च 1999-00 में 59 फीसदी था। शहरों में यही औसतन खर्च 39 फीसदी है, जबकि 1999-00 में भोजन पर यही खर्च 48 फीसदी था। अब फ्रिज, टीवी, मोबाइल आदि पर खर्च 15 फीसदी बढ़ा है। रपट स्पष्ट करती है कि औसत आय बढ़ी है, लिहाजा खर्च भी बढ़ा है, लेकिन खर्च की प्रवृत्ति और रुझान बदल गए हैं। यह सर्वेक्षण खुलासा नहीं करता कि इस अवधि में स्वरोजगार, वेतन, मजदूरी, दिहाड़ी आदि में कितनी बढ़ोतरी हुई है? आरएसएस के सरकार्यवाह (महासचिव) दत्तात्रेय होसबोले इस आकलन को सभी के सामने प्रस्तुत करते रहे हैं कि देश में 20 करोड़ लोग गरीबी-रेखा के नीचे हैं।

### भारत भी पुरुषों के ऊपर घरेलू हिंसा की समस्या से जूझ रहा है

# घरेलू हिंसा में पुरुष प्रताडऩा क्यों?

डा. वरिंदर भाटिया

महिलाओं के साथ होने वाली हिंसा को रोकने के लिए कठोर कानून भी बने हैं, लेकिन पुरुष भी घरेलू हिंसा का शिकार होते हैं। रिसर्च पर आधारित तथ्य बताते हैं कि देश में घरेलू हिंसा से संबंधित शिकायतों में करीब चालीस फीसदी शिकायतें पुरुषों से संबंधित होती हैं, यानी इनमें पुरुष घरेलू हिंसा का शिकार होते हैं और उत्पीडऩ करने वाली कुछ महिलाएं होती हैं। भारत में अभी तक ऐसा कोई सरकारी अध्ययन या सर्वेक्षण नहीं हुआ है जिससे इस बात का पता लग सके कि घरेलू हिंसा में शिकार पुरुषों की तादाद कितनी है, लेकिन कुछ गैर सरकारी संस्थान इस दिशा में जरूर काम कर रहे हैं।

**पुख्ता** और ताजा रिपोर्ट बता रही है कि दुनिया के दूसरे देशों की तरह भारत भी पुरुषों के ऊपर घरेलू हिंसा की समस्या से जूझ रहा है। महिलाओं के साथ होने वाली हिंसा को रोकने के लिए कठोर कानून भी बने हैं, लेकिन पुरुष भी घरेलू हिंसा का शिकार होते हैं। रिसर्च पर आधारित तथ्य बताते हैं कि देश में घरेलू हिंसा से संबंधित शिकायतों में करीब चालीस फीसदी शिकायतें पुरुषों से संबंधित होती हैं, यानी इनमें पुरुष घरेलू हिंसा का शिकार होते हैं और उत्पीडऩ करने वाली कुछ महिलाएं होती हैं। भारत में अभी तक ऐसा कोई सरकारी अध्ययन या सर्वेक्षण नहीं हुआ है जिससे इस बात का पता लग सके कि घरेलू हिंसा में शिकार पुरुषों की तादाद कितनी है, लेकिन कुछ गैर सरकारी संस्थान इस दिशा में जरूर काम कर रहे हैं। 'सेव इंडियन फैमिली फाउंडेशन' और 'माई नेशन' नाम की गैर सरकारी संस्थाओं के एक अध्ययन में यह बात सामने आई है कि भारत में नब्बे फीसदी से ज्यादा पति तीन साल की रिलेशनशिप में कम से कम एक बार घरेलू हिंसा का सामना कर चुके होते हैं। इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि पुरुषों ने जब इस तरह की शिकायतें पुलिस में या फिर किसी अन्य प्लेटफॉर्म पर करनी चाही तो लोगों ने इस पर विश्वास नहीं किया और शिकायत करने वाले पुरुषों को हंसी का पात्र बना दिया गया। कुछेक महिलाओं द्वारा पुरुषों को प्रताड़ित करने से, पुरुषों द्वारा आत्महत्या के मामलों में वृद्धि हो रही है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो यानी एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक देश में पुरुषों की आत्महत्या की दर महिलाओं की तुलना में दोगुने से भी ज्यादा है। इसके पीछे तमाम कारणों में पुरुषों का घरेलू हिंसा का शिकार होना भी बताया जाता है जिसकी शिकायत पुरुष किसी फोरम पर कर भी नहीं पाते हैं। उनमें सबसे बड़ा तर्क यह है कि महिलाओं को सुरक्षा देने के जो कानून बने हैं, उनके दुरुपयोग से पुरुषों को प्रताड़ित किया जाता रहा है। मौजूदा कानून धारा 498-ए, अमरीका के जिस कानून से प्रेरित होकर यह कानून बनाया गया था, वह अमरीकी कानून जेंडर निरपेक्ष है और उसमें पुरुषों की प्रताडऩा के मामले भी देखे जाते हैं। रेप से जुड़े सख्त कानून हों या महिलाओं को घरेलू हिंसा से बचाने के लिए बना कठोर कानून का यही मकसद है कि महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर लगाम लग सके, जो ठीक



ही है, परंतु अब कई जगह इन कानूनों का तथाकथित दुरुपयोग भी देखने को मिलता है। यहां तक कि कुछ मामलों में देखा गया है कि फर्जी मामलों के जरिए ब्लैकमेल कर उगाही की कोशिश भी की जाती है। जैसे कि ब्रेकअप हो गया तो पार्टनर ने रेप का केस कर दिया। लंबे समय तक लिव-इन में रहे, लेकिन अनबन हो गई तो रेप का केस कर दिया, पति से अनबन हो गई, बात ज्यादा बिगड़ गई तो उसे घरेलू हिंसा के झूठे केस में फंसा दिया, इत्यादि। इस समय ऐसे मामलों में काफी वृद्धि हो रही है, लेकिन क्या इन घटनाओं के कारण झूठे हैं या नहीं, इसका जवाब तो आत्म दर्शन से भी आसानी से मिल सकता है। महिलाओं द्वारा पुरुषों पर हिंसा आज एक आम समस्या बन गई है। इसमें आर्थिक, शारीरिक, यौन और भावनात्मक शोषण के साथ-साथ मनोवैज्ञानिक दुर्व्यवहार भी शामिल है, जो किसी व्यक्ति के मनोवैज्ञानिक और शारीरिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है। पुरुष और महिलाएं भी लिंग आधारित हिंसा के शिकार हैं। भारत जैसे देश में, जो सदियों से पुरुष-प्रधान रहा है, लोगों के लिए यह विश्वास करना कठिन है कि पुरुष भी महिलाओं की तरह घरेलू हिंसा के शिकार हो सकते हैं। इसका एक कारण यह हो सकता है कि भारत में किसी भी कानून में पुरुषों के खिलाफ घरेलू हिंसा को मान्यता नहीं दी गई है। हालांकि, आम धारणा के विपरीत, महिलाओं द्वारा मनोवैज्ञानिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित होने वाले पुरुषों की संख्या बढ़ रही है। देश में मौजूदा कानूनों को देखते हुए, ऐसा कोई खास कानून नहीं है जो पुरुषों को अंतरंग साथी की हिंसा से बचाता हो। हां, कानून के अलावा, कुछ अन्य कारण भी मौजूद हैं जिनके कारण ऐसे मामले दर्ज नहीं हो पाते हैं, इनमें शामिल हो सकते हैं- सामाजिक धारणा कि पुरुष मजबूत होते हैं और रोना मुश्किल होता है, या यदि उन्हें कानूनी सहायता मिलती है तो यह उनके और उनके लिए असुविधा का कारण बन सकता है। परिवार, और सूची बढ़ती जाती है। ग्रामीण हरियाणा में 21 से 49 वर्ष की आयु के 1000 विवाहित पुरुषों के सर्वेक्षण के अनुसार, 18 वर्ष और उससे अधिक आयु के दस में से एक पुरुष ने घरेलू हिंसा का अनुभव किया है। शोध से पता चलता है कि केवल महिलाएं ही नहीं, बल्कि पुरुष भी ऐसी हिंसा के शिकार होते हैं। इस बात से इनकार करने का कोई कारण नहीं है कि महिलाओं को पुरुषों द्वारा अंतरंग साथी हिंसा का शिकार होना पड़ता है। लेकिन पुरुषों को भी इससे बचाने के लिए कोई कानून न होने का कोई उचित आधार नहीं है। हर कोई मानवाधिकार और लैंगिक समानता के अधीन है। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 14 नागरिकों को समान व्यवहार के मौलिक अधिकार की गारंटी देता है, और अनुच्छेद 15 धर्म, नस्ल, लिंग, जाति या जन्म स्थान के आधार पर भेदभाव पर रोक लगाता है। भारतीय संविधान कहता है कि सभी नागरिकों को जीवन और स्वतंत्रता का अधिकार है। फिर पुरुष इसका अपवाद कैसे हो सकते हैं? इस क्षेत्र में घरेलू हिंसा को रोकने और कम करने के लिए, लिंग-तटस्थ कानून लागू किए जाने चाहिए और लिंगवादी कानून नहीं बनाए जाने चाहिए। पुरुषों के खिलाफ मानसिक और शारीरिक प्रताडऩा, न तो अब संवेदनहीन मुद्दा है, न ही इस पर बात करना महिला अधिकारों का किसी प्रकार का अतिक्रमण है। जहां तक पुरुषों के उत्पीडऩ का प्रश्न है, इस पर बात करना मानव अधिकारों का, समाज में संतुलन बनाए रखना है। एक देशी डॉक्यूमेंट्री फिल्म 'मार्टर्स ऑफ मैरिज' में ऐसे पुरुषों की कहानी बयां की गई है जिन्होंने झूठे केस में फंसाए जाने के बाद आत्महत्या कर ली। इस कड़वी हकीकत के बावजूद देश की उच्च अदालतों ने समय-समय पर कुछ ऐसे बड़े फैसले दिए हैं जो पीड़ित पुरुषों के लिए बहुत राहत वाले रहे हैं। हमारे देश के संविधान में और कानून में लिंग के आधार पर कोई भेदभाव नहीं होता। लेकिन क्योंकि आज इन प्रावधानों के बावजूद, समाज में पुरुषों के नाजायज शारीरिक और मानसिक उत्पीडऩ का रुझान पनप रहा है, इस बात पर एक फैसलाकुन सामाजिक बहस की दरकार है।

दृष्टि कोण

# क्या लोकसभा चुनावों में इंडिया गठबंधन भाजपा के लिये चुनौती बन पायेगा?

**अंधेरों** एवं निराशा के गर्त में जा चुके एवं लगभग बिखर चुके इंडिया गठबंधन के लिए कुछ अच्छी खबरों ने जहां उसमें नये उत्साह का संचार किया है वहीं भारतीय जनता पार्टी के लिये चिन्ता के कारण उत्पन्न किये हैं। पहले उत्तर प्रदेश और फिर दिल्ली में समाजवादी पार्टी और आम आदमी पार्टी से सीट बंटवारे पर बनी सहमति ने टूट की कगार पर पहुंचे इंडिया गठबंधन में वर्ष 2024 के आम चुनावों को लेकर संभावनाभरी तस्वीर को प्रस्तुत किया है। अब ये चुनाव दिलचस्प होने के साथ कुछ सीटों पर कांटे की टक्कर वाले होंगे। इन नये बन रहे चुनावी समीकरणों के बावजूद भाजपा के लिये अभी कोई बड़ा संकट नहीं दिख रहा है। भले ही इंडिया गठबंधन डींगे हांके कि वह भाजपा एवं उसके गठबंधन के लिए कड़ी चुनौती पेश करने की स्थिति आ गयी है। भाजपा के खिलाफ विपक्षी दलों का जब गठबंधन बना तभी यह आशंका की गयी कि यह कितनी दूर चल पायेगा, टिक पायेगा भी या नहीं? कुछ हालात तो ऐसे भी बने कि इसके तार-तार होने की संभावनाएं बलवती हुईं। भले ही अब कुछ सीटों पर दलों के बीच सहमति बनी हो लेकिन अभी




कई महीने निकल जाने के बाद भी विधिवत रूप से इंडिया गठबंधन के संयोजक का नाम घोषित नहीं हो पाना अनेक सन्देहों एवं अटकलों का कारण बना हुआ है। सत्ता तक पहुंचने के लिए जिस प्रकार दल-टूटन व गठबंधन हो रहे हैं इससे सबके मन में अकल्पनीय सम्भावनाओं की सिहरन उठती है। राष्ट्र और राष्ट्रीयता के अस्तित्व पर ही प्रश्नचिन्ह लगने लगा है। कुछ अनहोनी होगी, ऐसा सब महसूस कर रहे हैं। प्रजातंत्र में टकराव होता है। विचार फर्क भी होता है। मन-मुटाव भी होता है पर मर्यादापूर्वक। लेकिन अब इस आधार को ताक पर रख दिया गया है। राजनीति में दुश्मन स्थाई नहीं होते। अवसरवादिता दुश्मन को दोस्त और दोस्त को दुश्मन बना देती है। यह भी बड़े रूप में देखने को मिल रहा है। राजनीति नफा-नुकसान का खेल बन रहा है, मूल्य बिखर रहे हैं। चारों ओर सत्ता की भूख बिखरी है। पिछले कुछ समय से इंडिया गठबंधन को एक के बाद एक कई झटके लगे। पहले तो कांग्रेस ने ही पिछले साल दिसंबर के विधानसभा चुनावों में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद में गठबंधन से जुड़ी बातचीत को ठंडे बस्ते में डाले रखा। बातचीत शुरू भी हुई तो नेताओं में न तो पहले जैसा जोश दिखा और न वैसी राजनीतिक जिजीविषा महसूस हुई। फिर गठबंधन के प्रस्ताव पर सबसे बढ़-चढ़कर काम करने वाले नीतीश कुमार ही उसे छोड़ गए। यूपी में रालोद के जयंत चौधरी भी इंडिया गठबंधन का हाथ थामते-थामते एनडीए में शामिल हो गए। इंडिया गठबंधन एवं कांग्रेस ने अनेक झटके झेले। छोटे-बड़े नेताओं के कांग्रेस छोड़ने का सिलसिला भी तेज हुआ। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण का नाम खास तौर पर चर्चित रहा। इसे चाहे इन नेताओं का व्यक्तिगत अवसरवाद कहें या भाजपा और एनडीए नेतृत्व की सक्रियता एवं राजनीतिक कौशल इतना तय है कि इन नेताओं को कांग्रेस का भविष्य खास अच्छा नहीं दिख रहा। आम आदमी पार्टी एवं समाजवादी पार्टी जैसे दल अपनी साख बचाने एवं सत्ता के करीब बने रहने के लिये सीटों के बंटवारे पर सहमत हुए हैं, उसमें कांग्रेस का घुटने टेकना भी उसकी टूटती सांसों को बचाने की जद्दोजहद ही कहीं जायेगी। कांग्रेस एवं अन्य दलों के बीच सहमति के स्वर उभरने से आगामी लोकसभा चुनाव में अच्छा मुकाबला दिख सकता है। लेकिन अहम सवाल तो यही है कि क्या गठबंधन की गाड़ी आगे और हिचकोले नहीं खाएगी? क्या यह दावा पूरी दृढ़ता से किया जा सकता है? अरविन्द ने कांग्रेस से सीटों पर सहमति बनाकर पलटूराम ही बने हैं। जी-भरकर एक-दूसरे को कोसने वाले जब हाथ मिलाएं तो आश्चर्य होना स्वाभाविक है। देखा जाये तो कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच चुनावी गठबंधन होना मूल्यहीनता एवं सिद्धान्तहीनता की चरम पराकाष्ठा है क्योंकि कांग्रेस की नीतियों के खिलाफ लड़ कर और आंदोलन खड़ा करके ही आम आदमी पार्टी का जन्म हुआ था।

कुछ अलग

# अशुद्ध ही बुद्ध है...

**पता** नहीं क्यों इन दिनों भगवान इनकी तरह मेरा भी कदम कदम पर बहुत ध्यान रखने लगे हैं। हो सकता है, मैं उनकी नजरों में उनके काबिल हो रहा होऊं! पर मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि चलो, कम से कम मैं किसी की नजरों में किसी के लायक तो हुआ। इसलिए अब मैं भी प्रतिफल में इन दिनों ऑफिस जाने से पहले बिन नागा उनका स्मरण कर ही ऑफिस खाने को डग भरता हूं। माथे पर उनके नाम का छापा लगाता हूं ताकि मेरे भ्रष्ट आचरण पर सीधा लांछन न लगे। हर किस्म का छापा लांछन में ढाल का काम करता है। छापा कुछ भी भ्रष्ट छिपाने का सीधा सीधा सबसे सरल हथियार है। प्रयोग करके देखिए, शर्तिया लाभ मिलेगा। मैंने एक से एक पहुंचों हुओं को ये सब सफलता से करते देखा है। आजकल ऑफिस में लेने का काम ही इतना है कि बीपी कुछ अधिक ही हो गया है। सफल जन सेवक वह जो जनता को देने के बदले उससे ले ही ले। कुर्सी पर पासा पलटने को वक्त नहीं। डर है, कहीं अब जनता को समर्पित को सर्वाइकल भी न हो जाए। हो जाए तो हो जाए। मेवों के लिए हर रोग कुबूल! आज जो आप मेरे आसपास ऊपरी तौर पर जो भी थोड़ा बहुत देख रहे हैं, सब उनकी ही कृपा है। वह देते हैं तो टूटी कुर्सी पर बिठा कर भी छप्पर फाड़ कर देते हैं। ऐसे में मेरे जैसे तात्कालिक ईमानदारों को उनका आभार व्यक्त कर ही लेना चाहिए शायद! जिस पर उनकी कृपा हो वह पीउन भी देखते ही देखते करोड़ों का स्वामी हो जाता है। कल ऑफिस में जरा सी फुर्सत मिली तो याद आया कि पगले तू तो जन सेवा में इतना लीन हो गया कि बीपी की गोली खाना ही भूल गया! ये कंबख्त रिश्वत की भूख मेरे जैसे साधारण जीव को भी क्या क्या लेना भुला देती है? तब वह यह भी भूल जाता है कि जान है तो बेईमान है। तब मेरे सामने पड़े बंदे को अपनी जेब बंद रखने को कह मैं अपनी जेब से बीपी की गोली निकाल बिन पानी ही मुंह में डालने को हुआ ही कि मेरे क्लाइंट को पीछे धकेलते मेरे प्रभु मेरे आगे। उन्होंने मेरा हाथ पकड़ते कहा, 'रे मेरे प्यारे! ये क्या रहे रहो हो?' 'जनहित में बीपी की गोली ले रहा हूं। भूल गया था। आजकल ऑफिस में खाने का प्रेशर इतना बढ़ता जा रहा है कि...अब जनता है तो उसकी सेवा तो करनी ही पड़ेगी न! मैं ऑफिस आता क्यों हूं? तुम जनता की सेवा करने वाले ऐसे पद अपने भक्तों को बड़े नसीब से देते हो। अब तो रात को सोए सोए भी रिश्वत क्रीड़ा कम होने का नाम नहीं ले रही प्रभु!' 'अखबार में पढ़ा नहीं कि इस बीपी की दवा का सैंपल फेल हो गया है। इसे खाओगे तो कुछ भी हो सकता है।' 'अखबार तो पता नहीं क्या क्या नहीं छापते रहते हैं प्रभु! छापना उनका काम है। छोड़ो प्रभु! सच पूछो तो हम जैसों को अब वही चीजें सूट करती हैं जिनके सैंपल फेल हो चुके हों। देखते नहीं, अखबारों में रोज दूध से लेकर दही तक के सैंपल फेल चल रहे हैं। पर हम तुम्हें भी भोग में पूरे उत्साह से उन्हें ही लगा रहे हैं और अपनी रीढ़ मजबूत करने के लिए खुद भी उन्हें ही पी खा रहे हैं। अपनी रसोई के आटे का सैंपल फेल है। अपनी रसोई की दाल का सैंपल फेल है। अपनी रसोई के नमक का सैंपल फेल है। अपनी रसोई के मसालों का सैंपल फेल है। अपनी रसोई के शुद्ध सरसों के तेल का सैंपल फेल है। अपनी रसोई की चीनी का सैंपल फेल है। अपनी रसोई के चावल का सैंपल फेल है। अपनी रसोई के पानी का सैंपल फेल है। अपनी नाक की हवा तक का सैंपल फेल है। और तो छोड़िए प्रभु! अब तो ईमानदार विचारों, अचारों, व्यवहारों तक के सैंपल फेल हुए जा रहे हैं। पर एक सैंपल फेल ईमानदार अचार, विचार, व्यवहार हैं कि समाज को नई दिशा देने में जुटे हैं।

देश दुनीया से

# अब रावी सिर्फ भारत में बहेगी

जम्मू-कश्मीर व पंजाब के लाखों किसान परिवारों के हित में रावी नदी के पानी को पाकिस्तान जाने से रोकने का साहसी फैसला लिया था। यह फैसला अब हकीकत बन गया है। शाहपुर कंडी बांध के पूरा होने और पाकिस्तान को पानी रोकने से दोनों राज्यों के किसानों के चेहरे पर खुशी लौट आई है। अब जम्मू के कठुआ और सांबा जिलों की 1,27,587 बीघे और पंजाब की 20,624 बीघे जमीन की सिंचाई सुनिश्चित हो सकेगी। देश के सर्वोच्च हितों का ख्याल रखते हुए और 1960 की सिंधु जल संधि की मूल भावना के अनुरूप रावी नदी पर 3,300 करोड़ रुपये की लागत से तैयार शाहपुर कंडी परियोजना जम्मू व पंजाब के लिए समृद्धि के एक नए युग की शुरुआत करेगी।

**बात** 2016 की है, जब प्रधानमंत्री मोदी ने दूरदर्शिता का परिचय देते हुए जम्मू-कश्मीर व पंजाब के लाखों किसान परिवारों के हित में रावी नदी के पानी को पाकिस्तान जाने से रोकने का साहसी फैसला लिया था। यह फैसला अब हकीकत बन गया है। शाहपुर कंडी बांध के पूरा होने और पाकिस्तान को पानी रोकने से दोनों राज्यों के किसानों के चेहरे पर खुशी लौट आई है। अब जम्मू के कठुआ और सांबा जिलों की 1,27,587 बीघे और पंजाब की 20,624 बीघे जमीन की सिंचाई सुनिश्चित हो सकेगी। देश के सर्वोच्च हितों का ख्याल रखते हुए और 1960 की सिंधु जल संधि की मूल भावना के अनुरूप रावी नदी पर 3,300 करोड़ रुपये की लागत से तैयार शाहपुर कंडी परियोजना जम्मू व पंजाब के लिए समृद्धि के एक नए युग की शुरुआत करेगी। यह कठुआ और सांबा जिले के लिए 32 वर्षों बाद एक सपने के सच होने जैसा है, क्योंकि यहां के लोगों को सिंचाई सुविधाओं की कमी के चलते परेशानी उठानी पड़ती थी। इसके अलावा, इस वर्ष के अंत तक तैयार होने वाली 206 मेगावाट की परियोजना से पंजाब के किसान लाभान्वित होंगे। इस पूरे मामले में पाकिस्तान ने सतर्कतापूर्ण चुप्पी साधी हुई है। पहले कहा जा रहा था कि रावी का पानी रोके जाने पर पाकिस्तान में काफी हल्ला मचेगा, लेकिन अगर ऐसा नहीं हुआ, तो इसकी वजह है कि 1960 की सिंधु जल संधि के प्रावधानों का कहीं कोई उल्लंघन नहीं हुआ है। इस संधि के अनुसार, रावी, सतलज व ब्यास नदी के पानी पर भारत का और झेलम, सिंधु व चिनाब के पानी पर पाकिस्तान का विशेष अधिकार होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने 2016 में ही घोषणा की थी कि भारत रावी, सतलज व ब्यास नदियों के पानी के समुचित उपयोग व पाकिस्तान में बहने वाले पानी की बर्बादी को रोकने के लिए तार्किक कदम उठाएगा। तीनों नदियों के पानी के उपयोग और इसे जम्मू-कश्मीर व पंजाब के किसानों को उपलब्ध कराने की पद्धति का अध्ययन करने के लिए एक टास्क फोर्स का भी गठन किया गया था। इससे पहले 1995 में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय नरसिंह राव ने शाहपुर कंडी बांध की आधारशिला रखी, लेकिन यह पंजाब व जम्मू-कश्मीर सरकारों की खींचतान में उलझ कर रह गया। राजनीतिक वजहों से इसके क्रियान्वयन में जो साढ़े चार वर्ष की देरी हुई, उससे इसकी लागत 2,793 करोड़ रुपये से बढ़कर 3,300 करोड़ रुपये हो गई। प्रधानमंत्री मोदी के हस्तक्षेप व प्रधानमंत्री कार्यालय में केंद्रीय राज्य मंत्री, जो खुद जम्मू के निवासी हैं, के प्रयासों से गाड़ी फिर से पटरी पर लौटी और केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय से इसके लिए आवश्यक वित्त की व्यवस्था हुई। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने केंद्र को अपना हिस्सा साठ से घटाकर चौदह फीसदी करने के लिए राजी किया। इस परियोजना में 71.39 फीसदी बिजली और 28.61 फीसदी सिंचाई से जुड़े घटक भी शामिल हैं। केंद्र ने इसे नाबार्ड के जरिये वित्तपोषित किया है।



पंजाब के पठानकोट जिले में रावी नदी पर वर्तमान सागर बांध के डाउनस्ट्रीम पर स्थित शाहपुर कंडी बांध की ऊंचाई 55.5 मीटर है। इसमें दो पावर हाउस भी हैं, जो राजस्व कमाने के लिए सिंचाई और बिजली के दोहरे उद्देश्यों को पूरा करेंगे। विशेषज्ञों का मानना है कि इस परियोजना से जम्मू के किसानों की बंजर जमीन का शाप खत्म हो सकेगा, जो कि कंडी का शाब्दिक अर्थ है। इस परियोजना से हरियाली बंजर भूमि का स्थान लेगी और बाढ़ व तबाही का नियमित खतरा कम हो जाएगा। 1,378 मीटर की तीसरी जे एंड के नहर कठुआ के 512 गांवों की छह लाख से ज्यादा आबादी और सांबा के 368 गांवों की तीन लाख से ज्यादा आबादी को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराएगी। इसके अलावा, जम्मू-कश्मीर को रावी से 6.9 लाख एकड़ फीट पानी की पात्रता के अलावा 3.40 रुपये प्रति यूनिट की दर से परियोजना से उत्पन्न 20 फीसदी बिजली मिल सकेगी। इस परियोजना से दोनों राज्यों की पर्यटन क्षमता में भी इजाफा होगा। विश्लेषकों का मानना है कि राजनीतिक इच्छाशक्ति नौकरशाही संबंधी बाधाओं व वित्तीय चुनौतियों को खत्म कर देती है। शाहपुर कंडी बांध परियोजना में ठीक यही दिखा। लेकिन अंततः यह जम्मू-कश्मीर व पंजाब के किसानों के उदास चेहरों पर खुशियां लेकर आई है।

आप का नजरीया

# कफन ओढ़े मॉल रोड

**शिमला** के मॉल रोड पर कफन बिकने लगे, हमारी आंखों के सामने कत्ल दिखने लगे। जिस मॉल रोड पर हिमाचल की कानून व्यवस्था नाज करती है। जहां भीड़ में भी शिष्टाचार की संगत चलती है। जहां पुलिस चौकसी के इंतजाम गारंटी देते हैं कि हिमाचल शांत है, वहां पुलिस रिपोर्टिंग रूम में कफन ओढ़े एक युवा अपने ही कत्ल की शिकायत कर गया। यह दृश्य वीभत्स है और हमारी व्यवस्था के सामने लाश बनकर कई प्रश्न उठा देता है। बेशक कत्ल की वारदात एक रेस्तरां के भीतर होती है, लेकिन गुनाह की परतें मॉल रोड से होकर गुजरीं और एक निर्मम हत्या की चीखों के बीच हमारे सन्नाटे नहीं टूटे। ये सन्नाटे तब भी नहीं टूटे जब एक पूर्व विधायक बंबर ठाकुर पर हुए प्रहार को हमने सियासत के दर्पण में देखने की कोशिश की। इतना ही नहीं, वर्तमान विधायक एवं पूर्व मंत्री सुधीर शर्मा की हत्या की सुपारी एक खबर बनकर घूम रही है, लेकिन हम इस भ्रम में हैं कि इसके पीछे कुछ तो सीलबंद सियासत है। शिमला मॉल पर हत्या दरअसल मॉल रोड की हत्या सरीखी है, क्योंकि जहां कोई पंख नहीं मार सकता, वहां अब अपराध के वर्चस्व की खबर इसके कानों तक नहीं। हम अलग-अलग कारणों से पिछले दिनों की पुलिस को अदालत में खड़ा देखते हैं। कहीं किसी व्यापारी की शिकायत पर पुलिस प्रक्रिया को देखते हैं, तो पदों की खुशामद में वफादारी देखते हैं। कहीं तो लचर हैं हमारे हाथ, वरना चूडिय़ां हमें क्यों मिलतीं। हम कानून व्यवस्था के मानदंड को इस खुशफहमी में नहीं देख सकते कि हिमाचल भोले-भाले लोगों का प्रदेश है। कानून के आईनों में धूल झोंकने के सबूत अब इसी की व्यवस्था में भी मौजूद हैं। आर्थिक गतिविधियों में इजाफा, नई आर्थिकी से निकलते रोजगार, अंतरराज्यीय अपराधों की जुगलबंदी, नशे के बढ़ते कारोबार और पर्यटन के मार्फत आता व्यापार साधारण नहीं है और न ही इसे सहजता से देखा जा सकता है। जिस पुलिस की भर्ती में पेपर लीक जैसे अभिशाप हैं, वहां इसके दरमियान अपराध की गुंजाइश प्रमाणित नहीं तो फिर ऐसा क्यों है कि एक व्यापारी ने ही आरोपों से कई स्तंभ गिरा दिए। दूसरी ओर समाज की दृष्टि में आ रहे खोट ने भी जीवन को प्रतिस्पर्धा का खिलौना बना दिया। हम आंकड़ों में खुद और व्यवस्था पर मेहरबानी दिखा सकते हैं, लेकिन हकीकत के पंजों में खतरों का हिसाब बढ़ा है। ऐसे में कानून व्यवस्था जो कल तक अवैध खनन, नशे की तस्करी तथा शराब व वन माफिया की करतूतों में खुद को पहरेदार दिखाती थी, आज उसकी आंखों में कई तरह का दोष बढ़ा है। राजधानी शिमला के मुख्य स्थल और कानून व्यवस्था के प्रतीकों में से सर्वश्रेष्ठ संज्ञा माना गया मॉल रोड अभिशप्त हुआ, तो कहीं सारी चौकसी और पुलिस सतर्कता का हुजूम भी हार गया। ऐसे में सवाल अब असहज होकर व्यवस्था परिवर्तन के विषय में सरकार से पूछ रहे हैं। हिमाचल में सतर्कता के मायने सडक़ से शहर तक और गांव से राजधानी की गरिमा तक बदलाव चाहते हैं। ऐसे में जब शहरी व्यवस्था में नगर निगम के अवतार बनाए जा रहे हैं और हम बात कर रहे हैं कि मौजूदा डेढ़ करोड़ पर्यटकों की आमद को पांच करोड़ तक पहुंचाएंगे, तो इसकी शुमारी और व्यवसाय की खुमारी में, नई कानून व्यवस्था क्या होगी।



# इस साल समय से पहले ही आ गया वसंत, जापान–मेक्सिको में समय से पहले खिले फूल, यूरोप में छंटी बर्फ

**वाशिंगटन ।**
जलवायु परिवर्तन की वजह से पिछला वर्ष जहां ऐतिहासिक रूप से सबसे गर्म साबित हुआ, वहीं इतिहास में इस वर्ष का फरवरी माह सबसे गर्म दर्ज होने जा रहा है। पूरी दुनिया में ज्यादातर जगहों पर फरवरी का तापमान सामान्य से ज्यादा दर्ज किया गया है। जलवायु परिवर्तन के कारण हर जगह वसंत समय से पहले ही पहुंच गया है।

जापान से मेक्सिको तक फूल जल्दी खिल गए हैं। यूरोप में स्की रिजोर्टों से बर्फ गायब हो चुकी है और टेक्सास में तापमान 38 डिग्री सेल्सियस पहुंच चुका है। अमेरिकी ओशनिक एंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन (एनओएए) अभी आंकड़े जुटा रहा है। हालांकि, शुरुआती रुझान बताते हैं कि यह लगातार नौवां महीना होगा, जब ऐतिहासिक रूप से तापमान रिकॉर्ड स्तर पर टूटने वाला है। एनओएए 14 मार्च फरवरी के अंतिम आंकड़े प्रकाशित करेगा।

### साल के मध्य से राहत की संभावना

एनओएए के वायुमंडलीय वैज्ञानिक कैरिन ग्लीसन ने बताया, अल नीनो का असर 2024 के मध्य तक खत्म होगा। इसके बाद दुनिया को गर्मी से राहत मिल सकती है। हालांकि, इसके बाद तेजी से ला नीना का प्रभाव बढ़ेगा, जिससे पूर्वी प्रशांत क्षेत्र में कड़ाके की सर्दी वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ सकती है। एनओएए का अनुमान है कि 22 फीसदी संभावना है कि 2024 सबसे गर्म वर्ष के रूप में 2023 का रिकॉर्ड तोड़ देगा और 99 फीसदी संभावना है कि यह अब तक के 5 सबसे गर्म वर्षों में शामिल होगा।

ग्लीसन ने कहा, इंटरनेट पर उन्होंने जापान, मेक्सिको व यूरोप की तस्वीरें देखी हैं। यहां समय से पूर्व वसंत ने दस्तक दे दी है। अमेरिका में कई जगह तापमान सामान्य से 22 डिग्री सेल्सियस तक अधिक था, टेक्सास के किलेन शहर में 38 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया, जबकि इन दिनों यहां सामान्य तापमान 16 डिग्री होता है।

### लोगों की जान जा रही

पॉट्सडैम इंस्टीट्यूट फॉर क्लाइमेट इम्पैक्ट रिसर्च के भौतिक विज्ञानी एंडर्स लीवरमैन ने कहा, ग्लोबल वार्मिंग से बढ़ी गर्मी वैश्विक मौसम प्रणालियों पर कहर बरपा रही है। ध्रुवों, पहाड़ों से ग्लेशियर पिघल रहे हैं, समुद्र स्तर बढ़ रहा है। यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया इरविन के वैज्ञानिक जेन बाल्डविन ने कहा, दक्षिणी गोलार्ध में गर्मी की वजह से लोगों की जान जा रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### गाजा में 100 लोगों की मौत पर बाइडन और अल-थानी ने जताया दुख, युद्ध विराम और बंधकों की रिहाई पर दिया जोर

**वाशिंगटन ।** इजराइल और हमास के बीच युद्ध जारी है। इस बीच, अमेरिका के राष्टपति जो बाइडन और कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी ने गाजा में मारे गए 104 फलस्तीनियों की घटना पर दुख व्यक्त किया।



उन्होंने युद्ध विराम की आवश्यकता को जाहिर करते हुए मानवीय सहायता बढ़ाने पर जोर दिया। गौरतलब है कि इजराइल और हमास के बीच सात अक्तूबर से युद्ध जारी है, जब हमास ने पांच हजार इजराइली शहरों पर दागे थे। युद्ध में अब तक दोनों पक्षों के करीब 30000 लोगों की मौत हो चुकी है। दोनों नेताओं ने बंधकों की रिहाई पर भी बात व्हाइट हाउस ने दोनों नेताओं की बात के बाद एक बयान जारी किया। बयान में कहा गया कि दोनों नेताओं ने नागरिक जीवन के नुकसान पर दुख व्यक्त किया है। दोनों नेता इस बात पर सहमत हुए कि जल्द से जल्द गाजा में जारी युद्ध पर रोक लगानी होगी। युद्ध विराम के साथ-साथ दोनों नेताओं ने बंधकों की रिहाई पर भी बात की। बयान के अनुसार, दोनों नेताओं की एक राय है कि हमास को बिना किसी देरी के बंधकों को रिहा करना चाहिए। उन्होंने सहायता सामाग्री को हर एक फलस्तीनी तक पहुंचाने के तरीकों पर भी चर्चा की। दरअसल, हमास का आरोप है कि इजराइली सैनिकों ने सहायता ट्रकों के पास खाने की आस में खड़े फलस्तीनियों को गोलियों से भून डाला है। हमले में करीब 104 लोगों की मौत हो गई। वहीं, विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने एक ब्रीफिंग में फिलीस्तीनी लोगों की मौत पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि हम सुबह से इजराइल के संपर्क में हैं। यूएनएससी बैठक का आयोजन संयुक्त राष्ट महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने भी गाजा में हुए हमले की कड़ी निंदा व्यक्त की। हमले के कारण संयुक्त राष्ट सुरक्षा परिषद ने न्यूयॉर्क में शाम 4.15 बजे एक निजी बैठक का आयोजन किया है। बैठक का उद्देश्य उत्तरी गाजा में सहायता का इंतजार करते समय मारे गए फलस्तीनियों पर चर्चा करना है। युद्धविराम को लेकर जारी है चर्चाएं पिछले कुछ दिनों से गाजा में अस्थायी युद्धविराम की चर्चा जोरों पर है। इसके कयास तब लगने शुरू हुए जब अमेरिकी राष्टपति जो बाइडन ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि गाजा में अस्थायी युद्धविराम और बंधकों की रिहाई के लिए एक समझौता हो सकता है। जानकारी के मुताबिक, खूनी लड़ाई को रोकने के तिए एक मसौदा फ्रांस की राजधानी पेरिस में तैयार किया गया है। कतर, अमेरिका और मिस्र के राजदूतों के साथ बैठक में यह मसौदा तैयार हुआ था। अब इसे हमास के सामने पेश किया गया है। इसमें मुस्लिमों के पवित्र महीने रमजान के दौरान लड़ाई में 40 दिनों के युद्धविराम का प्रस्ताव है जो 10 मार्च के आसपास शुरू होगा।

### अमेरिका के ओडीसियस लैंडर ने काम करना किया बंद, लैंड करने के बाद चंद्रमा पर फंस गया था एक पैर



**वॉशिंगटन ।** करीब 50 साल बाद पिछले महीने कोई अमेरिकी अंतरिक्ष यान चंद्रमा पर उतरा था। ओडीसियस लैंडर जब चंद्रमा की सतह पर उतरा तो कुछ खराबी के चलते टीम का अंतरिक्ष यान से संपर्क टूट गया था। नासा ने बताया था कि उतरते समय मून लैंडर ओडीसियस का एक पैर चंद्रमा पर फंस गया था। इससे यह एक ओर झुक गया है। हालांकि, अब बुरी खबर सामने आई है। बताया जा रहा है कि एक हफ्ते बाद चांद के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाले ओडीसियस ने काम करना बंद कर दिया। स्टैंडबाय मोड का भी नहीं दिया निर्देश बता दें, यह तब पता चला जब वैज्ञानिकों को अपने कंप्यूटर और पावर सिस्टम को स्टैंडबाय मोड में प्रवेश करने का निर्देश देने से पहले ओडीसियस से एक आखिरी तस्वीर मिली। स्टैंडबाय मोड का उद्देश्य लैंडर की क्षमता को दो से तीन हफ्ते तक और काम करने के लिए बनाया गया था। इंटुएटिव मशीन्स के प्रवक्ता जोश मार्शल ने बताया कि अंत में हुई क्रियाओं ने लैंडर की बैटरियों को खत्म कर दिया, जिससे ओडीसियस ने काम करना बंद कर दिया है। गुड नाईट ओडी कंपनी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, गुड नाईट ओडी। उम्मीद करते हैं यह फिर से काम करना शुरू करेगा। चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र में उतरा था गौरतलब है, अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने बताया था कि उसका मून लैंडर ओडीसियस का एक पैर चंद्रमा पर फंस गया है इसकी वजह से वह एक ओर झुक गया था। इस खबर की पुष्टि लैंडर का निर्माण और संचालन करने वाली कंपनी इंटुएटिव मशीन्स ने भी की थी। ओडीसियस आधी सदी से भी अधिक समय में चंद्रमा पर उतरने वाला पहला अमेरिकी अंतरिक्ष यान है। यह रोबोटिक लैंडर 22 फरवरी शाम 6.23 बजे ईटी पर चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र में उतरा था। लेकिन, फ्लाइट कंट्रोलर्स को लैंडर के कम्युनिकेशन सिग्नल्स से सिग्नल लेने में कई मिनट लग गए थे। काम करने की स्थिति में नहीं इंटुएटिव मशीन्स के सीईओ स्टीव अल्टेमस ने कहा था।

# हेली को ट्रंप समर्थकों का झेलना पड़ा विरोध, कहा– आपके पूर्व बॉस का एक और कार्यकाल देश को अराजकता...

**वॉशिंगटन ।**
अमेरिका में इस साल राष्ट्रपति का चुनाव होना है। इसके लिए सभी उम्मीदवार बढ़-चढ़कर तैयारियां कर रहे हैं। आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। राष्ट्रपति पद की रिपब्लिकन उम्मीदवार निक्की हेली ने अपने प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप पर एक बार फिर निशाना साधा। उन्होंने ट्रंप के चाहने वालों से कहा कि उनके पूर्व बॉस का एक और कार्यकाल देश को अगले चार साल के लिए अराजकता में धकेल देगा। हेली वर्जीनिया के रिचमंड और फॉल्स चर्च में आयोजित राजनीतिक रैलियों को संबोधित कर रही थीं।



### 1,215 डेलीगेट की जरूरत

बता दें, राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बनने के लिए ट्रंप और हेली को कम से कम 1,215 डेलीगेट की जरूरत है। पांच राज्यों आयोवा, न्यू हैंपशायर, नेवादा, दक्षिण कैरोलिना और मिशिगन में प्राइमरी चुनाव के बाद ट्रंप के पास 122 डेलीगेट हैं जबकि हेली के पास 24 डेलीगेट हैं। वहीं सर्वेक्षणों की निगरानी करने वाली रियल क्लियर पॉलिटिक्स के अनुसार, रिचमंड और फॉल्स चर्च में उनकी दोनों रैलियों में प्रदर्शनकारियों ने भाग लिया और कई लोगों ने कहा कि वे 77 वर्षीय ट्रंप के समर्थक हैं।

### खुद के सिवा किसी की परवाह नहीं

रैलियों के दौरान हेली ने ट्रंप पर आरोप लगाया कि वह अपने सिवा किसी के बारे में परवाह नहीं करते हैं। न उन्हें देश की परवाह है और नहीं यहां के लोगों की। पूर्व राष्ट्रपति के समर्थन में उठती आवाजों पर उन्होंने कहा कि ट्रंप को राष्ट्रपति के रूप में चुनने का मतलब है कि अमेरिका में चार साल तक अराजकता का माहौल रहेगा।

### मैं अपने बच्चों और आपके बच्चों के लिए...

उन्होंने कहा, हर कोई यह पता लगाने की कोशिश कर रहा है कि आखिर मैं यह चुनाव क्यों लड़ रही हूं, तो जवाब यह है कि मैं अपने बच्चों और आपके बच्चों के लिए ऐसा कर रही हूं। उन्होंने जोर देकर कहा कि ट्रंप और मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने देश की अर्थव्यवस्था को खराब कर दिया है। उन्होंने कहा कि व्हाइट हाउस में एक अकाउंटेंट रखने का समय आ गया है। इस पर वहां मौजूद लोगों ने जमकर तालियां बजाईं।

### सुरक्षा कारणों से मेरीलैंड स्टेट हाउस में लॉकडाउन, लोगों को अपने घरों में रहने के दिए गए थे निर्देश

**वॉशिंगटन ।** एनापॉलिस में मेरीलैंड की राजधानी में सुरक्षा कारणों की वजह से लॉकडाउन लगाया गया था। गवर्नर के कार्यालय की तरफ से एक बयान जारी कर इसकी जानकारी दी गई है। गवर्नर के बयान के अनुसार, सुरक्षा कारणों से मेरीलैंड स्टेट हाउस में लॉकडाउन लगाया गया है। इस समय अन्य कोई जानकारी नहीं है। बयान में आगे कहा गया, स्टाफ, कर्मियों और कम्यूनिटी के सदस्यों को सुरक्षित स्थानों पर रहकर पुलिस या कानून प्रवर्तन की तरफ से जारी निर्देशों का पालन करना चाहिए। आसपास के इलाकों में रहने वाले स्थानीय लोगों को अपने घरों में रहने के लिए कहा गया था। उन्हें अपने दरवाजों को लॉक करने के साथ घरों की बत्तियां बुझाने का आदेश दिया गया था। आधे घंटे बाद इलाके में लॉकडाउन लगाया गया। मेरीलैंड स्टेट पुलिस स्टेट हाउस बिल्डिंग के भीतर शरण लेने वाले स्टाफ और कर्मियों को वहां से बाहर निकालने की कोशिश करने लगी। सैनिकों ने मेरीलैंड स्टेट हाउस में तलाशी ली।

### भारतीय-अमेरिकियों ने हेली को सराहा

वर्जीनिया में भारतीय अमेरिकियों की अच्छी खासी आबादी रहती है। ऐसे में इन रैलियों में कई भारतीय-अमेरिकी आए। उन्होंने कहा कि यह उनके और ट्रंप के बीच दिन-रात का अंतर है।

प्रख्यात भारतीय अमेरिकी सुरेश शेनॉय ने कहा, वह बहुत करिश्माई हैं, वह चतुर हैं, वह दयालु हैं। वह एक बहुत ही अच्छी वक्ता है और उन्होंने सभी बातें सही कहीं हैं। उन्होंने कई अलग-अलग तरीकों से नेतृत्व का प्रदर्शन किया। इसमें कोई संदेह नहीं कि वह राष्ट्रपति पद के लिए सर्वश्रेष्ठ उम्मीदवार हैं।

शेनॉय ने रैली के बाद कहा, निक्की हेली के बारे में मुझे जो पसंद आया वह यह है कि हर चीज डेटा और संख्या के साथ बोलती हैं। अन्य राजनेताओं की तरह नहीं। मैं सच में इसके लिए उनकी प्रशंसा करती थी। और साथ ही उन्होंने अमेरिका के लिए जो विजन रखा है, मुझे लगता है कि वह शानदार है।

हेली की पहली रैली में शामिल वर्जीनिया के सचिन चंद्रा ने इसे खास बताया। उन्होंने कहा, हेली के पास विचारों और नीतियों की स्पष्टता है। कोई गुप्त उद्देश्य नहीं है। यह वही है जिसके लिए एक राष्ट्रपति को खड़ा होना चाहिए।

# भारत की दो टूक- पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के रक्तपात से लाल; कश्मीर पर तुर्किये की टिप्पणी अस्वीकार्य




**जिनेवा ।**
संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) में भारत ने जवाब के अधिकार का प्रयोग करते हुए कहा, हम उस देश पर ज्यादा ध्यान नहीं दे सकते जो लाल रंग में डूबा है। वह दुनियाभर में प्रायोजित आतंकवाद के रक्तपात से लाल है। अपने ऋणग्रस्त राष्ट्रीय बैलेंस शीट पर लाल है। यहां के लोग शर्मिंदगी से लाल हैं, क्योंकि उनकी सरकार वास्तविक हितों को पूरा करने में नाकाम रही है। यूएनएचआरसी के 55वें नियमित सत्र के मंच पर जम्मू-कश्मीर का जिक्र करने पर भारत ने पाकिस्तान व तुर्किये को फटकारते हुए जम्मू-कश्मीर व लद्दाख को भारत का अभिन्न अंग बताया। भारत की प्रथम सचिव अनुपमा सिंह ने कहा, किसी भी देश को भारत के अंदरूनी मामलों पर भविष्य में अनचाही टिप्पणियों से बचना चाहिए। पड़ोसी देश लाल रंग से लथपथ है। पाकिस्तान ने एक बार फिर परिषद के मंच का इस्तेमाल भारत के खिलाफ सरेआम झूठ प्रचारित करने के लिए किया, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। पाकिस्तान को इस मुद्दे पर बोलने का कोई हक नहीं है।

### तुर्किये की टिप्पणी खेदजनक, ऐसा न करने की नसीहत

भारत ने कश्मीर के मामले में तुर्किये को भी तगड़ी फटकार लगाई। अनुपमा सिंह ने कहा, हमें कश्मीर मामले पर तुर्किये की टिप्पणी पर खेद है। हम उम्मीद करते हैं कि तुर्किये भविष्य में हमारे आंतरिक मामलों पर टिप्पणी करने से बचेगा।

### दुष्प्रचार कर रहा

पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों की खराब दशा पर अनुपमा ने कहा, भारत में सम्मान से रह रहे अल्पसंख्यकों की स्थिति पर एक ऐसा देश (पाकिस्तान) दुष्प्रचार कर रहा है जहां अल्पसंख्यकों का उत्पीड़न हो रहा है। अगस्त 2023 में पाकिस्तान के जरनवाला में ईसाइयों के खिलाफ बड़े पैमाने पर हिंसा की गई और उनके 89 घर जला दिए गए।

# अबू धाबी में चल रहे डब्ल्यूटीओ के मंत्रिस्तरीय सम्मेलन को एक दिन के लिए बढ़ाया, जानिए इस फैसले के पीछे की वजह




**अबू धाबी ।**
विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) का मंत्री स्तर का 13वां सम्मेलन संयुक्त अरब अमीरात के अबू धाबी में चल रहा है। 28 फरवरी को समाप्त होने वाला सम्मेलन अब एक मार्च तक के लिए बढ़ा दिया है। दरअसल, यह फैसला इसलिए लिया गया है ताकि मुख्य मुद्दों पर चर्चा हो सके और एक नतीजे पर पहुंचा जा सके। बताया जा रहा है कि डब्ल्यूटीओ के महानिदेशक नगोजी ओकोंजो इवेला ने एमसी13 के अध्यक्ष थानी बिन अहमद अल जायौदी और मंत्रियों के साथ बातचीत करने के बाद यह फैसला लिया। इससे पहले मंत्रिस्तरीय सम्मेलन 28 फरवरी को रात आठ बजे (स्थानीय समय) समाप्त होने वाला था।

### विभिन्न वार्ताओं पर सहमति बनाने के लिए समय

डब्ल्यूटीओ ने एक बयान में कहा, 28 फरवरी को प्रतिनिधिमंडल प्रमुखों की बैठक में डीजी ओकोंजो-इवेला ने सदस्यों से मंत्रिस्तरीय बैठक में विभिन्न वार्ताओं पर सहमति बनाने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने पर जोर दिया। इसके साथ ही, इस बात को ध्यान में रखने का आह्वान किया कि सार्थक समझौते करने के लिए समय निकलता जा रहा है।

# 3 मार्च को चुना जाएगा पाकिस्तान का नया प्रधानमंत्री, पीएमएल–एन के शहबाज शरीफ रेस में सबसे आगे

**इस्लामाबाद ।**
पाकिस्तान को नया प्रधानमंत्री तीन मार्च को मिलेगा। बीते दिन पाकिस्तान की नेशनल असेंबली के सचिवालय ने देश के नए प्रधानमंत्री के चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा की। पाकिस्तान मुस्लिम लीग–नवाज (पीएमएल–एन) के नेता शहबाज शरीफ प्रधानमंत्री पद की रेस में सबसे आगे माने जा रहे हैं।



जानकारी के मुताबिक, उम्मीदवार अपना नामांकन पत्र जमा कर सकते हैं। नामांकन पत्रों की जांच उसी दिन पूरी कर ली जाएगी। प्रधानमंत्री के चुनाव की प्रक्रिया नवनिर्वाचित सांसदों के जरिए होगी।

### पीएम पद की रेस में कौन

पाकिस्तान मुस्लिम लीग–नवाज (पीएमएल–एन) ने 72 साल के शहबाज शरीफ को प्रधानमंत्री पद के लिए नामित किया है।

उमर अयूब खान जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के उम्मीदवार हैं।

### राष्ट्रपति चुनाव का कार्यक्रम भी जल्द जारी होगा

इससे पहले बताया गया था कि चुनाव आयोग (ईसीपी) एक मार्च को राष्ट्रपति चुनाव का कार्यक्रम जारी कर सकता है, जिसमें पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के आसिफ अली जरदारी की जीत लगभग तय मानी जा रही है। पाकिस्तानी मीडिया ने ईसीपी के प्रवक्ता के हवाले से कहा था सभी चार प्रांतीय विधानसभाएं 29 फरवरी तक अस्तित्व में आएंगी और फिर राष्ट्रपति चुनाव के लिए जरूरी निर्वाचक मंडल के गठन का काम पूरा हो जाएगा।

### सितंबर 2008 से 2013 तक देश के राष्ट्रपति रह चुके हैं जरदारी

पाकिस्तान मुस्लिम लीग–नवाज (पीएमएल–एन) के नेता शहबाज शरीफ के नेतृत्व में केंद्र में नई गठबंधन सरकार बनाने के लिए छह पक्षीय गठबंधन तैयार है। पीएमएल–एन पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के आसिफ अली जरदारी को राष्ट्रपति पद के लिए अपना उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। जरदारी इससे पहले सितंबर 2008 से 2013 तक देश के राष्ट्रपति रह चुके हैं।

### त्रिशंकु परिणाम सामने आए थे

आठ फरवरी को हुए चुनाव के त्रिशंकु परिणाम सामने आए थे। किसी भी दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला था। जिसके बाद पीएमएल–एन और पीपीपी ने गठबंधन बनाने का फैसला किया। यह गठबंधन इस शर्त पर बना कि पीपीपी के आसिफ अली जरदारी को राष्ट्रपति का पद मिलेगा। जबकि पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की बेटी मरियम नवाज को पंजाब प्रांत का मुख्यमंत्री पद मिलेगा।

### 30 दिनों के भीतर राष्ट्रपति चुनाव जरूरी

संविधान के अनुच्छेद 41 के मुताबिक, राष्ट्रपति का चुनाव आम चुनाव संपन्न होने के 30 दिनों के भीतर होना चाहिए। आठ फरवरी को आम चुनाव हुए थे। इसका मतलब 9 फरवरी से पहले राष्ट्रपति चुनाव हो जाने चाहिए।

# ईरान के लोग चुनेंगे अपना राष्ट्रपति, 59 हजार मतदान केंद्रों पर वोटिंग शुरू

**तेहरान ।**
शिया मुस्लिम बहुल देश ईरान में संसदीय चुनाव हो रहे हैं। लोग देश के सर्वोच्च नेता यानी राष्ट्रपति को चुनने के लिए मतदान करेंगे। इसके लिए तैयारियां पूरी हो गई हैं। 2020 के संसदीय चुनावों के बाद देश काफी चुनौतियों का सामना कर रहा है। इस चुनाव को लोकतांत्रिक सुधार, पश्चिमी देशों के साथ तकरार और खराब अर्थव्यवस्था की कसौटी पर परखा जा रहा है। आइए, जानते हैं इसका पूरा हाल–

### कैसे होते हैं चुनाव

ईरान में हर चार साल में फ्रांसीसी चुनाव प्रणाली की तर्ज पर चुनाव होते हैं। पहले दौर के मतदान में अगर किसी उम्मीदवार को 50 फीसदी से ज्यादा वोट नहीं मिले, तो दूसरे दौर में सबसे ज्यादा वोट पाने वाले दो उम्मीदवारों के लिए वोट डाले जाते हैं।

### कौन मतदान कर सकता है और कब

मतदाताओं की आयु कम से कम 18 वर्ष होनी चाहिए। करीब 8.5 करोड़ आबादी वाले देश में 6.12 करोड़ से अधिक लोग मतदान करने के पात्र हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, ईरान में स्थानीय समयानुसार सुबह आठ बजे से वोट डलने शुरू हो जाएंगे और 10 घंटे तक मतदान केंद्र खुला रहेगा। हालांकि, अगर पहले के चुनाव देखे जाए तो अक्सर मतदान करने का समय मांग के अनुसार बढ़ा दिया जाता है।

### मतदान केंद्र और सुरक्षा उपाय

देशभर में 59 हजार मतदान केंद्र होंगे। इसमें से तेहरान में पांच हजार और तेहरान के व्यापक प्रांत में 6,800 केंद्र बनाए गए हैं। 1,700 मतदान केंद्रों पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग उपकरणों का इस्तेमाल किया जाएगा। गृह मंत्रालय ने सेना के साथ इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स



(आईआरजीसी) और उसके बासिज बलों को निगरानी के लिए तैनात किया है। बताया जा रहा है कि ढाई लाख सुरक्षाबल के जवानों को तैनात किया गया है।

### किसे चुना जाएगा

ईरान में संसद की 290 सीटों के लिए 15,000 से ज्यादा उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। पहले इसे इस्लामिक कंसल्टेटिव असेंबली कहा जाता था। यहां सदस्यों का कार्यकाल चार साल का है और संसद में पांच सीटें धार्मिक अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षित हैं। संसदीय चुनाव से अलग ईरान के लोग ही 88 सीटों वाली असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स के लिए भी वोट डालेंगे। आठ साल के कार्यकाल वाला यह पैनल अगले सुप्रीम लीडर को नियुक्त करेगा।

### चुनाव में लोग वोट देंगे या नहीं

मतदाताओं की उदासीनता चिंता का विषय बनी हुई है क्योंकि देश विभिन्न चुनौतियों से जूझ रहा है। 2020 में पिछले संसदीय चुनावों में 42 प्रतिशत मतदान हुआ था, जो 1979 में इस्लामी गणराज्य की स्थापना के बाद से सबसे कम था। 2021 के राष्ट्रपति चुनावों में, केवल 48 प्रतिशत मतदाताओं ने अपना वोट डाला, जो हाल के वर्षों में घटती भागीदारी का संकेत है।

### मतदान को प्रभावित करने वाले कारक

साल 2020 में कई कारण बने, जिससे लोगों ने वोट डालने में दिलचस्पी नहीं दिखाई। इसमें अर्थव्यवस्था चलाने के तरीके, सालों से चले आ रहे प्रदर्शनों में उलझा देश, परमाणु कार्यक्रम को लेकर पश्चिमी देशों से तनाव और यूक्रेन पर हमले में रूस को समर्थन, कुद्स फोर्स के कमांडर कासिम सोलेमानी की अमेरिका में हत्या और कोविड-19 महामारी जैसे कारक शामिल हैं। इसके अलावा देश में बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी की समस्या भी एक बड़ा कारण है।

### विपक्ष की गतिशीलता

सुधारवादी मोर्चा, जो एक विपक्षी दल के सबसे करीबी चीज के रूप में कार्य कर रहा है, ने अर्थहीन और गैर-प्रतिस्पर्धी चुनाव में भाग नहीं लेने का फैसला लिया है। हालांकि, कुछ उम्मीदवार संसद में संभावित रूप से एक गैर-रूढ़िवादी अल्पसंख्यक बनाने के लिए सहयोग कर रहे हैं।

सौंदर्य टिप्स

# ये 5 टिप्स हमेशा के लिए खत्म कर देंगे डार्क सर्कल्स

आंखों के नीचे काले घेरे आपका पूरा लुक खराब कर देते हैं. स्ट्रेस, कम नींद, धूप में बिना चश्मे के निकलना, एजिंग और जेनेटिक ऐसे कई कारण हैं जिसकी वजह से डार्क सर्कल्स होते हैं. इन्हें ठीक करने के लिए आपने कई नुस्खे आज़माएं होंगे, लेकिन यहां आपको वो कारगर तरीके बता रहे हैं जिन्हें आज़मा कर आपकी आंखो के काले धब्बे हमेशा के लिए खत्म हो जाएंगे.



### 1. आई पैक

आलू को कद्दूकस कर इसका जूस निकालें और इसमें रूई को डिबोकर आंखों पर रखें. इसके अलावा आप ग्रीन टी बैग्स को आंखों पर रख सकते हैं. इसके लिए गरम पानी में ग्रीन टी बैग्स को एक बार डालें, फिर इन्हें फ्रिज़ में 20 मिनट के लिए रख दें. इन ठंडे टी बैग्स को रात को सोते समय आंखों पर रखें और रिलैक्स करें.

### 2. सनस्क्रीन लगाएं

डार्क सर्कल्स को कम करने के लिए सबसे ज़रूरी है कि धूप में निकलने से पहले सनस्क्रीन लगाकर निकलें. आंखों पर डाइरेक्ट धूप लगने से मेलनिन प्रोडक्शन में बढ़ावा होता है, जो आंखों की आस-पास वाली स्किन को काली बनाती है. इसीलिए ज़रूरी है कि ज़िंक ऑक्साइड और टाइटैनियम डाइक्सॉइड से भरपूर सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें.

### 3. आई मसाज

रोज़ाना रात को सोने से पहले दो बूंद बादाम का तेल लें और इससे हल्के हाथों से आंखों की मसाज करें. मसाज हमेशा हाथों की बीच की दो अंगुलियों से ही करें.

### 4. आंखों को धोएं

रोज़ाना घर पहुंचते ही हाथ-मुंह धोने के साथ-साथ आंखों को भी धोएं. सबसे पहले गुनगुने पानी से आंखों को क्लीन करें और फिर ठंडा पानी आंखों पर मारें. इससे आंखों की दिनभर की थकान कम होगी और ब्लड फ्लो बेहतर होगा.

### 5. ज़रूरी टिप्स

दिन भर में 8 से 10 लीटर पानी पिएं. 7 से 8 घंटे की नींद लें. आंखों को कभी भी टाइट ना रगड़ें. अगर आई साइट वीक है तो चश्मा लगाकर काम करें और आई मसल्स वीक हैं तो एंटी-ग्लेयर लगाकर काम करें. 1 घंटे से ज़्यादा टीवी ना देखें. स्मोकिंग से बचें और स्ट्रेस कम लें. क्योंकि चिंता सबसे पहले आंखों के नीचे काले घेरे लेकर आती है.

# हेल्थ के लिए बेहद फायदेमंद है गाय का दूध



गाय का दूध सेहत के लिहाज से बेहद स्वास्थ्यवर्द्धक होता है। इसमें कैल्शियम भरपूर मात्रा में पाया जाता है जो हड्डियों को मजबूत बनाने में सहायता करता है। गाय का दूध प्रोटीन का भी बेहतरीन स्रोत होता है।

इसके अलावा इसमें विटमिन बी 2 और विटमिन बी 12 भी पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है। ये दोनों विटमिन शरीर को ऊर्जान्वित रखने में मदद करते हैं। शरीर में मसल्स और ऊतकों के निर्माण में भी यह बेहद लाभदायक होता है।

यह कैंसर, एचआईवी, दिल संबंधी बीमारियां, हाई ब्लडप्रेशर और माइग्रेन जैसी समस्याओं से बचाव करने में भी सक्षम है। शरीर को संपूर्ण पोषक तत्व प्रदान करने वाले इस दूध के और भी बहुत सारे फायदे होते हैं। तो चलिए जानते हैं कि वे फायदे क्या हैं।

### बढ़ाए रोग प्रतिरोधक क्षमता

गाय के दूध में कैल्शियम, प्रोटीन, एंटी-ऑक्सीडेंट्स के साथ-साथ विटमिन ई, सेलेनियम, जिंक आदि भी पर्याप्त मात्रा में पाए जाते हैं। ये तत्व हमारे शरीर में रोग-प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं।

### त्वचा रोग में लाभकारी

गाय का दूध त्वचा के रोमछिद्रों को सिकोड़कर छोटा कर देता है। इससे ब्लैकहेड्स की समस्या से निजात मिलती है। रूखी और बेजान त्वचा के लिए भी गाय का दूध काफी लाभदायक होता है।

### वजन कम करने में उपयोगी

गाय का दूध पीने से आपका मेटाबॉलिज्म बढ़ता है, जिससे आपको बार-बार भूख नहीं लगती है। इसमें पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन भी होता है जो वर्कआउट के लिए आपको पर्याप्त ऊर्जा मुहैया कराता है।

### दिमाग-आंखों के लिए फायदेमंद

बच्चों के दिमाग का विकास करने के लिए उन्हें नियमित रूप से गाय का दूध पिलाना चाहिए। इसके अलावा इस दूध में पाया जाने वाला कैरोटिन आंखों की रोशनी बढ़ाने में भी मदद करता है।

# जानिए संतरे खाने के 5 फायदों के बारे में

सर्दियां आते ही बाज़ार में आ जाते हैं ताज़े संतरे. जिसे आप और हम कई तरीकों से अपनी डाइट में शामिल करते हैं. कोई सुबह जूस की तरह पीता है तो कई इसे शाम के ब्रेक में खाना पसंद करता है. विटामिन सी, ए, अमिनो एसिड, बी कॉम्प्लेक्स, फ्लेवोनॉयड, कैल्शियम, फॉस्फोरस, सोडियम जैसे मिनरल्स से भरे इस फल को खाने के कई फायदे होते हैं. सिर्फ एक दिन में एक संतरा शरीर को कई बीमारियों से बचा कर रखता है. यहां आपको संतरे खाने के 5 फायदों के बारे में बता रहे हैं.



### 1. ब्लड प्रेशर कंट्रोल करे

ब्लड प्रेशर को लो होने से बचाने के लिए सबसे ज़रूरी है सोडियम की मात्रा को बैंलेस रखना. संतरा सोडियम की मात्रा को नॉर्मल रख ब्लड प्रेशर को सही रखता है. इसीलिए जिसे भी हाई या लो ब्लड प्रेशर की परेशानी हो वो अपनी डाइट में संतरा ज़रूर शामिल करें.

### 2. कैंसर से बचाए

विटामिन सी से भरपूर संतरा शरीर को नुकसान पहुंचाने वाले फ्री-रैडिक्लस से सुरक्षित रखता है. साथ ही इसमें पाया जाने वाला लाइमोनिन कैंसर सेल्स को बढ़ने से रोकता है. मैंडरिन संतरे में विटामिन ए भरपूर मात्रा में पाया जाता है. जापान में हुई एक स्टडी के मुताबिक मैंडरिन संतरा लिवर कैंसर होने के खतरे को कम करता है.

### 3. किडनी पथरी से रखे सेफ

रोज़ाना संतरे का सेवन किडनी में होने वाली पथरी के खतरे को कम करता है. इसीलिए आप संतरे को रोज़ाना अपनी डाइट में शामिल करें. पथरी के लिए संतरे को लिक्विड रूप में पीएं ज़्यादा फायदा होगा.

### 4. बवासीर में दिलाए आराम

संतरा पेट के अल्सर को खत्म करता है और बवासीर में राहत दिलाता है. इसके लिए रोज़ाना खाना खाने के बाद एक ग्लास संतरे का जूस पीएं. बवासीर के मरीज़ संतरे के छिलके के पाउडर को भी पानी में मिला कर पी सकते हैं.

### 5. सर्दी-जुकाम करे छुमंतर

संतरे में मौजूद विटामिन सी सर्दी-जुकाम में राहत दिलाता है. लोगों का ऐसा मानना है कि संतरे की तासीर ठंडी होती है इसीलिए इसे सर्दी-खांसी में नहीं खाना चाहिए, लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं होता है. बल्कि संतरा या विटामिन सी वाले सभी फल सर्दी में राहत दिलाते हैं.

घर संसार

# ये छोटे-छोटे ट्रिक्स अपनाकर घर को बनाएं और भी खूबसूरत



खुद के घर को सजाने का मजा कुछ अलग है। घर की सजावट ऐसी होनी चाहिए जो दिन भर की थकान को बी मिनटों में गायब कर दें। हम लोग अपने घर को सजाने के लिए कोई कोई एक्स्पेरिमेंट्स करते ही रहते है। अगर आप भी अपने भी आसान तरीकों से अपने घर को सजाए रखना चाहते है तो आइए हम आपको कुठ चिप्स बताते है जो घर की लुक को कर देंगे चेंज।

### 1. सीप रखें

एक कांच के कंटेनर में सीप डालकर साईड टेबल पर या कॉर्नर में रखें। इसको लीविंग रूम में रखें। इससे रोमांटिक फील आएगा।

### 2. टायर पॉट

पुराने टायर को अच्छा सा पेंट करें और उसमें पौधे लगाएं। यह आपके गार्डन को अल ही लुक देंगे।

### 3. वॉलपेपर

दीवारों को डिफैरेंट और यूनिक लुक देने के लिए वॉलपेपर इस्तेमाल करें। इनमें आपको कई रंग, डिजाइन्स, पैंटर्न्स मिल जाएगे। इन्हें आप खुद भी लगा सकते है।

### 4. शंकु देंगे विन्टेज लुक

यह आपको किसी भी फूलवाले के यहां आसानी से मिल जाएगे। आप इन्हें सर्दियों में सिल्वर पेंट करके सजा सकते है। किसी मेसन जार में भी रख सकते है।

### 5. हैंगिंग पौधे

छोटे-छोटे पौधों को किसी पुरानी बोतल में उगाएं और नेट के कपड़े से कवर करें। हैंगिंग की तरह लगा दें। इसे आप अंदर और बाहर सजा सकते है।

### 6. पुरानी चीजें, नया लुक

कुछ पुराने क्न्टेनर्स जैसे मग, वॉटर केन्स, डब्बे आदि को पौधे लगाने के लिए इस्तेमाल करें। इससे गार्डन को अलग लुक मिलेगी।

### 7. गार्डन में पोन्ड

गार्डन पोन्ड को नया लुक देना चाहते है तो उसके आस-पास पत्थर जोड़कर उसकी बाउनडरी वॉल बनाएं। इसके बीच-बीच में अलग-अलग रंगों के फ्लॉवर लगाएं।

# ट्रेडमिल पर दौड़ते समय रखें इन बातों का ध्यान



बढ़े हुए वजन को कम करने के लिए अकसर ट्रेडमिल पर चलने व दौ?ने की सलाह दी जाती है। ट्रेडमिल जिम में आसानी से मिलने वाली एक मशीन है, जो वजन कम करने के साथ ही शारीरिक तौर पर कई बदलाव लाती है। वजन कम करने के अलावा इस मशीन से दिल बेहतर काम करता है। शरीर में सकारात्मक बदलाव आते हैं, पर एक छोटी-सी लापरवाही समस्याओं को बढ़ा भी सकती है।

### ट्रेडमिल के लाभ

- हृदय संबंधी गतिविधियों यानी कार्डियो वैस्कुलर एक्टिविटीज को बेहतर बनाने में मदद मिलती है।
- पर्वतारोही पहाड़ों पर चढ़ाई से पहले इस पर प्रैक्टिस कर अपनी रफ्तार और पैरों की पकड़ को मजबूत बनाते हैं। पिंडलियों की मांसपेशियां भी मजबूत बनती हैं।

कैलरी खपत में भी ये मशीन मदद करती है। तनाव कम करने में भी सहायक होती है।

### सेहत से जुड़ी कोई परेशानी है तो

अगर सेहत से जुड़ी कोई परेशानी है तो इंस्ट्रक्टर को बताएं। उसी के निर्देशों का पालन करें। गोल्ड जिम के मैनेजर और इंस्ट्रक्टर विनीत कपूर बताते हैं, ट्रेडमिल पर दौड़ लगाने से पहले उसकी स्पीड और दौड़ने के तरीके के बारे में जान लें।

- मधुमेह रोगियों को ट्रेडमिल पर दौड़ने या बहुत तेज चलने से बचना चाहिए। घुटने या पैरों में चोट या दर्द है तो दूर रहना बेहतर होगा।
- ब्लड प्रेशर के मरीजों के लिए भी ट्रेडमिल पर दौड़ने से बचने की सलाह दी जाती है। हृदय कमजोर है तो भी परहेज करें।
- माइग्रेन या सिर से जुड़ी समस्या होने पर विशेषज्ञों की राय ले लें। बहुत दुबले लोगों को कम स्पीड पर अभ्यास करना चाहिए। अगर इनमें से किसी तरह की दिक्कत नहीं है तो ट्रेडमिल पर अभ्यास करना सही रहेगा।

### इन बातों पर करें गौर

- पानी की बोतल जरूर पास रखें। पसीना ज्यादा आने पर बीच-बीच में कुछ पानी पीते रहें, ताकि डीहाइड्रेशन न हो।
- शुरुआत में मशीन की रफ्तार कम रखें। धीरे-धीरे ब?ाएं।
- वजन कम करना है तो कम से कम 20 मिनट जरूर चलें।
- मशीन में दिए इमरजेंसी स्टॉपर क्लिप को कपड़े से लगाकर रखें। अगर गति नियंत्रण से बाहर होती है तो ये क्लिप उसको ऑटोमैटिक बंद कर सकता है।
- ट्रेडमिल पर नंगे पांव न दौड़ें। पैर फिसलने पर गंभीर चोटें आ सकती हैं।
- ट्रेडमिल पर दौड़ेते समय एक्स्ट्रा पैडिंग वाले जूते पहनें, पैर में मोच नहीं आती। चलते वक्त नीचे पांव की ओर न देखें। गति बेकाबू हो सकती है।
- ट्रेडमिल पर दौड़ते वक्त हैंडरेल को न पकड़ें। इससे बांहों में दर्द हो सकता है।
- ट्रेडमिल की रफ्तार धड़कनों की गति ध्यान रखकर बढ़ाएं। बहुत अधिक रफ्तार बढ़ाना हृदय पर भारी पड़ सकता है।
- मशीन पूरी तरह से रुकने पर ही मशीन से नीचे उतरें।
- घुटनों में दर्द है तो पहले विशेषज्ञ से बात कर लें।
- ट्रेडमिल पर दौड़ते समय सेफ्टी बार को पकड़कर ना रखें। पॉस्चर बिगड़ सकता है।

रेसिपी

## खट्टे बैंगन की सब्जी



5-6 लंबे बैंगन, दो कटे हुए प्याज, एक बारीक कटा हुआ टमाटर, एक दालचीनी, एक बड़ा चम्मच जीरा, आधा चम्मच इलायची पाउडर, एक चमच कश्मीरी लील मिर्च, एक छोटा चम्मच हींग, एक छोटा चम्मच हल्दी पाउडर, एक बड़ा चमच सोंठ, एक बड़ा चम्मच सौंफ, एक बड़ा चम्मच नींबू का रस, बारीक कटा हुआ हरा धनिया, स्वादानुसार नमक बनाने की

### विधि

सबसे पहले एक कढ़ाई में तेल डालर गर्म करें। जब ये गर्म हो जाएं तो इसमें दालचीनी, जीरा, इलायची पाउडर, कश्मीरी लाल मिर्च, हींग, धनिया पाउडर, हल्दी और नमक डालें और अच्छी तरह से फ्राई कर लें। इसके बाद इसमें थोड़ा सा पानी डाल दें। जिससे कि मासला जले न। जब यह तेल छोड़ने लगें तो इसमें सोंठ डाल दें और कम से कम 2 मिनट पकाएं इसके बाद इसमें प्याज और बैंगन डालकर अच्छी करह से फ्राई करके कम से कम 20 मिनट के लिए ढक्कन बंद कर दें। 20 मिनट बाद इसमें टमाटर, सौंफ और थोड़ा सा पानी डालें। अब टमाटर पकने दें। जब टमाटर पक जाए और गाढ़ी सी ग्रेवी तैयार हो जाए। तब आंच बंद कर दें। आपकी कश्मीरी खट्टे बैंगन की सजी बनकर तैयार है। इसमें नींबू डालकर गर्मागर्म रोची के साथ सर्व करें।

## वेज उपमा



### सामग्री

पानी: 660 मिलीलीटर
गाजर- 75 ग्राम हरे मटर: 40 ग्राम
ग्रीन बीन्स: 35 ग्राम घी: 1 बड़ा चम्मच
सरसों के बीज: 1/2 चम्मच करी पत्ते: 7-8 : प्याज: 75 ग्राम सूजी: 100 ग्रामहरी मिर्च : 1 चम्मच नमक: 1 चम्मच
धनिया : 1 बड़ा चम्मच

### विधि

डीप पैन को मध्यम आंच पर रखें और उसमें 660 मिलीलीटर पानी, 75 ग्राम गाजर, 40 ग्राम हरे मटर, 35 ग्राम ग्रीन बीन्स डालकर उबाल लें। अब एक डीप पैन को मध्यम आंच पर रखें और उसमें आधा चम्मच सरसों के बीज, 7-8 करी पत्ता डालें और अच्छी तरह से हिलाएं। फिर इसमें 75 ग्राम प्याज डालकर फ्राई करें, जब तक वह हल्के ब्राउन न हो जाए। अब इसमें 100 ग्राम सूजी डालें और मध्यम आंच पर 2-3 मिनट तक पकाएं। इसमें 1 हरी मिर्च डालकर अच्छे से मिक्स करें। फिर इसमें उबली हुई सब्जियां, 1 चम्मच नमक, 1 बड़ा चम्मच धनिया डालें और अच्छे से मिक्स करें। अब इसे 3-5 मिनट तक मध्यम आंच पर पकाएं। कभी-कभी इसे हिलाते रहें। जब यह गाढ़ा हो जाए तो आंच से उतार लें और सर्व करें

# अंदरूनी चोट के दर्द को राई से करें दूर

आजकल हर किसी की लाइफस्टाइल बहुत व्यस्त हो गई है। हर कोई चाहता है कि उसका काम जल्दी से निपट जाए लेकिन कई बार हड़बड़ाहट में चोट भी लग जाती है। बाहर से दिखाई देने वाली चोट के जख्म तो जल्दी भर जाते हैं लेकिन कई बार शरीर के अंदरूनी हिस्सों में भी चोट लग जाती है। जो दिखाई नहीं देती लेकिन दर्द बहुत करती हैं। कई बार तो इस चोट का अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाता है लेकिन घरेलू इलाज से इस परेशानी से छुटकारा पाया जा सकता है। राई खाने का स्वाद बढ़ाने के साथ-साथ सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद है। दर्द से छुटकारा पाने के लिए राई का इस्तेमाल बेहद लाभकारी है। राई को सरसों के नाम से भी जाना जाता है।



**इस तरह करें राई का इस्तेमाल :** राई में एंटीऑक्सिडेंट, सेलेनियम और मैग्निश्यम भरपूर मात्रा में होते हैं। चोट लगने पर राई को पानी में भिगोकर इसका पतला पेस्ट तैयार कर लें। इसे चोट वाली जगह पर लेप कर लें। बहुत आराम मिलेगा। इसके अलावा पानी में राई के दाने उबालकर इस पानी में कॉटन का कपड़ा भिगोकर चोट वाली जगह पर थपथपाएं। ऐसा करने से दर्द बहुत कम हो जाएगा। इसके साथ ही खाने में भी राई का इस्तेमाल करें। छौक लगाने,स्वाद,अचार आदि तरीको से राई खा सकते हैं।

**घबराहट होने पर लाभकारी है राई :** राई के छोटे-छोटे दाने सेहत के लिए बहुत लाभकारी हैं। घबराहट होने पर हाथ की हथेलियों और पैरों के तलवों पर राई को रगड़ें। इससे बहुत आराम मिलता है।

## शेयर बाजार ने बनाया नया रिकॉर्ड

# सेंसेक्स 1245 अंक उछला, निफ्टी 22300 के पार



**नई दिल्ली ( हि.स. )।** हफ्ते के आखिरी और मार्च महीने के पहले कारोबारी दिन शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार ने तगड़ी छलांग लगाते हुए अबतक के उच्चतम स्तर को हासिल गया। प्रभावी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) आंकड़ों और विदेशी निवेशकों का आकर्षण बढ़ने से शेयर बाजार के दोनों प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ने ही डेढ़ फीसदी से अधिक की उछाल के साथ सर्वकालिक उच्चतम स्तर हासिल किया। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1,245.05 अंक यानी 1.72 फीसदी की उछाल के साथ 73,745.35 अंक पर बंद हुआ। यह इसका सर्वकालिक उच्चतम स्तर है। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,318.91 अंक यानी 1.81 फीसदी की बढ़त के साथ 73,819.21 के रिकॉर्ड इंट्रा-डे शिखर पर पहुंच गया। हालांकि, बाद में यह थोड़ा नीचे आया और 73,745 के लेवल पर बंद हुआ। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 355.95 अंक यानी 1.62 फीसदी की बढ़त के साथ 22,338.75 के स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान इसने 370.5 अंक की तेजी के साथ 22,353.30 के नए इंट्रा-डे स्तर को भी छुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 23 शेयर में तेजी देखने को मिली, जबकि 7 शेयरों में गिरावट रही। वहीं, आज के कारोबार में ऑयल-गैस, बैंकिंग और ऑटो शेयरों में सबसे ज्यादा तेजी देखने को मिली। टाटा स्टील निफ्टी का टॉप गेनर रहा। कारोबार के दौरान सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल टाटा स्टील छह फीसदी से अधिक उछल गई, जबकि जेएसडब्ल्यू स्टील में चार फीसदी से अधिक की तेजी रही। इसके अलावा लार्सन एंड टुब्रो, टाइटन, मारुति, इंडसइंड बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और टाटा मोटर्स में भी बढ़त दर्ज की गई है। हालांकि, तेजी के इस दौर में भी एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इंफोसिस और टेक महिंद्रा पिछड़ गए। उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले गुरुवार को शेयर बाजार हरे निशान पर बंद हुआ। बीएसई का सेंसेक्स 195.41 अंक यानी 0.27 फीसदी की उछाल के साथ 72,500.30 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई का निफ्टी भी 31.65 अंक यानी 0.14 फीसदी की ब ?त के साथ 21,982.80 के स्तर पर बंद हुआ था।

## टाटा से तुलना करने पर ट्रोल्स को महिंद्रा का दिलचस्प जवाब

### बोले- उनसे प्रतिस्पर्धा सौभाग्य की बात



**नई दिल्ली।** उद्योगपति आनंद महिंद्रा ने महिंद्रा समूह की तुलना टाटा मोटर्स से करने वाले ट्रोल को ट्विटर पर करारा जवाब दिया है। प्लेटफॉर्म पर आयरनमैन के रूप में पहचाने जाने वाले ट्रोल ने महिंद्रा को ट्वीट किया कि उनकी कंपनी बिक्री में टाटा मोटर्स से पिछड़ गई है। जवाब में आनंद महिंद्रा ने कहा कि टाटा भारतीय ट्रक उद्योग में अग्रणी और पथप्रदर्शक रहे हैं। हम टाटा मोटर्स के वास्तुकार सुमंत मूलगांवकर की प्रशंसा करते हैं। उनके साथ जुड़ना और इस उद्योग में प्रतिस्पर्धा करना सौभाग्य की बात है। ऐसा करने में हम भारत की विनिर्माण क्षमता में योगदान करते हैं। महिंद्रा के जवाब को ट्विटर पर महत्वपूर्ण प्रतिक्रिया मिले, जिसे 2.2 लाख से अधिक बार देखा गया और लगभग 4,000 लाइक्स मिले। ट्वीट का जवाब देते हुए, एक उपयोगकर्ता ने भारतीय होने के महत्व पर जोर दिया और टाटा और महिंद्रा के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि दोनों भारतीय खिलाड़ी हैं।

## कमर्शियल गैस सिलेंडर 25.50 रुपये तक हुआ महंगा



**नई दिल्ली, ( हि.स. )।** मौजूदा वित्त वर्ष 2023-24 के अंतिम माह मार्च की पहली तारीख को कई बदलाव हुए हैं। सरकार ने फास्टैग केवाईसी और जीएसटी नियमों में बदलाव किया है। इस बीच सावर्जनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर के मूल्य में 25.50 रुपये तक की बढ़ोत्तरी की है। घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के दाम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। नई दरें शुक्रवार से लागू हो गई हैं। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक दिल्ली में अब कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत बढ़कर 1795 रुपये हो गई है। पहले 1769.50 रुपये का मिलता था। कोलकाता में इसका दाम 24 रुपये बढ़कर 1911 रुपये प्रति सिलेंडर हो गया है। मुंबई में यह सिलेंडर 25.50 रुपये महंगा होकर 1749 रुपये में मिलेगा। चेन्नई में इसकी कीमत 23.50 बढ़कर 1960.50 रुपये हो गई है। हालांकि, 14.2 किलोग्राम वाले एलपीजी सिलेंडर के दाम में बदलाव नहीं होने से दिल्ली में अभी यह 903 रुपये, भोपाल में 908 रुपये और जयपुर में 906 रुपये में मिल रहा है। उल्लेखनीय है कि सरकार ने फास्टैग के किए केवाईसी पूरा करने की समय-सीमा 29 फरवरी तय की थी। ऐसे में जिन लोगों ने अपनी केवाईसी पूरी नहीं की है, उनका फास्टैग ब्लैकलिस्ट (डिएक्टिवेट) हो जाएगा और उन्हें दोगुना टोल टैक्स देना पड़ सकता है। इसके अलावा जीएसटी के नियमों में बड़ा बदलाव किया गया है। अब 5 करोड़ रुपये से अधिक के कारोबार करने वाले व्यापारी बिना ई-चालान के ई-वे बिल जनरेट नहीं कर पाएंगे।

## देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.97 अरब डॉलर बढ़कर 619 पर

**मुंबई/नई दिल्ली ( हि.स. )।** विदेशी मुद्रा भंडार में इजाफा दर्ज हुआ है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 23 फरवरी को समाप्त हफ्ते में 2.97 अरब डॉलर बढ़कर 619 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। पिछले हफ्ते विदेशी मुद्रा भंडार 1.13 अरब डॉलर घटकर 616.09 अरब डॉलर रह गया था। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने शुक्रवार को बताया कि 23 फ़रवरी को समाप्त हफ़्ते में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.97 अरब डॉलर बढ़कर 619 अरब डॉलर हो गया है। इससे पिछले हफ्ते में विदेशी मुद्रा भंडार 1.13 अरब डॉलर घटकर 616.09 अरब डॉलर रहा था। इस दौरान विदेशी मुद्रा भंडार का अहम घटक माने जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 2.40 अरब डॉलर बढ़कर 548.19 अरब डॉलर हो गई। आंकड़ों के मुताबिक 23 फरवरी को समाप्त हफ्ते के दौरान स्वर्ण भंडार का आरक्षित मूल्य 47.2 करोड़ डॉलर बढ़कर 47.85 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) भी 8.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.19 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

## फरवरी महीने में जीएसटी राजस्व संग्रह 1.68 लाख करोड़ रुपये के पार



**नई दिल्ली ( हि.स. )।** फरवरी महीने में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व संग्रह सालाना आधार पर 12.5 फीसदी बढ़कर 1.68 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है। लगातार 12वीं बार जीएसटी कलेक्शन 1.5 लाख करोड़ रुपये से ऊपर रहा है। वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी एक बयान में बताया कि फरवरी में जीएसटी राजस्व संग्रह 1,68,337 करोड़ रुपये रहा है। यह एक साल पहले की समान अवधि फरवरी 2023 के मुकाबले 12.5 फ़ीसदी ज्यादा है, तब जीएसटी राजस्व संग्रह 1.49 लाख करोड़ रुपये रहा था। हालांकि, यह पिछले महीने जनवरी से 4 हजार करो? कम है। जनवरी में जीएसटी कलेक्शन 1.72 लाख करोड़ रुपये था। मंत्रालय के मुताबिक फरवरी महीने में जीएसटी राजस्व संग्रह 1,68,337 करोड़ रुपये रहा है। इसमें सीजीएसटी 31,785 करोड़ रुपये, एसजीएसटी 39,615 करोड़ रुपये, आईजीएसटी 84,098 करोड़ रुपये (माल के आयात पर संग्रह किए गए 38,593 करोड़ रुपये सहित) और सेस 12,839 करोड़ रुपये रहा है। इस सेस में माल के आयात से मिले 984 करोड़ रुपये शामिल हैं। वित्त मंत्रालय के मुताबिक चालू वित्त वर्ष 2023-24 के 11 महीनों में जीएसटी राजस्व संग्रह औसतन 1.67 लाख करोड़ रुपये रहा है। पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में कुल 18.10 लाख करोड़ रुपये का जीएसटी कलेक्शन हुआ था। देश में जीएसटी लागू होने के बाद अब तक का सबसे ज्यादा जीएसटी कलेक्शन अप्रैल, 2023 में 1.87 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया था। इसके अलावा लगातार 23 महीने से देश का जीएसटी राजस्व संग्रह 1.4 लाख करोड़ रुपये से ऊपर रहा है। लगातार 12वीं बार जीएसटी राजस्व संग्रह 1.5 लाख करोड़ रुपये से ऊपर रहा है।

## पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर, कच्चा तेल 83 डॉलर प्रति बैरल के करीब

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव लगातार जारी है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य 83 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 79 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया है। तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमत में शुक्रवार को कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक, दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 89.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के पांचवें दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.34 डॉलर यानी 0.42 फीसदी की उछाल के साथ 82.25 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.27 डॉलर यानी 0.34 फीसदी की बढ़त के साथ 78.53 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

## पेटीएम ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक के साथ अंतर-कंपनी समझौता किया खत्म




**नई दिल्ली ( हि.स. )।** पेटीएम ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक (पीपीबीएल) के साथ अंतर-कंपनी समझौता रद्द कर दिया है। ऑनलाइन भुगतान मंच पेटीएम का संचालन करने वाली कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस के निदेशक मंडल ने सहयोगी इकाई पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर आरबीआई की कार्रवाई के बीच यह समझौता खत्म करने को मंजूरी दे दी है। पेटीएम ने कहा है कि उसकी सेवाएं निर्बाध रूप से जारी रहेंगी। वन97 कम्युनिकेशंस ने शुक्रवार को रेगुलेटरी फाइलिंग में फैसले की जानकारी दी। शेयर बाजार को दी गई जानकारी के मुताबिक दोनों कंपनियों के बीच एक-दूसरे पर निर्भरता कम करने के लिए यह कदम उठाया गया है। कंपनी ने बताया कि निदेशक मंडल ने एक मार्च, 2024 को इन समझौतों को खत्म करने और शेयरधारक समझौतों में संशोधन को मंजूरी दी है। शेयर बाजार को दी सूचना में वन97 कम्युनिकेशंस ने कहा कि कंपनी और उसकी सहयोगी इकाई पीपीबीएल ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक के स्वतंत्र संचालन के प्रति अपने दृष्टिकोण को मजबूत करने के लिए अतिरिक्त कदम हैं। गौरतलब है कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने पीपीबीएल को 15 मार्च, 2024 के बाद ग्राहक खातों, वॉलेट, फास्टैग और अन्य साधनों में नई जमा या टॉप-अप स्वीकार करने पर रोक लगा दी है।

## वित्त मंत्री सीतारमण ने किया सात बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का वर्चुअल शुभारंभ



**नई दिल्ली ( हि.स. )।** केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को नई दिल्ली से देशभर में स्थित सात बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का वर्चुअल शुभारंभ किया। इनमें से एक केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के विभागीय आवासीय परिसर भी है। सीतारमण ने वित्त मंत्रालय में राजस्व विभाग के केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के लिए हरियाणा में फरीदाबाद के सेक्टर-28 में 198 क्वार्टर वाले आवासीय परिसर का वर्चुअल उद्घाटन किया। उन्होंने गुरुग्राम के सेक्टर-53 में आवासीय परिसर की वर्चुअल आधारशिला भी रखी। वित्त मंत्री ने मध्यम और वरिष्ठ स्तर के अधिकारियों को पर्याप्त आवास सुविधा मुहैया कराने के लिए नई दिल्ली में द्वारका के सेक्टर-9 में 256 क्वार्टर वाले विभागीय आवासीय परिसर का उद्घाटन किया। इसके अलावा केंद्रीय वित्त मंत्री ने वित्तीय सेवा विभाग के लिए भारतीय स्टेट बैंक के नए स्थानीय प्रधान कार्यालय भवन, भारतीय जीवन बीमा निगम के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार केंद्र भवन गुजरात के गांधी नगर स्थित गिफ्ट सिटी में केनरा बैंक की आईएफएससी बैंकिंग इकाई और चेन्नई में यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के नए प्रधान कार्यालय भवन का उद्घाटन किया। ये बुनियादी ढांचा पहल गिफ्ट सिटी में व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ावा देगी और ग्राहकों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी को अत्याधुनिक मुख्यालय भवन प्रदान करेंगी। इस अवसर पर वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग के सचिव संजय मल्होत्रा, वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) के सचिव विवेक जोशी, सीबीडीटी के अध्यक्ष नितिन गुप्ता, केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के अध्यक्ष संजय अग्रवाल, एलआईसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के अधिकारी, यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस और कैनरा बैंक के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

## दो हजार रुपये के 97.62 फीसदी नोट बैंकों में आए वापस: आरबीआई

### कहा, अब केवल 8470 करोड़ रुपये के नोट चलन में मौजूद



**नई दिल्ली ( हि.स. )।** देश में चलन में मौजूद 2000 रुपये मूल्य के नोट का 97.62 फीसदी बैंकों के पास वापस आ चुका है। दो हजार रुपये के बैंक नोट अभी लीगल टेंडर (कानूनी निविदा) बने रहेंगे। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने यह जानकारी दी है। आरबीआई ने शुक्रवार को जारी बयान में बताया कि 19 मई, 2023 तक बाजार में प्रचलन में मौजूद 2000 रुपये मूल्य के बैंक नोटों का 97.62 फीसदी बैंकों के पास वापस आ चुका है। रिजर्व बैंक के मुताबिक 29 फरवरी, 2024 को कारोबार बंद होने के बाद प्रचलन में मौजूद दो हजार रुपये के नोटों का मूल्य घटकर अब 8,470 करोड़ रुपये रह गया है। केंद्रीय बैंक ने कहा है कि 2,000 रुपये के बैंक नोट लीगल टेंडर (कानूनी निविदा) बने रहेंगे। उल्लेखनीय है कि 19 मई, 2023 को बाजार में प्रचलन में मौजूद 2000 रुपये के बैंक नोटों का कुल वैल्यू 3.56 लाख करोड़ रुपये था। आरबीआई ने उसी दिन दो हजार रुपये के बैंक नोटों की वापसी की घोषणा की थी। आरबीआई के मुताबिक बाजार में मौजूद दो हजार रुपये के नोट इंडिया पोस्ट के माध्यम से रिजर्व बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय में जमा किए जा सकते हैं।

## ओप्पो ने लॉन्च किया एफ पच्चीस प्रो 5जी

**जयपुर ( हि.स. )।** ओप्पो इंडिया ने एफ पच्चीस प्रो 5जी को दो स्टोरेज वेरिएंट में लॉन्च किया है। यह स्मार्टफोन जो नए लावा रेड रंग में मिलेगा। उसमें फ्रंट और रियर शूटर पर 4के वीडियो रिकॉर्डिंग के साथ 64 एमपी का रियर ट्रिपल-कैमरा सेटअप है। ओप्पो इंडिया में प्रोडक्ट कम्युनिकेशंस के डायरेक्टर सवियो डिसूजा ने बताया कि एफ पच्चीस प्रो 5जी फ्रंट और रियर दोनों कैमरों पर 4के वीडियो रिकॉर्डिंग,एक मजबूत, साफ सुथरा बॉर्डरलेस डिस्प्ले आदि कई प्रीमियम सुविधाओं से बना है। साथ ही इसमें सेगमेंट में सबसे तेज फोटोग्राफी और दक्षता के लिए स्मार्ट एआई प्रौद्योगिकियां दी गई है। इतना ही नहीं अपनी पतली, हल्की, टिकाऊ बनावट के साथ एफ पच्चीस प्रो 5जी उन लोगों के लिए एकदम सही विकल्प है जो एक दमदार और स्टाइलिश अपग्रेड चाहते हैं।

## निवेशकों की सुरक्षा के लिए रूपरेखा बनाएं फंड हाउस : सेबी



**नई दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक सेबी ने म्यूचुअल फंड हाउसों से उन निवेशकों की सुरक्षा के लिए रूपरेखा तैयार करने को कहा है, जिन्होंने स्मॉलकैप और मिडकैप योजनाओं में निवेश किया है। इसके अलावा, नियामक ने इन क्षेत्रों में भारी निवेश पर प्रतिबंध, पोर्टफोलियो पुनर्संतुलन और निवेशकों को सुरक्षित रखने के लिए दिशानिर्देश बनाने जैसे कदमों का भी सुझाव दिया है। पिछली कुछ तिमाहियों में म्यूचुअल फंड की स्मॉलकैप और मिडकैप योजनाओं में जमकर निवेश आया है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया को भेजे पत्र में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने फंड हाउसों के ट्रस्टियों को निवेशकों के हितों की सुरक्षा के लिहाज से एक नीति बनाने के लिए सूचना देने को कहा है। ट्रस्टी और एसेट मैनेजमेंट कंपनियों के यूनिटधारक सुरक्षा समितियों की सलाह से सुनिश्चित करेंगे कि सभी निवेशकों के हितों की रक्षा के लिए नीति बनाई गई है। बाजार नियामक सेबी ने कहा कि फंड हाउसों को 21 दिनों के भीतर अपनी वेबसाइट पर नई नीति का खुलासा करना होगा। चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में मिडकैप श्रेणी में 6,468 करोड़ रुपये का निवेश आया है। स्मॉलकैप में 12,000 करोड़ से ज्यादा का निवेश आया है। सेबी ने वी मार्क इंडिया के शेयरों में गलत तरीके से वॉल्यूम और कीमतें बढ़ाकर कारोबार करने वाले 12 लोगों पर शेयर बाजार में कारोबार पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसके अलावा, अवैध तरीके से कमाए 6.38 करोड़ रुपये वापस लौटाने को भी कहा है। वी मार्क एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध है। सेबी ने जांच में पाया, कंपनी के एमडी विकास गर्ग और संदीप कुमार अन्य लोगों के साथ मिलकर धोखाधड़ी कर रहे थे। एक अन्य मामले में सेबी ने आठ संस्थाओं पर 48 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

## सरकार ने घरेलू कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स बढ़ाया, नईं दरें लागू

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** केंद्र सरकार ने देश में उत्पादित कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर (विंडफॉल टैक्स) को 3,300 रुपये प्रति टन से बढ़ाकर 4,600 रुपये प्रति टन कर दिया है। वहीं, डीजल के निर्यात पर लगने वाले शुल्क शून्य कर दिया है। नईं दरें एक मार्च से प्रभावी हो गई हैं। अधिसूचना के मुताबिक केंद्र सरकार ने घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स को 3,300 रुपये प्रति टन से बढ़ाकर 4,600 रुपये प्रति टन कर दिया है। वहीं, डीजल के निर्यात पर लगने वाले कर को 1.50 रुपये प्रति लीटर से घटाकर शून्य कर दिया गया है। पेट्रोल और विमान ईंधन पर लगने वाले कर को शून्य पर बरकरार रखा गया है। ये कर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क के रूप में लगाया जाता है। उल्लेखनीय है कि देश में पहली बार एक जुलाई, 2022 को अप्रत्याशित लाभ कर लागू किया गया था।

## दुबई में रहने वाले हवाला कारोबारी के 580 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त, ईडी ने की कार्रवाई



**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महादेव एप से जुड़े धनशोधन मामले में ताजा छापेमारी के बाद दुबई के एक हवाला कारोबारी की 580 करोड़ रुपये से अधिक की सिक्योरिटी होल्डिंग, 3.64 करोड़ रुपये की नकदी और कीमती सामान जब्त किया है। ईडी ने 28 फरवरी को कोलकाता, गुरुग्राम, दिल्ली, इंदौर, मुंबई और रायपुर के विभिन्न परिसरों पर छापेमारी शुरू की थी। महादेव ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी एप की ईडी की जांच में छत्तीसगढ़ के कई उच्च पदस्थ राजनेताओं और नौकरशाहों की कथित संलिप्तता के संकेत मिले हैं। सूत्रों ने बताया कि एजेंसी ने इस मामले में हवाला कारोबारी हरिशंकर टिबरेवाल की पहचान की है। वह कोलकाता का रहने वाला है लेकिन फिलहाल दुबई में रहता है। उसने महादेव एप के प्रमोटरों के साथ साझेदारी की और एक कथित अवैध सट्टेबाजी एप स्काईएक्सचेंज का स्वामित्व और संचालन भी किया। अधिकारियों ने बताया कि टिबरेबाल के पास मौजूद 580.78 करोड़ रुपये की सिक्योरिटी को ईडी ने धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत जब्त किया है। सूत्रों के अनुसार इन छापों में एजेंसी ने 1.86 करोड़ रुपये नकद और 1.78 करोड़ रुपये मूल्य का कीमती सामान बरामद किया है। ईडी इस मामले में अब तक नौ लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। एजेंसी ने पहले कहा था कि महादेव ऐप द्वारा उत्पन्न कथित अवैध धन का इस्तेमाल छत्तीसगढ़ में राजनेताओं और नौकरशाहों को रिश्वत देने के लिए किया गया था, जहां से एप के मुख्य प्रमोटर और अन्य आरोपित हैं। ईडी ने इस मामले में अब तक दो आरोपपत्र दाखिल किए हैं जिनमें कथित गैरकानूनी सट्टेबाजी और गेमिंग एप के दो मुख्य प्रमोटरों सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल के खिलाफ भी आरोप पत्र दाखिल किया गया है। इसने पहले भी इस मामले में कई छापे मारे थे।

# आदित्य चोपड़ा और रोहित शेट्टी का आभारी हूं: अर्जुन कपूर

**- उन्होंने नकारात्मक भूमिकाएँ निभाने की क्षमता पर विश्वास किया**



**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड एक्टर अर्जुन कपूर का कहना है कि नकारात्मक भूमिकाएँ निभाने की उनकी क्षमता पर विश्वास करने के लिए वह अपने गुरुओं आदित्य चोपड़ा और रोहित शेट्टी के आभारी हैं। अर्जुन कहते हैं, ह्लमैंने इश्कजादे, औरंगजेब जैसी फिल्मों में नकारात्मक किरदार निभाकर इंडस्ट्री में अपना करियर शुरू किया और इतने सालों के बाद, मैं सिंघम अगेन में एक खलनायक की भूमिका निभा रहा हूं। जबकि उस समय आदित्य चोपड़ा ने मुझमें ऐसे किरदार निभाने की क्षमता देखी थी जो त्रुटिपूर्ण हों, अब, मैं इस विश्वास के लिए रोहित शेट्टी का आभारी हूं कि मैं उनकी महत्वाकांक्षी और बहुचर्चित कॉप यूनिवर्स फिल्म में एक खलनायक की भूमिका निभा रहा हूं! रोहित शेट्टी ने मुझमें विश्वास जगाया और हर कदम पर एक मार्गदर्शक रहे है! अर्जुन कहते हैं, ये दोनों लोग मेरे फिल्मी करियर में सच्चे गुरु रहे हैं और मैं आभारी हूं कि रोहित शेट्टी जैसे हिट-मशीन फिल्म निमार्ता का मानना है कि मैं सिंघम अगेन में खलनायक की भूमिका निभाकर लोगों को चौंका सकता हूं। अर्जुन कहते हैं, मैं हमेशा से स्क्रीन पर प्रयोग करना चाहता था और दर्शकों को कुछ अलग देखने को देना चाहता था। इसलिए, सिंघम अगेन में पुलिस के कट्टर दुश्मन की भूमिका निभाना मेरे लिए एक रोमांचक अवसर है वह आगे कहते हैं, जैसा कि मैंने कहा, जब मैं सिंघम अगेन के सेट पर होता हूं तो ऐसा लगता है जैसे मेरे करियर का सर्कल पूरा हो गया है। मुझे अपने करियर की शुरूआत में नकारात्मक किरदार निभाकर बहुत प्यार मिला और मैं सिंघम अगेन के साथ भी वैसा ही और अधिक प्यार पाना चाहता हूं। अभिनेता का कहना है कि रोहित शेट्टी की फिल्म में खलनायक की भूमिका निभाना उनके लिए रोमांचकारी है क्योंकि इससे उन्हें एक अभिनेता के रूप में भी प्रयोग करने का मौका मिला।

# रणवीर सिंह बनेंगे पिता, दीपिका ने खुद दी प्रेग्नेंट होने की दी खबर



**मुंबई (ईएमएस)।** दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह जल्दी ही माता-पिता बनने वाले हैं। उनके घर में जल्द ही नन्हें बच्चे की किलकारियां गूंजने वाली हैं। इस खुशखबरी को अभिनेत्री ने खुद ही पोस्ट के जरिए शेयर किया है। इसे देखते ही दीपिका को ढेरों बधाइयां मिल रही हैं। जानकारी के मुताबिक गुरुवार को दीपिका पादुकोण ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पेज पर अपनी प्रेग्नेंसी की खबर जारी की। उन्होंने एक फीचर इमेज शेयर करते हुए कहा कि उनका बेबी सितंबर 2024 में आ रहा है। बॉलीवुड स्टार जोड़ी दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह अपने पहले बच्चे का स्वागत के लिए उत्साह से भरे हुए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दीपिका का सेकंड ट्रिमिस्टर फेज चल रहा है और उनकी डिलीवरी सितंबर 2024 में होने वाली है। इससे पहले कहा जा रहा था कि दीपिका पादुकोण प्रेग्नेंट हैं और अब खुद ही अभिनेत्री ने इस गुड न्यूज को बता दिया है। दीपिका की प्रेग्नेंसी को लेकर तबसे लगातार खबरें आ रही थीं जब उनका 77वें ब्रिटिश अकादमी फिल्म अवाड्र्स (बाफ्टा) में रेड कार्पेट पर साड़ी पहने बेबी बंप दिख रहा था। बता दें कि इससे पहले भी दीपिका ने वोग से बेबी प्लानिंग को लेकर कुछ बातें बयां की थी। तब उन्होंने बताया है कि उन्हें और रणवीर को बच्चे पसंद हैं और वो उस दिन का इंतजार कर रहे हैं, जब अपना परिवार शुरू करेंगे। एक इंटरव्यू में भी दीपिका ने अपनी प्रेग्नेंसी पर कन्फर्मेशन दे दी थी और अब उन्होंने सोशल पेज पर अनाउंसमेंट किया है। बता दें कि दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह की मुलाकात संजय लीला भंसाली की फिल्म रामलीला के सेट पर हुई थी। नवंबर 2018 में शादी करने से पहले उन्होंने पांच साल तक डेट किया था और अब वे पेरेंट्स बनने जा रहे हैं।

# सलमान अपने फैंस को अब पेंटिंग के जरिए करेंगे खुश

**-आर्ट कंपनी आर्टफी के साथ मिलाया हाथ**



**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड के सुपर स्टार सलमान खान अब आर्ट कंपनी आर्टफी के साथ हाथ मिलाकर अपने पेंटिंग के जरिए भी दुनियाभर में चाहने वाले अपने फैंस को खुश करेंगे। इंडियन फैन के लिए सलमान खान का ये फैसला खुश करने वाला है। दरसल, पहली बार, सलमान खान की पेंटिंग्स, जिनमें यूनिटी 1 और यूनिटी 2 नाम के जाने माने डिप्टीच में शामिल हैं। सलमान जैसे वह फिल्मो में अपने किरदार से लोगो को दीवाना बनाते हैं, वैसे ही अब अपनी पेंटिंग के जरिये वह लोगो को दीवाना बनाएंगे। आर्टफी यूनिटी 1 और यूनिटी 2 को 10,000 भागों में बांटेगा, जिससे हर कोई इनके ओनरशिप में आंशिक रूप से मालिक बन सकेगा। सलमान खान के विचारः मुझे इस कार्यक्रम में आटीर्फी के साथ जुड़कर बहुत खुशी है, जिसके जरिए मेरी पेंटिंग को हासिल करने का मौका दर्शकों को मिल रहा है। सलमान खान ने अपने कोट में कहा है, मैं आटीर्फी के इस कार्यक्रम में आटीर्फी के साथ जुड़कर बहुत खुश हूं, जिसके जरिए मेरे आर्ट को हासिल करने का मौका मिल रहा है, और मुझे ये देखकर खुशी है कि इससे मेरे आर्ट को दुनिया भर के लोगों के साथ बांटा जाएगा। बता दें कि सलमान खान को न सिर्फ फिल्मो में उनके योगदान के लिए बल्कि उनके परोपकारी प्रयासों और पेंटिंग के प्रति जुनून के लिए भी पहचाना जाता है। बी-टाउन के सबसे चहेते खांस में से एक सलमान खान की दुनिया भर में बहुत बड़ी फैन फॉलोइंग है। उन्हें हर उम्र के लोग पसंद करते हैं।

# शाहरुख की मूवी डंकी की ह्यूमन डेवलपमेंट की वीपी ने की तारीफ




राजकुमार हिरानी ने फिल्म डंकी के साथ दर्शकों को एक बेहद प्यारी कहानी से रूबरू कराया है, जो देश के लिए हमारे प्यार, दोस्ती और पुरानी यादों की कहानी पेश करती है। इसका सबूत फिर तब से सामने आया है, जब हाल ही में विश्व बैंक में ह्यूमन डेवलपमेंट की वीपी ममता मूर्ति ने फिल्म की तारीफ की। ममता मूर्ति ने डंकी देखने का अपना अनुभव साझा किया। उन्होंने कैप्शन में लिखा- हिंदी फिल्म डंकी देखने में मजा आया, जो तीन दोस्तों के बारे में है, जो छात्र वीजा हासिल करने में असफल होने के बाद यूके के लिए एक खतरनाक अवैध मार्ग चुनते हैं। दिल छू लेने वाली, ट्रैजिक और फनी यह वास्तव में माइग्रेशन, रिफ्यूजी और सोसाइटीज पर के संदेशों को घर तक पहुंचाती है। डंकी के लिए यह वाकई एक उल्लेखनीय जीत है क्योंकि रिलीज के इतने महीनों बाद भी फिल्म दर्शकों का दिल जीत रही है। जहां फिल्म को बड़े पर्दे पर शानदार प्रतिक्रिया मिली, वहीं नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने पर भी इसे बहुत प्यार मिला और इसने नंबर 1 पर अपनी पोजीशन मजबूत कर ली।

# अजय देवगन 8 मार्च को लेकर आ रहे है शैतान

**-आर.माधवन और ज्योतिका मुख्य भूमिका में**




**मुंबई (ईएमएस)।** दर्शकों के सामने बालीवुड एक्टर अजय देवगन 8 मार्च को शैतान लेकर आ रहे हैं, जिसमें उनके साथ आर.माधवन और ज्योतिका मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। अजय देवगन इस वर्ष कई फिल्मों में दिखाई देने वाले हैं। अजय देवगन एक बार फिर तब्बू के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करते हुए औरों में कहां दम था में नजर आएंगे। यह फिल्म पहले 26 अप्रैल को प्रदर्शित होने वाली थी। हालांकि अब इस फिल्म की रिलीज डेट आगे खिसक गई है। इसके राइटर और डायरेक्टर नीरज पांडे ने नई रिलीज डेट के बारे में जानकारी दी है। नीरज ने एक मीडिया पोर्टल से बात करते हुए कहा कि ह्यऔरों में कहां दम था एक रोमांटिक म्यूजिकल लव स्टोरी है। अभी इसकी रिलीज डेट पर इतना ही कह सकता हूं कि यह जून में बकरीद पर रिलीज होगी। हालांकि इसकी रिलीज डेट अनाउंस करने के लिए हम टीजर लेकर आएंगे। बता दें कि पहले यह फिल्म 26 अप्रैल को रिलीज होनी थी। मेकर्स ने यह भी तय नहीं किया है कि यह सिनेमाघरों में रिलीज होगी या फिर ओटीटी प्लेटफॉर्म पर। फिल्म में अजय और तब्बू के अलावा जिमी शेरगिल, शांतनु माहेश्वरी और सई मांजरेकर भी अहम रोल में हैं। यह पहली बार होगा जब नीरज और अजय की जोड़ी बनी है। इसे कुमार मंगत पाठक ने प्रोड्यूस किया है। उल्लेखनीय है कि यह नीरज की छठी फिल्म है। जून में ही कंगना रनौत की इमरजेंसी और कार्तिक आर्यन की चंदू चैंपियन भी रिलीज होनी है। अजय की शैतान एक हॉरर थ्रिलर फिल्म है जिसके ट्रेलर ने दर्शकों को इस फिल्म के प्रति काफी उत्साहित किया है। कहा जा रहा है कि यह फिल्म दृश्यम और दृश्यम-2 की तरह बॉक्स ऑफिस पर कमाल करेगी।

# बड़े मियां छोटे मियां का दूसरा गाना भी रिलीज

**-अक्षय कुमार ने शेयर किया मस्त मलंग झूम**



**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड फिल्म बड़े मियां छोटे मियां का दूसरा गाना मस्त मलंग झूम अब रिलीज हो गया है। इस फिल्म में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ प्रमुख भूमिका में है। इस फिल्म में अक्षय और टाइगर के अलावा पृथ्वीराज सुकुमारन, सोनाक्षी सिन्हा, मानुषी छिल्लर, अलाया एफ और रोनित रॉय भी अहम किरदार निभाते नजर आएंगे। फिल्म के गाने पर अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ थिरकते नजर आ रहे हैं। इस गाने को अरिजीत सिंह, विशाल मिश्रा और निखिता गांधी ने अपनी आवाज दी है जिससे गाना और भी अच्छा लग रहा है। इस गाने को विशाल मिश्रा ने कंपोज किया है, जबकि इरशाद कामिल ने इसके बोल लिखे हैं। इस गाने को अक्षय कुमार ने शेयर किया है। काफी दिनों से अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की फिल्म बड़े मियां छोटे मियां के गानों का फैंस को इंतजार था जो अब लगभग पूरा होने वाला है, क्योंकि ईद अप्रैल 2024 को ये फिल्म रिलीज होगी। फिल्म देखने से पहले आपको इस फिल्म का गाना देखना चाहिए जो काफी मस्तीभरा है। मस्त मलंग झूम गाना बड़े मियां छोटे मियां के साउंडट्रैक के अलावा एक और फुट-टैपिंग का एडिशन है। यह गीत दो लीड्स के बीच की एनर्जी और केमिस्ट्री को बेहतरीन दिखाता है। अक्षय ने इसे शेयर करते हुए लिखा, मस्त एनर्जी, बीट्स-मलंग, ग्रूव-झूम. ये टाइम है मस्त मलंग झूम के बीट पर डांस करने का। बड़े मियां छोटे मियां ईद पर रिलीज होगी। इस गाने में जहां आप टाइगर श्रॉफ का एनर्जी लेवल काफी अलग देखेंगे वहीं अक्षय कुमार भी अपने यंग को-स्टार को एनरजेटिक स्टेप्स दिखाते नजर आ रहे हैं। इस गाने में आप अक्षय-टाइगर का ब्रोमांस भी देख सकते हैं। बहुत जल्द फैंस की जुबां पर ये गाना चढ़ सकता है और लोगों को इसके कैची मूव्स दीवाना बना सकता है। पूजा एंटरटेनमेंट और एएजेड फिल्म्स ने फिल्म बड़े मियां छोटे मियां का निर्माण किया है वहीं इस फिल्म को अली अब्बास जफर ने निर्देशित किया है। यह फिल्म इस ईद रिलीज होगी लेकिन निर्धारित डेट नहीं बताई गई है।

# हॉलीवुड में बनेगी सुपरहिट फिल्म 'दृश्यम' का रिमेक




साउथ सुपरस्टार मोहनलाल और जीतू जोसेफ वर्ष 2013 में बेहतरीन क्राइम थ्रिलर फिल्म 'दृश्यम' बनाई थी। इस फिल्म को अच्छा रिस्पॉन्स मिला और इसमें अभिनेता अजय देवगन मुख्य भूमिका में थे। इस फिल्म के दोनों पार्ट काफी हिट हुए थे। इन फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर खूब धमाल मचाया। कुछ दिनों पहले इसके तीसरे पार्ट बनाने की भी घोषणा की गई थी। फिल्म 'दृश्यम' को हिंदी, तमिल, मलयालम, कन्नड़ भाषाओं में बनाया गया है। साथ ही इसी बीच खबर आई थी कि अजय देवगन की इस फिल्म का कोरियन भाषा में भी रीमेक बनाया जाएगा। ऐसे में 'दृश्यम' के हॉलीवुड रीमेक को लेकर नई जानकारी सामने आई है। हॉलीवुड में फिल्म का रीमेक बनाने के लिए पैनोरमा स्टूडियोज ने गल्फस्ट्रीम पिक्चर्स और जोट फिल्म्स के साथ समझौता किया है। बॉलीवुड फिल्म का हॉलीवुड में रीमेक बनने की खबर से फैंस हैं। इस फिल्म की लोकप्रियता सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि चीन में भी थी और फिल्म को जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था। इतना ही नहीं, उम्मीद है कि हॉलीवुड रीमेक के साथ-साथ इस फिल्म को स्पेनिश भाषा में भी डब किया जाएगा। पैनोरमा स्टूडियो के चेयरमैन और डायरेक्टर कुमार मंगत पाठक ने इसकी जानकारी दी है। 'दृश्यम' सीक्वल की पहली फिल्म वर्ष 2013 में आयी था, जिसे जीतू जोसेफ ने लिखा और निर्देशित किया था। बाद में फिल्म को चार अलग-अलग भाषाओं में बनाया गया। हिंदी रीमेक में अजय देवगन, तब्बू, श्रिया सरन, अक्षय खन्ना ने काम किया है। मूल मलयालम भाषा के अलावा अन्य भाषाओं में भी रीमेक को दर्शकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिला। अब दर्शकों इस फिल्म के तीसरे सीक्वल और हॉलीवुड रीमेक का बेसब्री से इंतजार कर है।

# मार्च में उदयपुर में शादी करेगी ये बालीवुड अभिनेत्री

बी-टाउन में इनदिनों शादियों का सीजन चल रहा है। हाल ही में अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी शादी के बंधन में बंधे। मार्च में पुलकित सम्राट-कृति खरबंदा भी शादी करने वाले हैं। वहीं अब बॉलीवुड की एक और अभिनेत्री दुल्हन बनने जा रही है। हम बात कर रहे अभिनेत्री तापसी पन्नू हैं। तापसी अपने प्रेमी डेनमार्क के बैडमिंटन प्लेयर मैथियास बो के साथ शादी चाने वाली हैं। मैथियास 2 बार यूरोपियन चैंपियन और ओलंपिक मेडलिस्ट रह चुके हैं। तापसी (36) मैथियास (43) को 10 साल से डेट कर रही हैं। हालांकि तापसी ने इस रिश्ते का कभी प्रचार नहीं किया। बताया जा रहा है कि तापसी मार्च में शादी करेंगी। पिछले कुछ सालों में बॉलीवुड सेलिब्रिटीज के लिए डेस्टिनेशन वेडिंग के रूप में राजस्थान पहली पसंद बना हुआ है और तापसी भी इसी प्रदेश में ब्याह रचाएंगी। वह झीलों की नगर उदयपुर में शादी करेंगी।

# अप्रैल नहीं जून में रिलीज होगी अजय और तब्बू स्टारर ये मूवी




अजय देवगन की 2024 में कई फिल्मों आने वाली हैं। सबसे पहले अजय दर्शकों के सामने 8 मार्च को शैतान लेकर आ रहे हैं, जिसमें उनके साथ आर.माधवन और ज्योतिका मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। यह एक हॉरर थ्रिलर फिल्म है जिसके ट्रेलर ने दर्शकों को इस फिल्म के प्रति काफी उत्साहित किया है। कहा जा रहा है कि यह फिल्म दृश्यम और दृश्यम-2 की तरह बॉक्स ऑफिस पर कमाल करेगी। इसके बाद अजय फिर तब्बू के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करते हुए औरों में कहां दम था में नजर आएंगे। यह फिल्म पहले 26 अप्रैल को प्रदर्शित होने वाली थी। हालांकि अब इस फिल्म की रिलीज डेट आगे खिसक गई है। इसके राइटर और डायरेक्टर नीरज पांडे ने नई रिलीज डेट के बारे में जानकारी दी है। नीरज ने कहा कि औरों में कहां दम था एक रोमांटिक म्यूजिकल लव स्टोरी है। अभी इसकी रिलीज डेट पर इतना ही कह सकता हूं कि यह जून में बकरीद पर रिलीज होगी। हालांकि इसकी रिलीज डेट अनाउंस करने के लिए हम टीजर लेकर आएंगे। बता दें कि पहले यह फिल्म 26 अप्रैल को रिलीज होनी थी।

## सूडोकु नवताल- 6719

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6718 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्दजाल- 7466

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | व | र | सु | चे | ता | कृ | प | ला | नी | इ |
| न | सुं | क | ज | इं | डो | ने | ह | ति | म | श्त |
| अ | ध | आ | ज | य | ल | लि | ता | ह | प | उ |
| हु | रा | ल | मा | ज | ल | स | रा | ह | इ | मा |
| ब | रा | ब | ड़ी | दे | वी | क | र | क | त्ते | भा |
| द | जे | कि | र | क | दा | का | को | ड | क | र |
| शी | मा | दे | श | व | था | र | त | म | क | ती |
| ला | दे | श | शि | न | प | य | रा | घु | व | ला |
| दी | दि | ल | क | ले | दा | र | जा | या | वी | दे |
| क्षि | ज | ति | ला | हि | द | ह | मा | द | ल | र |
| त | र | सु | ष | मा | स्व | रा | ज | त | र | म |

शब्दजाल में 'भारत की 10 महिला मुख्यमंत्रीयो के नाम' ढूंढिए.शब्द ऊपर से नीचे,दाएं से बाएं एंव तिरछे हो सकते हैं

सुचेताकृपलानी, शशिकला, काकोडकर, मायावती, राबड़ी देवी, सुषमा स्वराज, शीलादीक्षित,उमाभारती,वसुंधराराजे,जयललिता

**शब्दजाल - 7465 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | अ | मु | श | सी | ते | ग | ब | हा | दु | र |
| रा | अ | ल | प्र | क्ल | ला | व | ना | ज | कां | अं |
| य | म | जु | हे | रा | दी | ना | न | व | ग | रू |
| इं | र | ब | न | म | वा | स | क | त | ज | प |
| प | दा | ह | प्या | दा | तो | हो | दे | गो | र | त |
| ह | स | क | प | स | स | व | व | ण | गो | व |
| द | र | न | न | ट्रे | रू | ह | र | गो | विं | द |
| क | र | रा | प | क्श | प | का | र | चो | द | ख |
| र | व | त | य | रा | हो | प | य | अ | सिं | अ |
| क | र | ल | प | र्जु | ज | ता | रे | आ | ह | द |
| क | ह | रि | कि | श | न | चि | त्र | ब | त | म |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग- 6419

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 2 | | 1 | 6 | |
| | 23 | 1 | 26 | | 40 | |
| | | 3 | 4 | 5 | | 7 |
| 4 | 32 | | 32 | | 32 | 4 |
| 7 | 6 | 5 | | 3 | | |
| | 47 | | 35 | 7 | 26 | 2 |
| | 7 | 6 | | | 4 | 5 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

**अष्टयोग 6418 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 5 | 7 |
| 2 | 31 | 7 | 31 | 4 | 28 | 2 |
| 7 | 5 | 3 | 6 | 1 | 2 | 4 |
| 5 | 37 | 6 | 33 | 6 | 29 | 3 |
| 6 | 3 | 2 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 3 | 29 | 5 | 32 | 7 | 40 | 5 |
| 1 | 5 | 4 | 3 | 2 | 7 | 6 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

# धर्मशाला में खेलों से मिल रहा पर्यटन को बढ़ावा: अरुण धूमल




**धर्मशाला ( हि.स. )।** धर्मशाला में इंडीस्पो-इंडिया इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन आउटडोर स्पॉर्ट्स इक्विपमेंट्स एंड टेक्नोलॉजी 2024 का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में खेल और खेल से जुड़े उद्योग के माध्यम से हिमाचल प्रदेश में बाह्य खेलों और पर्यटन को बढ़ावा देने को लेकर चर्चा हुई। कार्यक्रम में के आईपीएल के अध्यक्ष अरुण धूमल बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। उन्होंने धर्मशाला खेल और खेल से जुड़े पर्यटन क्षेत्र में अपार संभावनाओं को लेकर चर्चा की। इसके साथ ही अरुण धूमल ने हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के सफर के बारे में बताया कि किस तरह से हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन ने धर्मशाला में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम बनाया जिससे धर्मशाला को विश्व के नक्शे में एक खास पहचान मिली।इसके बाद कार्यक्रम में अलग-अलग सैशन में कई विषयों पर चर्चा की गई। बाह्य खेलों का भविष्य: नवाचार सतत् विकास और आर्थिक प्रभाव। इस सेशन में आईपीएल के अध्यक्ष अरुण धूमल, साइट इंडिया के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रोहित चोपड़ा, नगर निगम धर्मशाला के आयुक्त जफर इकबाल और वायर ड्रॉइंग डेवलपमेंट सोसाइटी के इवेंट सेक्रेटरी जगदीप भल्ला ने खेलों के भविष्य और सतत् विकास को लेकर चर्चा की। इस दौरान धर्मशाला में ही खेलों का और उनसे जुड़े पर्यटन की संभावनाओं पर चर्चा की गई। बाह्य खेलों में सतत् प्रक्रिया: रोमांच के साथ जिम्मेदारी सेशन में आठ समुद्रों में सेलिंग कर चुकी लेफ्टिनेंट कमांडर प्रतिभा जमवाल, तीन बार माउंट एवरेस्ट पर चढ़ चुके नेपाल निवासी दावा स्टीवन और एक समाचार पत्र के राज्य संपादक नवनीत शर्मा ने बाह्य खेलों और साहसिक गतिविधियों में अमल में लाई जाने वाली प्रक्रियाओं को लेकर चर्चा की। इसी तरह नई पीढ़ी के खेल उपकरणों में इस्तेमाल होने वाली तकनीकें विषय सहित बाह्य खेलों की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा: लघु उद्योगों के लिए अवसर और चुनौतियां, सुरक्षा मानक और प्रमाणीकरण, बाह्य खेलों में युवाओं के लिए अवसर और चुनौतियां विषयों पर भी विशेषज्ञों ने चर्चा की। इसके बाद सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया और आयोजक जगदीप भल्ला ने कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी का धन्यवाद किया। भारत सरकार के लघु उद्योग विभाग के अनुभाग अधिकारी हेमंत शर्मा कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन वायर ड्रॉइंग डेवलपमेंट सोसायटी ने भारत सरकार के लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के समर्थन के साथ किया।

## आज से शुरू होगी टिकटों की बिक्री

**धर्मशाला ( हि.स. )।** धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में सात मार्च से शुरू हो रहे टेस्ट मैच के लिए ऑफलाइन टिकट की बिक्री तीन मार्च से शुरू होगी। क्रिकेट स्टेडियम के एचपीसीए बॉक्स आफिस में यह टिकट सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक उपलब्ध रहेंगी। एचपीसीए के सचिव अवनीश परमार ने बताया कि दर्शकों को प्रतिदिन के हिसाब से टिकटें बेची जाएंगी। छात्रों के लिए टिकट का रेट 100 रूपए प्रतिदिन रखा गया है। एक छात्र एक दिन की सिर्फ दो टिकट खरीद सकता है। छात्रों को बतौर पहचान पत्र अपना आई कार्ड और आधार कार्ड साथ लाना होगा। वहीं आम लोगों के लिए भी तीन मार्च से ही मैच की टिकटें बिक्री के लिए उपलब्ध रहेंगी।

## टेस्ट मैच के लिए आज धर्मशाला पंहुच जाएंगी भारत और इंगलैंड की टीमें

**धर्मशाला, ( हि.स. )।** धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में भारत-इंग्लैंड के बीच सात से 11 मार्च तक खेले जाने वाले सीरिज के आखिरी टेस्ट मैच के लिए भारत और इंगलैंड की टीमें तीन मार्च को धर्मशाला पहुंच जाएंगी। तय कार्यक्रम के मुताबिक दोनों ही टीमों के खिलाड़ी और मैच आफिशियल चंडीग? से स्पाइसजेट की फलाइट से सुबह करीब साढ़े नौ बजे गगल एयरपोर्ट पर पंहुचेंगे। दोनों ही टीमों को गगल एयरपोर्ट से सीधा धर्मशाला के साथ लगते कंडी स्थित होटल रेडिसन ब्लू में लाया जाएगा। दोनों ही टीमें इसी होटल में ठहरेंगी। उधर मैच से पूर्व तीन दिन यानि चार मार्च से छह मार्च तक दोनों ही टीमें सुबह और दोपहर बाद के सत्रों में बारी बारी अभ्यास करेंगी। गौरतलब है कि धर्मशाला में सात मार्च से 11 मार्च तक खेले जाने वाला यह मैच सीरिज का पांचवां व आखिरी मैच है। पांच मैचों की इस सीरिज में अब तक चार मैच खेले जा चुके हैं जिनमें भारत ने तीन मैच जीतकर सीरिज अपने नाम कर ली है। अब धर्मशाला में आखिरी मैच जीतकर टीम इंडिया इस फासले को चार-एक करने के मकसद से उतरेगी। वहीं इंगलैंड सीरिज के आखिरी मैच को जीतकर इसे तीन दो करने के लिए जोर लगाएगी। **दोनों टीमों का प्रैक्टिस शैडयूल, चार से छह मार्च तक दो सत्रों में बहाऐंगे खिलाड़ी पसीना** : धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाने वाले सीरिज के पांचवां व आखिरी टेस्ट मैच से पूर्व दोनों ही टीमें तीन दिन जमकी पसीना बहाएंगी। तय कार्यक्रम के मुताबिक चार मार्च को सुबह के सत्र में टीम इंडिया सुबह साढ़े नौ बजे से साढ़े 12 बजे तक प्रैक्टिस सैशन में हिस्सा लेगी जबकि दूसरे सैशन में दोपहर बाद डेढ़ बजे से साढ़े चार बजे तक इंगलैंड की टीम प्रैक्टिस करेगी। इसी तरह पांच मार्च को सुबह के सत्र में इंगलैंड जबकि दूसरे सैशन में भारतीय टीम की टीम प्रैक्टिस करेगी। छह मार्च को टीम इंडिया सुबह के सैशन में जबकि इगलैंड की टीम दूसरे सत्र में प्रैक्टिस के लिए स्टेडियम पंहुचेंगी। **धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा दूसरा टेस्ट मैच :** धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाने वाला यह अब तक दूसरा टेस्ट मैच होगा। इससे पूर्व धर्मशाला में एकमात्र टेस्ट भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला गया है। वर्ष 2017 में 25 से 28 मार्च के बीच धर्मशाला में पहला टेस्ट मैच भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला गया था जिसमें भारत ने आठ विकेट से शानदार जीत हासिल की थी। इस मैच में ऑलरांउडर रविंद्र जडेजा को प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब मिला था जिन्होंने दो पाररियों में चार विकेट लिए और पहली पारी में 63 रनों का भी अहम योगदान दिया था। भारत के बेहतर प्रदर्शन से यह मैच चार दिनों में ही खत्म हो गया था।




## पेरिस 2024 के लिए तैयार हुआ ओलंपिक गांव

**पेरिस ( हि.स. )।** पेरिस 2024 के लिए ओलंपिक गांव एथलीटों के स्वागत को तैयार है। 52 हेक्टेयर का यह गांव, सेंट्रल पेरिस के उत्तर में स्थित है और सेंट-डेनिस, सेंट-ओवेन और इले-सेंट-डेनिस की नगर पालिकाओं में फैला हुआ है, जो पैरालिंपिक के लिए 9,000 एथलीटों और उनके कर्मचारियों का स्वागत करने से पहले ओलंपिक के दौरान लगभग 14,500 एथलीटों और उनके कर्मचारियों की मेजबानी करेगा। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन ने गुरुवार को ओलंपिक गांव का निरीक्षण किया। मैक्रॉन ने कार्यकर्ताओं से मुलाकात के बाद संवाददाताओं से कहा कि यह एक प्रदर्शन है कि हमने अपनी प्रतिबद्धताओं का सम्मान किया है। खेलों के बाद, गांव को 2,800 अपार्टमेंटों के साथ एक पर्यावरण-अनुकूल क्षेत्र में बदल दिया जाएगा, जिसमें दो स्कूल, एक होटल, एक सार्वजनिक पार्क, दुकानें और कार्यालय, साथ ही पैदल चलने वालों और गैर-मोटर चालित वाहनों के लिए वृक्षारोपण क्षेत्र शामिल होंगे। सिन्हुआ के अनुसार, 2,800 अपार्टमेंट में से लगभग एक तिहाई निजी घर मालिकों को बेचा जाएगा, जबकि एक तिहाई सार्वजनिक आवास के लिए होगा, और बाकी किराये के लिए होगा। निर्माणकर्ताओं ने कहा कि खेलों के बाद गांव के 6,000 निवासियों को लाभ होगा। ओलंपिक के बुनियादी ढांचे को वितरित करने के प्रभारी कंपनी सोलिडियो के जनरल डायरेक्टर निकोलस फेरैंड ने कहा कि फ्रांसीसी निर्माण उद्योग जो कर सकता है, यह उसकी उत्कृष्ट कृति है। कम कार्बन कंक्रीट, लकड़ी के ढांचे और नवीकरणीय भू-तापीय हीटिंग का उपयोग करके, आयोजकों का दावा है कि गांव अपने जीवनकाल में मानक निर्माण तकनीकों के साथ निर्मित समकक्ष की तुलना में लगभग आधा कार्बन उत्सर्जन पैदा करेगा। गांव में अन्य पर्यावरणीय नवाचारों में पानी को रीसाइक्लिंग करने के लिए एक मिनी जल-प्रसंस्करण संयंत्र शामिल है जिसका उपयोग 9,000 से अधिक पेड़ों और झाड़ियों पर किया जाएगा जो साइट पर लगाए जाने वाले हैं। पेरिस को खेलों से सम्मानित किए जाने के बाद फेरैंड ने सात साल की यात्रा का समापन करते हुए, पेरिस 2024 के अध्यक्ष टोनी एस्टांगुएट को गांव की एक प्रतीकात्मक चाबी सौंपी। आयोजक अगले चार महीनों में गांव को 300,000 से अधिक फर्नीचर और सजावट की वस्तुओं से सुसज्जित करेंगे।

## चीन में खिताब का बचाव करने के लिए उत्सुक : हार्दिक सिंह

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** पुरुष एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2024 का आयोजन 8 से 17 सितंबर 2024 तक हुलुनबुइर शहर, इनर मंगोलिया, पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना में होगा। जो टीमें इस संस्करण में हिस्सा ले रही हैं, उनमें चीन, जापान, कोरिया, मलेशिया, पाकिस्तान और मौजूदा चैंपियन भारत हैं। टूर्नामेंट के महत्व पर भारतीय पुरुष हॉकी टीम के उप-कप्तान हार्दिक सिंह ने कहा कि एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी एक प्रतिष्ठित टूर्नामेंट है जहां टीमें एशिया की सर्वश्रेष्ठ हॉकी टीम होने का दावा करने के लिए संघर्ष करती हैं। हमारा लक्ष्य दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम बनना है, और उस यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम ट्रॉफी को बरकरार रखना और एशिया में सर्वश्रेष्ठ टीम के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करना होगा। भारत ने 3 से 12 अगस्त तक चेन्नई में आयोजित एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी चेन्नई 2023 के पिछले संस्करण का खिताब जीता था, वे 4 जीत और 1 ड्रा के साथ पूल में शीर्ष पर रहे।

## सीसीआई स्नूकर क्लासिक: कमल चावला ने इशप्रीत चड्ढा को 5-0 से हराया, आडवाणी व रावत अंतिम 8 में

**मुंबई, ( हि.स. )।** क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित स्नूकर क्लासिक 2024 में गुरुवार शाम को कमल चावला ने 16वें राउंड के सर्वश्रेष्ठ 9-फ्रेम मैच में इशप्रीत सिंह चड्ढा के खिलाफ 5-0 से शानदार जीत दर्ज कर अंतिम 8 में प्रवेश किया। 12.5 लाख रुपये की पुरस्कार राशि वाला यह टूर्नामेंट सीसीआई के सर विल्सन जोन्स बिलियर्ड्स हॉल में खेला जा रहा है। लंबे, दुबले-पतले चावला बुनियादी बातों पर अड़े रहे और उन्होंने चड्ढा के खिलाफ सरलता बनाए रखी, जो आश्चर्यजनक रूप से मुकाबला करने में असफल रहे। चावला ने छोटे लेकिन उपयोगी ब्रेक बनाने के अवसरों का फायदा उठाया, जिससे उन्हें 83-4, 53-36, 92-5, 70-14 और 77-14 के अच्छे स्कोर से जीत हासिल करने में सफलता मिली। मौजूदा चैंपियन पंकज आडवाणी ने युवा दिग्विजय कादियान को 5-3 (37-81, 83-40, 41-83, 6-98, 94-2, 73-23, 67-5 और 94-34) से हराया। आठवें फ्रेम में आडवाणी को 72 का एकमात्र ब्रेक मिला, जबकि कादियान को चौथे फ्रेम में 94 का ब्रेक मिला। बहरीन क्यूइस्ट और आईबीएसएफ वर्ल्ड मास्टर्स स्नूकर चैंपियन हबीब सबा, लक्ष्मण रावत से 3-5 से हारकर बाहर हो गए। लक्ष्मण ने चुनौती स्वीकार की और बहरीन के खिलाड़ी को मात देने के लिए 80, 60 और 66 के ब्रेक बनाए, जिन्होंने थोड़ा संघर्ष किया, और 54 का केवल एक बड़ा प्रयास ही कर पाए। रावत ने 60-69, 60-66, 80-48, 64-36, 88-49, 77-19, 45-71 और 81-54 से जीत पक्की की। इस बीच, घरेलू चुनौती देने वाले हसन बादामी का शानदार प्रदर्शन समाप्त हो गया क्योंकि उन्हें 16वें राउंड में तमिलनाडु के विजय निचानी के हाथों 3-5 से हार का सामना करना पड़ा। निचानी और बादामी दोनों ने अपने सर्वश्रेष्ठ से काफी नीचे खेला और कुछ आसान पॉट गँवाए और परिणामस्वरूप मैच में एक भी उल्लेखनीय ब्रेक नहीं हुआ। नाचानी, जो तीसरे फ्रेम में 47 ब्रेक लेने में सफल रहे, ने 21-71, 65-48, 79-29, 13-77, 67-39, 14-67, 51-30 और 62-43 से जीत हासिल की। मुंबई के प्रतिभाशाली 21 वर्षीय क्यूइस्ट रेयान रजमी ने अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखा और जे. वरुण कुमार को 5-1 से हराकर जीत हासिल की।

## ललित ने की शानदार गेंदबाजी, गियर क्रिकेट क्लब ने जीता मैच

**लखनऊ ( हि.स. )।** तारा देवी मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मैच में गियर क्रिकेट क्लब ने सोनी क्रिकेट क्लब को 81 रन से हरा दिया। इस मैच में गियर के आल राउंडर ललित मौर्य ने धुआंधार बल्लेबाजी के साथ गेंदबाजी भी शानदार की। गियर क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवर में सात विकेट गवांकर 239 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज नारायण मुकेश ने 29 रन का योगदान दिया। वहीं अरीब ने 21 रन बनाये, जबकि अल्तमश खान ने छह चौका और एक छक्का की मदद से 47 रन बनाये, जबकि अमन सिंह ने 51 रन बनाये। आशुतोष पाल ने 26 रन और ललित ने 29 बाल पर 32 रन बनाये। वहीं सोनी क्रिकेट क्लब की पूरी टीम 158 रन बनाकर ही पवेलियन लौट गयी और गियर ने 81 रन से मैच जीत लिया।

## ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में कसा शिकंजा



नई दिल्ली। न्यूजीलैंड के खिलाफ वेलिंगटन में चल रहे पहले टेस्ट के दूसरे ही दिन ऑस्ट्रेलिया ने मैच पर शिकंजा कस लिया है। ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 383 रन के जवाब में न्यूजीलैंड की पहली पारी केवल 179 रन पर ऑलआउट हुई। इस तरह कंगारू टीम को पहली पारी के आधार पर 204 रन की विशाल बढ़त मिली। दूसरे दिन स्टंप्स तक ऑस्ट्रेलिया ने 8 ओवर में 2 विकेट खोकर 13 रन बनाए और उसकी कुल बढ़त 217 रन हुई। स्टंप्स के समय उस्मान ख्वाजा (5*) और नाइट वॉचमैन नाथन लियोन (6*) रन बनाकर खेल रहे थे। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे दिन अपनी पहली पारी 279/9 के स्कोर से आगे बढ़ाई। कैमरून ग्रीन (174*) और जोश हेजलवुड (22) ने आखिरी विकेट के लिए 116 रनों की रिकॉर्ड साझेदारी की और कीवी गेंदबाजों को विकेट के लिए तरसाए रखा। इन दोनों ने न्यूजीलैंड के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की तरफ से 10वें विकेट की सबसे बड़ी साझेदारी की। ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट इतिहास में ग्रीन-हेजलवुड ने 10वें विकेट की चौथी सबसे बड़ी साझेदारी की। मैट हेनरी ने जोश हेजलवुड को रचिन रवींद्र के हाथों कैच आउट कराकर ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी का अंत किया। न्यूजीलैंड की तरफ से मैट हेनरी ने सबसे ज्यादा 5 विकेट लिए। विलियम ओ रोरके और स्कॉट कुजलेजिन ने दो-दो विकेट लिए। रचिन रवींद्र के खाते में एक विकेट आया। न्यूजीलैंड की पहली पारी की शुरुआत बेहद खराब रही। मिचेल स्टार्क ने पांचवें ओवर में टॉम लैथम (5) को क्लीन बोल्ड किया। इसी ओवर की आखिरी गेंद पर केन विलियमसन दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से रन आउट हुए। विलियमसन खाता नहीं खोल पाए। जोश हेजलवुड ने रचिन रवींद्र को लियोन के हाथों कैच आउट कराकर न्यूजीलैंड को तीसरा झटका दिया। रवींद्र भी खाता नहीं खोल सके। न्यूजीलैंड ने केवल 29 रन के स्कोर पर पांच विकेट गंवा दिए थे। ग्लेन फिलिप्स (71) और मैट हेनरी (42) ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों का कुछ हद तक सामना कर सके, लेकिन अन्य बल्लेबाजों ने निराश किया। न्यूजीलैंड की पारी 43.1 ओवर में 179 रन पर ऑलआउट हो गई। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से नाथन लियोन ने सबसे ज्यादा चार विकेट लिए। जोश हेजलवुड को दो विकेट मिले। मिचेल स्टार्क, पैट कमिंस और मिचेल मार्श को एक-एक सफलता मिली। न्यूजीलैंड को सस्ते में समेटने के बाद ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी की शुरुआत खराब रही। कीवी कप्तान टिम साउथी ने पहले ओवर की तीसरी गेंद पर स्टीव स्मिथ को क्लीन बोल्ड कर दिया। फिर उन्होंने पांचवें ओवर में मार्नस लाबुशेन (2) को टॉम ब्लंडेल के हाथों कैच आउट कराया। तीसरे दिन देखना होगा कि न्यूजीलैंड कितनी जल्दी ऑस्ट्रेलिया को समेट पाएगी। वैसे, मौजूदा दृश्य में ऑस्ट्रेलिया टेस्ट जीतने का प्रबल दावेदार नजर आ रहा है।

## आईवीपीएल: दिल्ली ने राजस्थान को 27 रनों से हराया

ग्रेटर नोएडा, 1 मार्च (हि.स.)। इंडियन वेटरन प्रीमियर लीग (आईवीपीएल) का पहला सीजन आधे से ज्यादा पूरा हो चुका है। गुरुवार को वीवीआईपी उत्तर प्रदेश ने जहां अपनी चौथी जीत दर्ज करने के बाद सेमीफाइनल का टिकट पक्का किया। वहीं 13वें मुकाबले में रेड कार्पेट दिल्ली ने राजस्थान लेजेंड्स को 27 रन से हराकर अपनी तीसरी जीत दर्ज कर ली। इस मुकाबले में पहले खेलते हुए रेड कार्पेट दिल्ली ने निर्धारित 20 ओवर में 3 विकेट गंवाकर 247 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया। इस लीग में दिल्ली के बल्लेबाज रिचर्ड लेवी ने सीजन में अपना दूसरा शतक ठोका। वहीं श्रीलंका के पूर्व दिग्गज आसेला गुणारत्ने ने भी बेहतरीन अर्द्धशतकीय पारी खेली। रिचर्ड लेवी ने अपनी शतकीय पारी में 53 गेंदों का सामना किया और शानदार 116 रन बनाए। उनकी इस पारी में 10 चौके और 8 छक्के शामिल थे। उनके अलावा गुणारत्ने ने 53 गेंदों पर नाबाद 85 रन बनाए और अपनी पारी में 6 चौके और उतने ही छक्के जड़े। दिल्ली की शुरुआत अच्छी नहीं थी और पहली गेंद पर ही श्रीसंत ने कप्तान हर्षेल गिब्स को क्लीन बोल्ड कर दिया था। यहां से बिपुल शर्मा (32 रन 19 गेंद) ने पारी को लेवी के साथ आगे बढ़ाया। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 81 रन जोड़े। फिर सीकुगे प्रसन्ना ने बिपुल का विकेट झटका और क्रीज पर आए गुणारत्ने। यहां से उनके और रिचर्ड लेवी के बीच हुई तीसरे विकेट के लिए 155 रन की साझेदारी। इसकी बदौलत दिल्ली ने 247 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया। जवाब में 248 रन के मुश्किल लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान लेजेंड्स की शुरुआत धीमी रही। भेराराम और सीकुगे प्रसन्ना ने पहले 3 ओवर में 24 रन ही बनाए। चौथे ओवर की पहली गेंद पर टीम को पहला झटका कपिल राणा ने दिया और भेराराम को 4 के स्कोर पर पवेलियन भेज दिया।

## आईपीएल 2024: कोलकाता नाइट राइडर्स का मुख्य प्री-सीजन कैंप 15 मार्च से

**कोलकाता ( हि.स. )।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के लिए कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का मुख्य प्री-सीजन कैंप 15 मार्च से कोलकाता में शुरू होगा। केकेआर ने शुक्रवार को उक्त जानकारी दी। दो बार की चैम्पियन केकेआर का आईपीएल 2024 अभियान 23 मार्च को अपने घरेलू मैदान ईडन गार्डन्स में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शुरू होगा। फ्रेंचाइजी ने अपडेट में आगे कहा कि उनके कुछ घरेलू भारतीय खिलाड़ी नवी मुंबई में चल रहे डीवाई पाटिल टी20 कप में खेल रहे हैं। परिणामस्वरूप, केकेआर के सहायक कोच अभिषेक नायर ने इस सप्ताह के लिए मुंबई में केकेआर अकादमी में एक अस्थायी प्रशिक्षण सुविधा स्थापित की है। वर्तमान में सप्ताह भर के सत्र के लिए मुंबई में केकेआर अकादमी में मौजूद खिलाड़ियों में उप-कप्तान नीतीश राणा, रिंकू सिंह, वरुण चक्रवर्ती, सुयश शर्मा, अनुकूल रॉय, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, साकिब हुसैन और रमनदीप सिंह शामिल हैं। कोलकाता स्थित फ्रेंचाइजी, जिसकी कप्तानी श्रेयस अय्यर करेंगे, ने यह भी कहा कि वे मुख्य प्री-सीजन कैंप के लिए कोलकाता में खिलाड़ियों के आगमन के बारे में अपडेट साझा करेंगे, जिसमें उनके विदेशी खिलाड़ी भी शामिल होंगे। केकेआर पिछले दो सीजन में आईपीएल प्लेऑफ़ में जगह बनाने में विफल रहा है, और पिछले साल दुबई में आईपीएल 2024 प्लेयर नीलामी में, उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क की सेवाओं के लिए 24.75 करोड़ रुपये खर्च किए। इस बीच, दिल्ली कैपिटल्स ने गुरुवार से अरुण जेटली स्टेडियम में अपना मिनी प्री-सीजन कैंप शुरू किया, जहां उन्होंने एक इंट्रा-स्क्वाड मैच खेला और अपने व्यक्तिगत कौशल प्रशिक्षण पर ध्यान केंद्रित किया।

## इंडियन ओपन गोल्फ 28 से 31 मार्च तक दुनिया भर के 144 पेशेवर गोल्फर होंगे शामिल




**नई दिल्ली ( हि.स. )।** भारतीय गोल्फ संघ ने शुक्रवार को देश के राष्ट्रीय ओपन और प्रमुख गोल्फ टूर्नामेंट- इंडियन ओपन के कार्यक्रम की घोषणा की, जो 28-31 मार्च तक गुरुग्राम के डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब में आयोजित किया जाएगा। इस टूर्नामेंट में अमन राज, मनु गंडास और अन्य 31 भारतीय प्रतिभागियों सहित दुनिया भर के 144 पेशेवर गोल्फर शामिल होंगे। हालाँकि, आयोजन के लिए खिलाड़ियों की सूची की अभी भी पुष्टि नहीं हुई है। कोविड-19 प्रतिबंधों के कारण 2020 से 2022 तक तीन साल के अंतराल के बाद, 2023 में डीएलएफ जीसी में टूर्नामेंट की वापसी हुई थी, जहां जर्मन खिलाड़ी मार्सेल सिएम ने जीत हासिल की। यह टूर्नामेंट 2024 में 2 मिलियन अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि के साथ अपना 57वां संस्करण आयोजित करेगा। भारतीय गोल्फ संघ के अध्यक्ष ब्रिजिंदर सिंह ने यहां आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि मुझे हीरो इंडियन ओपन 2024 की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। यह हमारा प्रमुख कार्यक्रम है और हम इससे मिलने वाले उत्साह और सौहार्द की प्रतीक्षा कर रहे हैं। आइए इस आयोजन को यादगार बनाएं। उन्होंने आगे कहा कि हीरो इंडियन ओपन भारतीय गोल्फ कैलेंडर में एक शिखर के रूप में खड़ा है जो एक ऐसा मंच प्रदान करता है जहां हमारे शीर्ष गोल्फर अपनी प्रतिभा दिखा सकते हैं और साथ ही प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों से सीख सकते हैं। यह आयोजन लगातार कौशल, खेल कौशल और सौहार्द का मिश्रण लेकर आया है जिससे ऐसे माहौल को बढ़ावा मिला है जिससे भारत में गोल्फ का स्तर ऊंचा हुआ है।

## वर्ल्ड स्केटबोर्डिंग टूर 2024 में सबसे कम उम्र की प्रतियोगी बनीं भारत की 8 वर्षीय जराह ग्लेडिस

**नई दिल्ली, ( हि.स. )।** भारत की जराह ऐन ग्लेडिस महज आठ साल की उम्र में दुबई में वर्ल्ड स्केटबोर्डिंग टूर 2024 में सबसे कम उम्र की प्रतियोगी बन गई हैं। जराह ने महिला पार्क इवेंट में भाग लिया, क्वालिफिकेशन राउंड के दौरान 8.50 का स्कोर हासिल किया और बुधवार को 63 प्रतियोगियों में से 61 वां स्थान हासिल किया। पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए अपनी ओलंपिक विश्व स्केट रैंकिंग में सुधार करने के इच्छुक स्केटबोर्डर्स के लिए दुबई मीट एक महत्वपूर्ण प्रतियोगिता है। ओलंपिक्स डॉट कॉम के मुताबिक, चार साल की उम्र में स्केटबोर्डिंग शुरू करने वाली जराह ने पिछले साल रोम में स्केटबोर्डिंग पार्क वर्ल्ड चैंपियनशिप 2023 में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पदार्पण किया था, जहां उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 10.66 था। मूल रूप से केरल की रहने वाली जराह, जो वर्तमान में संयुक्त अरब अमीरात में रहती हैं, ने अपने दोस्तों से प्रेरित होकर कोविड-19 महामारी के दौरान स्केटबोर्डिंग शुरू की। तब से, उसने कई स्थानीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लिया है, और संयुक्त अरब अमीरात में अलजादा स्केट जैम और सर्किट एक्स्स जैसे आयोजनों में खिताब हासिल किया है। उन्होंने दिसंबर 2022 में अंडर-9 आयु वर्ग में भारत की राष्ट्रीय रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में रजत पदक भी जीता। इस युवा लड़की ने अपनी प्रभावशाली स्केटिंग क्षमताओं से दुनिया भर के लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया है। उनके सोशल मीडिया पोस्ट में उनके बोर्ड पर अलग-अलग ऊंचाइयों से छलांग लगाने और कुशलता के साथ सफलतापूर्वक किकफ्लिप पूरा करने के वीडियो शामिल हैं।


World Health Organization
unicef
National Health Mission
सत्यमेव जयते
Government of Assam
Directorate of Health Services (FW)
Department of Health & Family welfare
Let the victory over Polio continue with two drops of life
Polio Day
3 March 2024
Sunday
In all districts
Ensure every child upto 5 years of age gets polio drops every time
Dr Himanta Biswa Sarma
Chief Minister, Assam
Ensure your child's complete protection. Make sure polio vaccine is given every time so that India maintains its victory over Polio.
To know more, please contact ASHA/ANM/Anganwadi Worker
National Immunization Day will be observed in all Districts of the State
Published by Directorate of Information & Public Relations, Assam
Connect with us @diprassam dipr.assam.gov.in
Subscribe to Asom Barta
Whatsapp 'Assam' at 8287912158
-- Janasanyog /D/18662/ 23/2-Mar-24


সত্যমেৱ জয়তে
অসম চৰকাৰ
মুখ্যমন্ত্ৰী মহিলা উদ্যমিতা অভিযান
লাখপতি বাইদেউ
আপুনি প্ৰপত্ৰ পূৰণ কৰিলেনে?
প্ৰপত্ৰ জমা দিয়াৰ ক্ষেত্ৰত জানিবলগীয়া
১ প্ৰপত্ৰ জমা লোৱাৰ তাৰিখ
২, ৩, ৪, ৫ আৰু ৬ মাৰ্চ ২০২৪
২ স্থান
আবেদনকাৰীৰ নিকটৱৰ্তী আত্মসহায়ক গোটৰ গ্ৰাম্য সংগঠন কাৰ্যালয়/মণ্ডল পৰ্যায় সংগঠন কাৰ্যালয়/ সংশ্লিষ্ট খণ্ড উন্নয়ন বিষয়াৰ কাৰ্যালয়
৩ প্ৰপত্ৰ
সম্পূৰ্ণৰূপে পূৰণ হোৱাটো বাঞ্ছনীয়
৪ গুৰুত্বপূৰ্ণ দিশ
অমৃত বৃক্ষৰ ফটো
স্বাক্ষৰিত সংকল্প-পত্ৰ
ব্যৱসায়িক পৰিকল্পনা
আবেদনকাৰীৰ ফটো
৫ নাকচ
অসম্পূৰ্ণ প্ৰপত্ৰ
জমা দিবলগীয়া নথি
সদস্যাৰ লগতে অমৃত বৃক্ষ আন্দোলনৰ সময়ত ৰোপণ কৰা গছপুলিটোৰ বৰ্তমান সময়ৰ জিও টেগ ফটো প্ৰপত্ৰত লগাই দিব লাগিব
ব্যৱসায়িক পৰিকল্পনা আৰু বেংক পাছবুকৰ প্ৰথম পৃষ্ঠাৰ প্ৰতিলিপি প্ৰপত্ৰৰ লগত গাঁঠি দিব লাগিব
সহায়
প্ৰয়োজন সাপেক্ষে প্ৰপত্ৰ পূৰণত জীৱিকা সখী, পশু সখী, কৃষি সখী আদি সখী বাইদেউসকলে সহায় কৰিব
-- Janasanyog /D/ 18654 / 23/2-Mar-24
তথ্য আৰু জনসংযোগ সঞ্চালকালয়, অসমৰ দ্বাৰা প্ৰচাৰিত
Connect with us @diprassam dipr.assam.gov.in